हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

इंदौर में तीसरे टी20 में 18 गेंदों पर जड़ा अर्धशतक



अभिषेक शर्मा ने 1,024 गेंदों में पूरे किए 2,000 टी20 अंतरराष्ट्रीय रन

इंदौर। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 2,000 रन पूरे कर इतिहास रच दिया है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में तीसरे टी20 मुकाबले के दौरान उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 26 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने महज 1,024 गेंदों में 2,000 रन पूरे किए। इससे ▸▸शेष पेज 4 पर

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

द्वितीयःमां ब्रह्मचारिणी



या देवी सर्वभूतेषु मां ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।



पीएम मोदी ने चेन्नई के मंदिर में की पूजा-अर्चना

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चेन्नई के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास परिसर स्थित एक मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के साथ श्री जलकंठेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पीएम का स्वागत पारंपरिक वाद्य संगीत के साथ किया गया। पुजारियों ने श्रीकृष्ण और श्री राम को समर्पित श्रीचक्र के महत्व के बारे में भी बताया। ▸▸पढ़ें पेज 07 भी

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

कहा-मेट्रो-रेल और इंटरनेट सेवाएं चालू रखें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हिरासत 'गलत'

अदालत ने निर्देश दिया कि जहां निषेधाज्ञा लागू नहीं है, वहां शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून की प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए, यदि अदालत परिसर के आसपास धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा से संबंधित बोर्ड हटाएं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने निर्देश दिया कि शांतिपूर्ण और निहत्थे प्रदर्शनकारियों को कानून में निर्धारित प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए।

अदालत ने मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट सेवा निर्बाध जारी रखने तथा लोगों की आवाजाही में अनावश्यक बाधा नहीं डालने को कहा। साथ ही, यातायात और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैरिकेडिंग की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अन्य वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा, जंतर-मंतर से करीब चार किलोमीटर दूर तक हिरासत ▸▸शेष पेज 4 पर



वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लोगों को ट्रेनों से उतारा और जबरिया बस में बिठाया



दूसरे दिन भी दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान युवती को ले जातीं पुलिस

मेट्रो सेवाओं से जुड़े अपने 9 अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी

किस-किस को भेजा गया नोटिस?

शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय गृह सचिव, दिल्ली पुलिस कमिश्नर और दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया

मेट्रो-रेल और इंटरनेट पर पाबंदी नहीं:केंद्र

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मेट्रो और रेल सेवाओं को पूरी तरह बंद करने के बजाय जरूरत पड़ने पर नियंत्रित किया जा सकता है। प्रतिबंध केवल सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की वास्तविक जरूरत और संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होने चाहिए। अदालत ने इंटरनेट सेवाएं भी बिना बाधा जारी रखने को कहा, ताकि लोग हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त कर सकें। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से बताया कि 10 अक्टूबर को दिल्ली मेट्रो की 4,750 ट्रेन सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चलाई गईं। उन्होंने कहा कि कुल 303 स्टेशनों में से 47 स्टेशनों पर बंदिशें लगाई गई थीं और शनिवार रात 10 बजे से सभी स्टेशन खुले हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश की बड़ी बातें

- जब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर बेहद जरूरी न हो, तब तक शहर में बैरिकेड्स न लगाएं, इस फैसले की तुरंत समीक्षा की जाए।
- इंटरनेट सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रहें
- लोगों और ट्रैफिक की आवाजाही की अनुमति हो
- मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलनी चाहिए, जब तक कि कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को देखते हुए प्रतिबंध लगाने की जरूरत न हो
- सुप्रीम कोर्ट के आसपास के इलाके में धारा 163 लागू करने से संबंधित बोर्ड को हटा दें। ताकि न्यायालय तक पहुंचने में समस्या न हो
- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनकारियों की अवैध हिरासत नहीं होनी चाहिए। यह सिर्फ कानून के मुताबिक हो।
- बेंच ने निर्देश दिया कि धारा 163 से परे की सीमा में शांतिपूर्ण और निहत्थे जमा हुए लोगों पर कार्रवाई न हो।

एसआईआर और चुनावी अनियमितताओं पर मुलाकात की मांगी थी अनुमति

सीजेआई ने राहुल-खरगे समेत विपक्षी नेताओं से मिलने से किया इनकार



जस्टिस सूर्यकांत



राहुल गांधी

कहा-जिन मुद्दों को विपक्ष उठाना चाहता है, उनके लिए याचिका दायर की जा सकती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं से मुलाकात करने से इनकार कर दिया है। विपक्षी नेताओं ने कथित चुनावी अनियमितताओं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर सीजेआई से मिलने का अनुरोध किया था। सोमवार, 12 अक्टूबर को ▸▸शेष पेज 4 पर

राहुल गांधी ने किया मार्च का ऐलान

इससे पहले राहुल गांधी ने रविवार शाम सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शनिवार को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे युवाओं के साथ पुलिस और भाजपा से जुड़े लोगों ने मारपीट की। राहुल ने इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि ▸▸शेष पेज 4 पर

हिरासत से रिहाई के बाद एक साल तक शांति भंग नहीं करने की शर्त पर अभिजीत दीपके का दावा

कोई बॉन्ड नहीं भरा फिर सड़कों पर उतरेंगे



अभिजीत दीपके

10 अक्टूबर को इस तानाशाही के अंत की शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संयोजक अभिजीत दीपके ने साफ कर दिया है कि उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बांड नहीं भरा है, जिसमें प्रदर्शन नहीं करने की शर्त हो। दीपके ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर ▸▸शेष पेज 4 पर



राजधानी के प्राचीन एवं प्रख्यात शीतला माता मंदिर का अद्भुत दृश्य, यहां हर वर्ष पहुंचते हैं सैकड़ों श्रृद्धालु...









शीतला माता।

माता मंदिर : नवाबी दौर से जुड़ा है प्राचीन मंदिर का इतिहास, नवरात्र में दोगुनी हो जाती है श्रद्धालुओं की संख्या

खजूर के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थीं शीतला माता, मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु अर्पित करते हैं घंटे और स्वास्तिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नए शहर के माता मंदिर क्षेत्र में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां मां शीतला खजूर के पेड़ के नीचे प्रकट हुई थीं। मंदिर में मां शीतला पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं। साथ ही मां काली, मां दुर्गा और भगवान राम के मंदिर सहित शनि दरबार भी है। नवरात्र में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है, जबकि सालभर श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते हैं।

मंदिर के नाम से पहचाना जाता है पूरा इलाका

मंदिर के पुजारी पं. विजय चतुर्वेदी के मुताबिक, सामान्य दिनों में यहां 250 से 300 श्रद्धालु आते हैं। नवरात्र में यह संख्या दोगुनी हो जाती है। मुख्य सड़क पर स्थित होने से राहगीर और वाहन चालक भी दूर से मां के दर्शन करते हैं। नई गाड़ी खरीदने के बाद प्रतिदिन चार से पांच लोग पूजा कराने पहुंचते हैं। मंदिर के नाम पर ही आसपास के क्षेत्र और चौराहे की पहचान बनी हुई है।

या देवी सर्व भूतेषु सशक्त महिलाएं

सपना देकर प्रकट हुई थीं माता रानी

पुजारी पं. विजय चतुर्वेदी बताते हैं कि मंदिर का इतिहास नवाबी दौर से भी पुराना है। मान्यता के अनुसार, मां शीतला ने उनके परदादा को सपने में दर्शन देकर खजूर के पेड़ के नीचे होने का संकेत दिया था। इसके बाद खुदाई कराई गई, जहां से मां की प्रतिमा प्रकट हुई। शुरूआत में यहां छोटी-सी मढ़ियांबनाकर पूजा-अर्चना की जाने लगी। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां के दरबार में मांगी गई मुराद पूरी होती है। मनोकामना पूरी होने पर भक्त मंदिर में ओम, स्वास्तिक, हाथ के पंजे के प्रतीक और पीतल के घंटे लगाते हैं।



कई सालों से आ रहे है

भक्त अंकुर वर्मा ने बताया कि वह कई सालों से माता रानी के दर्शन करने आ रहे है। उनके घर-परिवार की माता रानी में बड़ी अस्था है। मां से जो भी मांगते है। माता रानी हर मुरादें पूरी करती है।



मन्नत की खास परंपरा

मांगने की खास परंपरा माता रानी के दर्शन करने आए भक्त वासुदेव गोस्वामी ने बताया कि यहां दीवार के पीछे जाकर मन्नत मांगने की खास परंपरा है। मान्यता है कि सच्चे मन से मन्नत मांगने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



शारदीय नवरात्र का आगाजः 1200 से अधिक स्थानों पर सजे दुर्गा पंडाल, न्यू मार्केट से जंबूरी मैदान तक उमड़े श्रद्धालु; आज होगी मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

विराजीं मां अम्बे... अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर शुरू हुई मां भगवती की साधना-आराधना



7 नंबर मार्केट स्थित आकर्षक झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शक्ति की साधना और उपासना का शारदीय नवरात्र पर्व रविवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। शुभ योग, रवि योग व चित्रा नक्षत्र में पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना हुई। इस अवसर पर शहर में 1200 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल सजाकर मां दुर्गा और काली की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। यह सिलसिला सुबह 9 बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक चलता रहा। घरों, मंदिरों से लेकर पंडालों में माता की 9 दिवसीय आराधना के लिए अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। शहर में 25 से अधिक मंदिरों में अब तक 1465 से ज्यादा मनोरथ अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। घट स्थापना, पूजन व आरती के साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। सप्तशती पाठ करने के साथ ही किसी ने एक दिन को तो किसी ने पूरे नौ दिन का निर्जला व्रत रखने का संकल्प लिया। दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर में रविवार से शारदीय नवरात्रि के पावन 9 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालु भक्तगण नर नारियों के सहयोग से प्रारंभ हुआ,प्रथम दिवस माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना के साथ प्रातः 7:00 से वैदिक विद्यमान पंडित वेदांत तिवारी पंडित बाल गोविंद पांडे द्वारा गणेश गौरी पूजन ब्राह्मण देवी देवताओं के आवाहन कर घट स्थापना की गई।



काली मंदिर



काली मंदिर में मौजूद भक्त।

पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना

नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन और धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक व्रत और उपासना का संकल्प लिया। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि पहले दिन विधि-विधान से पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। शहर के काली मंदिर, भवानी मंदिर सोमवारा और माता मंदिर सहित प्रमुख देवी स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।

आज मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को मां ब्रह्मचारिणी की आराधना की जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने कठोर तपस्या की थी। इसी तप के कारण उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। मां के इस स्वरूप की पूजा से साधक को संयम, धैर्य और लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा मिलती है।



नौ दिन तक होंगे जागरण और सांस्कृतिक आयोजन

नवरात्र के साथ ही शहर में देवी जागरण, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। दुर्गा पंडालों और मंदिरों में नौ दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। प्रमुख झांकी स्थलों, चौक-चौराहों और रहवासी कॉलोनियों में की गई आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरा शहर उत्सवी रोशनी में नहा उठा है।

न्यू मार्केट में समुद्र मंथन, जंबूरी मैदान में केदारनाथ धाम

नवरात्र के पहले दिन शहर की प्रमुख झांकियों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। न्यू मार्केट में नागेश्वर मंदिर की थीम पर तैयार झांकी में समुद्र मंथन की पौराणिक लीला दिखाई गई। श्रद्धालुओं ने यहां भगवान शिव के दर्शन भी किए। वहीं भेल के जंबूरी मैदान में भोजपाल महोत्सव मेला समिति की ओर से केदारनाथ धाम की प्रतिकृति बनाई गई है। करीब 85 फीट ऊंची इस झांकी में उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थल की झलक देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विजय मार्केट में कैंची धाम की थीम पर सजी झांकी में श्रद्धालुओं ने बाबा नीम करौली के दर्शन कर उनकी महिमा जानी।

अठारह राजकुमारों के साथ अग्रसेन महाराज, माता माध्वी का रथ बना मुख्य आकर्षण का केंद्र

महाराज अग्रसेन जयंती पर उमड़ा भक्ति-भाव का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में महाराजाधिराज श्री अग्रसेन महाराज जयंती धूमधाम से मनाई गई। आयोजन में श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष मनमोहन मंगल के साथ भोपाल 30 से अधिक सामाजिक संगठनों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और एकता की मिसाल प्रस्तुत की। समिति उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल ने बताया कि महाराज के पूजन के साथ ही समाज के गौरवशाली इतिहास और सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान समाज के प्रति जीवनभर उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य नागरिकों को शॉल, श्रीफल, दुपट्टा एवं रूपेश अग्रवाल महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक स्वरूप तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। शाम को आयोजित चल समारोह में समामजन साफा पहनकर शामिल हुए। अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि डांडिया और भजनों की गूंज के बीच माता महालक्ष्मी की पावन पालकी, रथ पर सवार 18 राजकुमार और माता माधवी की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। मार्ग में 20 से अधिक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति के तत्वावधान में आयोजन

सांसद और महापौर ने किया सम्मान

शोभायात्रा पश्चात पुष्पांजली ओर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह 30 से अधिक बच्चों को महापौर मालती राय एवं सांसद आलोक शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। मोहन गोयल अजय अग्रवाल लाला ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए पौधे वितरण किए। समाज के समाजसेवी मनोभावों घनश्याम गर्ग, बाबूलाल अग्रवाल, हरिवंश सराफ, एड बीके सांघी, एड जयनारायण गुप्ता, एड रवि गोयल, सूर्यकांत गुप्ता मनोज राठौर, विकास सोनी, कैलाश अग्रवाल मोहन बल्लभ हरि गोयल सहित समाज सेवियों का सम्मान किया गया।



कमला पार्क में अग्रसेन जयंती पर सांसद की मौजूदगी में माल्यार्पण।

बॉलीवुड, टीवी अभिनेत्री शुभांगी अत्रे, हेमा शर्मा, कविता कौशिक और काम्या पंजाबी मचाएंगी धमाल

सवा लाख किलोवॉट साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड पर गरबा प्रेमियों और प्रतिभागियों के थिरकेंगे कदम

भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सवः आज से भव्य आगाज भेल जम्बूरी मैदान पर 18 तक मचेगी धूम, लोगों में जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के भेल जम्बूरी मैदान पर 12 अक्टूबर से भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का भव्य आगाज होने जा रहा है। दो दिन की फायनल रिहर्सल के बाद सोमवार से गरबे की धूम मचेगी। गरबा महोत्सव में मुंबई की बॉलीवुड और टीवी अभिनेत्रियां अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाने आ रही हैं। सवा लाख किलोवॉट साउंड सिस्टम और म्यूजिकल बैंड पर गरबा प्रेमियों और प्रतिभागियों के कदम थिरकने को तैयार हैं। मुख्य आयोजन की पूर्व संध्या पर करीब 1000 ट्रेनी प्रतिभागियों ने भोजपाल गरबा महोत्सव की प्रस्तुति के साथ मां अम्बे की आरती की।



भोजपाल महोत्सव में सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का अभ्यास करते प्रतिभागी।

यह कलाकार देंगे प्रस्तुति

संयोजक विकास वीरानी ने बताया कि भोजपाल सनातनी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव में मुंबई से बालीवुड व टीवी सीरियल की अभिनेत्रियां अलग- अलग दिनों अपनी प्रस्तुति देंगी। 14 अक्टूबर को टीवी सीरियल कलाकार भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे, 16 को बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा शर्मा, 17 को टी वी सीरियल कलाकार कविता कौशिक और 18 को बॉलीवुड अभिनेत्री काम्या पंजाबी अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाने आ रही हैं।

सुरक्षा और पहचान के लिए आधार कार्ड जरूरी

अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि गरबा के दौरान आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों की सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। यहां आने वाले हर सनातनी का चंदन, तिलक लगाकर, कलावा बांधकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा। लोगों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए आयोजन स्थल पर मेडिकल टीम, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, पुलिस बल के साथ ही प्राइवेट सिक्योरिटी, वालंटियर मौजूद रहेंगे।

प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा



गरबा महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसमें सोने-चांदी के आभूषण, टीवी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और ट्रॉली बैग सहित प्रतिदिन दिए जाने वाले अन्य पुरस्कार शामिल हैं। गरबा में शामिल होने वाले आमजन को भी पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें बेस्ट डांस फीमेल, बेस्ट डांस मेल, बेस्ट कस्ट्यूम फीमेल, बेस्ट कस्ट्यूम मेल, बेस्ट पगड़ी, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट किड्स, बेस्ट कपल का पुरस्कार दिया जाएगा तो वहीं आमजन के लिए बेस्ट ग्रुरप का पुरस्कार दिया जाएगा।

भोपाल
सोमवार, 12 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-2
वर्ष : 13, अंक : 192
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज...

विचार पेज
06 सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह...

खबर संक्षेप

रूस-यूक्रेन में ऊर्जा ठिकानों पर सीजफायर होने का दावा

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा ठिकानों पर हमले



रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से सीजफायर लागू होने का दावा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर दोनों देशों से समझौते का उल्लंघन नहीं करने की अपील की। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि यदि रूस यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकता है, तो उनका देश रूसी तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाना बंद कर सकता है। जेलेंस्की ने ठोस गारंटी की जरूरत भी बताई।

अवैध खनन रोकने पहुंची वन टीम पर हुआ पथराव

ग्वालियर। तिघरा थाना क्षेत्र की कालाखेत बीट में अवैध खनन रोकने पहुंची वन विभाग की टीम



पर पथराव किया गया। वनकर्मियों ने आरोप लगाया कि खनन में लगे लोगों ने सरकारी वाहन का रास्ता रोककर जान से मारने और वन चौकी तोड़ने की धमकी दी। घटना शनिवार देर रात की है। गश्त के दौरान मेवाराम गुर्जर दो मजदूरों के साथ छेनी-हथौड़ी से फर्शी पत्थर निकालता मिला। औजार जब्त कर लौटते समय आरोपियों ने पथराव किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर में 175.14 करोड़ के 31 विकास कार्यों की दी सौगात

प्रदेश के 8.19 लाख विद्यार्थियों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए अंतरित किए 502 करोड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा का ही आधुनिक स्वरूप हैं। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक परिवेश को बेहतर बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है

42.52 करोड़ से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय का किया लोकार्पण स्कूल की 15 नई बसों का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ उत्साहित बच्चे स्वागत करते हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बच्चे ही हमारे देश-प्रदेश के भावी कर्णधार हैं। बच्चे और युवा हम सबके सुनहरे भविष्य के चमकते सितारे हैं। हम इनकी शिक्षा-दीक्षा, प्रतिभा प्रोत्साहन और तरक्की में कोई बाधा नहीं आने देंगे। राज्य सरकार आधुनिक शिक्षा सुविधाओं के विस्तार के साथ युवाओं को रोजगार और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश में विकास का कारवां निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नरसिंहपुर में 42.52 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 35.56 लाख से अधिक हितग्राहियों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक से ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रदेश के 35.56 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा हितग्राहियों को दी 213.41 करोड़ रुपए की पेंशन राशि

मालिकाना पट्टे की निःशुल्क रजिस्ट्री की कॉपी वितरित की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना- 2026 के तहत करीब 10 हितग्राहियों को उनके मालिकाना पट्टे की निः शुल्क रजिस्ट्री की कॉपी (चेक सहित) तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 175.14 करोड़ रुपए लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी शामिल है। उन्होंने नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय ▶▶ शेष पेज 4 पर

गुरुकुल परंपरा का ही आधुनिक स्वरूप हैं हमारे सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु हो, तो सांदीपनि जैसा। शिष्य हो, तो कृष्ण जैसा और मित्रता हो, तो कृष्ण-सुदामा जैसी। प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे सांदीपनि विद्यालय हमारी प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति और गुरु-शिष्य परंपरा का ही आधुनिक स्वरूप हैं। राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता और शैक्षणिक परिवेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

सफलता के दिए टिप्स...

सपनों को पूरा करने के लिए किया प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को सफलता के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर पूरी लगन से पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता है और सही दिशा में किए गए प्रयास सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

बहनों, किसानों और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपए की सहायता दी जा रही है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि और ग्रामीण परिवारों ▶▶ शेष पेज 4 पर

बड़वानी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

अपने पद का अहंकार छोड़ें, पुराने कार्यकर्ताओं के संघर्ष को कभी न भूलें

अध्यक्ष, मंत्री या विधायक का पद हमेशा किसी के पास नहीं रहता



हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वानी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को अपने पहले बड़वानी दौरे के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अहंकार से दूर रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष, मंत्री या विधायक का पद हमेशा किसी के पास नहीं रहता। पद मिलने से पहले भी जीवन था और पद से हटने के बाद भी रहेगा। इसलिए पद को स्थायी मानकर अहंकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह किसी पद पर रहें या नहीं, हमेशा कार्यकर्ता बने रहेंगे। संगठन की बैठक में खंडेलवाल ने भाजपा के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि एक समय मंडल स्तर पर दो कार्यकर्ता जुटाना भी मुश्किल होता था।

ईवीएम और एसआईआर पर कांग्रेस को घेरा

बड़वानी और खरगोन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान खंडेलवाल ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव में लगातार मिल रही हार के लिए ईवीएम और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराने के बजाय कांग्रेस को अपने नेताओं और नीतियों की कमियां तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले ईवीएम पर सवाल उठाती थी और अब एसआईआर को लेकर आरोप लगा रही है। पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि एसआईआर के कारण किन मतदाताओं का मतदान का अधिकार छिना है। इस संबंध में चुनाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत

आज पार्टी की मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम है। यह उपलब्धि पुराने कार्यकर्ताओं की तपस्या, त्याग और योगदान का परिणाम है। उनके संघर्ष को भुलाने पर पार्टी अपनी मूल दिशा से भटक सकती है। खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की असली ताकत हैं और बूथ की मजबूती से चुनाव जीतने का रास्ता आसान होता है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

इंदौर में भारत की दमदार जीत, वेस्टइंडीज को 14 रन से रौंदा

अभिषेक शर्मा ने ठोके 69 रन, अर्शदीप नमन धीर ने गेंदबाजी में दिखाया दम



सीरीज में 2-1 की बढ़त चौथा टी-20 मुकाबला 14 अक्टूबर को हैदराबाद में

इंदौर। भारतीय टीम ने रविवार को होलकर स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 14 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। टॉस जीतकर वेस्टइंडीज ने पहले गेंदबाजी चुनी। भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 223 रन बनाए। जवाब में कैरेबियाई टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 209 रन ही बना ▶▶ शेष पेज 4 पर

बागेश्वर धाम से निकली रथयात्रा

पं. शास्त्री ने किया शुभारंभ 5 दिन में 500 किमी का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बागेश्वर धाम से पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा 3.0 रविवार को पन्ना जिले के अजयगढ़ की ओर रवाना हुई। यात्रा से पहले शास्त्री ने बालाजी का पूजन-दर्शन किया। इसके बाद ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और हनुमान



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रथ पर सवार

चालीसा पाठ के साथ यात्रा शुरू हुई। सबसे ▶▶ शेष पेज 4 पर

उड़ान के दौरान पावर बैंक में लगी आग

हैदराबाद में इंडिगो फ्लाइट की हुई 'इमरजेंसी लैडिंग'



धुआं उठने से मचा हड़कंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट में रविवार को एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए विमान को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। घटना में सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। जानकारी के ▶▶ शेष पेज 4 पर

उत्तर-पश्चिमी राजस्थान से उत्तर-पूर्वी मप्र तक ट्रफ सक्रिय

15 अक्टूबर के बाद फिर लौट सकता है बारिश का दौर आज और कल कुछ शहरों में हल्की बारिश के आसार

- भोपाल में दिन में गर्मी रात में ठंडक
- इंदौर की रात सबसे ठंडी
- इंदौर में रात का तापमान प्रदेश में सबसे कम 15.8 डिग्री रहा

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया और श्योपुर में बारिश हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कुछ जिलों में अभी मौसम में बदलाव जारी है। प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से में चक्रवात का असर होने से कुछ जिलों में सोमवार से मंगलवार के बीच बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार एक ट्रफ उत्तर पश्चिमी राजस्थान से उत्तर पूर्वी मप्र तक सक्रिय है।

इससे कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ सोमवार से मंगलवार के ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी का कमला पार्क, शाम 5:29 बजे का दृश्य

इंदौर, भोपाल में दिन में धूप, रात में ठंडक

रविवार रात इंदौर में न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री, अमरकंटक में 16.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 16.9, भोपाल में 17.8 डिग्री, पचमढ़ी में 17.5 डिग्री तक रहा। प्रदेश के शेष जिलों का औसत पारा 20 डिग्री तक रहने से मौसम सामान्य रहा। बारिश वाले जिलों में शामिल, ग्वालियर, ▶▶ शेष पेज 4 पर



सेवानिवृत्त लेखा अधिकारी पर आरोप, बेटे की भूमिका भी संदिग्ध, पुलिस कर रही जांच

मकान बेचने के नाम पर 1.46 करोड़ की ठगी, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा पुलिस ने मकान बेचने के नाम पर 1.46 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में आदर्श शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण में आदर्श शर्मा के बेटे की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। पुलिस का कहना है कि बेटे के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उस पर भी प्रकरण दर्ज किया जा सकता है।



पेमेंट के बाद भी मकान की रजिस्ट्री खरीदार के नाम नहीं कराई

वर्तमान में ज्योतिष का काम करते हैं

पुलिस के अनुसार आदर्श शर्मा भोपाल सहकारी दुग्ध संघ में लेखा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में ज्योतिष का काम करते हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने बेटे अर्पित शर्मा के साथ मिलकर बावड़िया कलां स्थित जय भवानी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के मकान नंबर ए-25 को बेचने का प्रस्ताव एक निजी कंपनी के संचालकों के सामने रखा था। बातचीत के बाद मकान का सौदा 1.46 करोड़ रुपए में तय हुआ। खरीदार पक्ष का दावा है कि उसने तय रकम का पूरा भुगतान कर दिया, लेकिन इसके बावजूद मकान की रजिस्ट्री उसके नाम नहीं कराई गई। शिकायत के अनुसार रकम का भुगतान करने के बाद खरीदारों ने जब मकान की रजिस्ट्री कराने के लिए बार-बार कहा।

पुलिस दस्तावेजों की जांच कर रही

चेक बाउंस होने के बाद कंपनी संचालकों ने आदर्श शर्मा से संपर्क किया और मकान की रजिस्ट्री कंपनी के नाम कराने की मांग की। इस संबंध में दोबारा समझौता भी किया गया, लेकिन इसके बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराई गई। इसके बाद फरियादी ने पुलिस से शिकायत की। मामले की जांच के बाद शाहपुरा पुलिस ने आदर्श शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संतोष मरकाम ने बताया कि मामले में आरोपी के बेटे अर्पित शर्मा की भूमिका की भी जांच की जा रही है। उसके खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे भी आरोपी बनाया जा सकता है। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों और दस्तावेजों की जांच कर रही है।

बैरसिया थाना क्षेत्र में दंपती हादसे में घायल

बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, 9 साल की मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे के समय दंपती के साथ नौ साल की बच्ची भी बाइक पर बैठी थी। सभी को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान 9 साल की बच्ची की मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दिव्यांशी साहू पिता प्रदीप साहू (9) ग्राम चरनाल, थाना अहमदपुर, जिला सीहोर की थी। उसके पिता



प्राइवेट काम करते हैं। गत 7 अक्टूबर को दिव्यांशी पिता और मां के साथ बाइक से खाटू श्याम दर्शन के लिए जा रही थी।

इसी दौरान बैरसिया इलाके में उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से दंपती और बच्ची बाइक से गिर गए थे। उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। पिता को पैर में फैक्चर था, जबकि मां और बेटी को अंदरूनी चोट थी।

दिव्यांशी को पेट में गंभीर चोट होने के कारण उसका कमला नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार सुबह चार बजे दिव्यांशी की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पिता और मां के बयान नहीं हो सके है। रविवार को शव पीएम के बाद चाचा को सौंप दिया गया है।

खबर संक्षेप

बिना वजह गाली-गलौज नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला

भोपाल। शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर मल्टी में पांच बदमाशों ने बिना वजह नाबालिग से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू गले के पास लगने से नाबालिग को गंभीर चोट आई हैं। उसे जय प्रकाश अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है। चार की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार जितेंद्र बोरिया (17) इंद्रा सहायता नगर मल्टी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। शनिवार रात करीब दस बजे वह मल्टी के पास गुजर रहा था। उसे अपने घर जाना था। इसी दौरान मल्टी के पास उसे नंदू, अक्कु, अईया, भज्जा और ध्रुव मिले। वह कहने लगे कि कहां से आ रहा है। जितेंद्र ने उन्हें कोई जवाब नहीं दिया। इस पर आरोपी गालीगलौज करने लगे। जितेंद्र ने गालीगलौज करने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान एक आरोपी ने अपने पास से चाकू निकाला और जितेंद्र के गले पर वार किया था। चाकू गले के पास लगने से जितेंद्र को गंभीर चोट आई थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे।

मंत्री काश्यप को मातृशोक

भोपाल। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप की माताजी, समाजसेवी श्रीमती



तेजकुंवरबाई काश्यप का रविवार 11 अक्टूबर को लंबी अस्वस्थता के पश्चात निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थी। वे सुश्री भावना एवं शैलेन्द्र की भी मां थी और वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। श्रीमती काश्यप के निधन से परिवार सहित धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा क्षेत्र में शोक व्याप्त है। दिवंगत श्रीमती तेजकुंवरबाई काश्यप की अंतिम यात्रा सोमवार 12 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास 'वीसाजी मेंशन', स्टेशन रोड, रतलाम से निकलेगी। उन्होंने देश-विदेश के विभिन्न जैन तीर्थों की यात्राएं कीं।

अमृत योजना का काम सुस्त, पांच फीट गहरे गड्ढों से वाहन चालकों बढ़ी परेशानी

200 एमएम की पाइपलाइन से कैसे निकलेगा सैकड़ों घरों का सीवेज, क्षमता पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सैकड़ों घरों, दुकानों और कॉलोनियों से निकलने वाले सीवेज की निकासी की जिम्मेदारी 200 एमएम की पाइपलाइन पर है, लेकिन यह व्यवस्था क्षेत्र की जरूरतों को कितना पूरा कर पाएगी, इसका जवाब फिलहाल सामने नहीं है।

बाग सेवनिया से कटारा हिल्स तक अमृत योजना 2.0 के तहत सीवेज पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। कटारा हिल्स ब्रिज के पास तक सड़क खोदकर पाइप डाले जा रहे हैं। सड़क पर पांच फीट तक गहरे गड्ढे खोदे जा रहे हैं, लेकिन निर्माण की रफ्तार धीमी होने से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है। दिन और रात वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। ऐसे में सीवेज निकासी की व्यवस्था और निर्माण की गति, दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



सीवेज पाइपलाइन बिछाने के लिए जमीन खोदती जेसीबी।

सैकड़ों घरों के लिए 200 एमएम की पाइपलाइन

बाग सेवनिया से कटारा हिल्स तक कई आवासीय कॉलोनियां, दुकानें और मंडियां हैं। यहां से निकलने वाले सीवेज की निकासी के लिए 200 एमएम की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस पाइपलाइन से कितने घरों को जोड़ा जाएगा और क्षेत्र से निकलने वाले सीवेज का कितना भार यह उठा सकेगी। पाइपलाइन की क्षमता को लेकर सवाल जरूर हैं, लेकिन इससे जुड़ने वाले घरों की संख्या और सीवेज की अनुमानित मात्रा का आधिकारिक ब्योरा सामने नहीं आया है। ऐसे में व्यवस्था पर्याप्त होगी या नहीं, इसका आकलन करना मुश्किल है।

सड़क खोदी, लेकिन काम की रफ्तार धीमी

क्षेत्र में पाइपलाइन डालने के लिए जेसीबी से सड़क की खुदाई की जा रही है। करीब पांच फीट गहरे गड्ढों के कारण सड़क पर आवाजाही आसान नहीं है। दिन में वाहनों की आवाजाही के बीच खुदाई होने से परेशानी बढ़ती है, वहीं रात में भी निर्माण कार्य के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। काम की गति धीमी रहने से सड़क की खुदाई और पाइपलाइन बिछाने का काम कब तक पूरा होगा, यह स्पष्ट नहीं है। फिलहाल लोगों को परेशानी के बीच रास्ता निकालना पड़ रहा है।

काम तेजी से चल रहा है, तय समय पर पूरा होगा

कटारा हिल्स श्मशान घाट के पास सीवेज पंप हाउस बनाने की तैयारी है। पाइपलाइन और पंप हाउस का काम पूरा होने के बाद ही सीवेज निकासी की व्यवस्था स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल धीमी खुदाई और सड़क पर गहरे गड्ढों से लोगों की परेशानी बनी हुई है। उपयंत्री प्रभारी सिवेज प्रकोष्ठ राजेन्द्र कुमार त्रिवेदी ने कहा कि काम करने के पहले थोड़ी परेशानी होती है। फिलहाल काम तेजी से चल रहा है। निर्धारित समय पर काम पूरा हो जाएगा।

315 बोर का कट्टा, जिंदा कारतूस बरामद

देशी कट्टा दिखाकर यात्रियों को धमकाने वाला बदमाश धराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीआरपी भोपाल ने ट्रेन में यात्रियों से विवाद कर उन्हें देशी कट्टा दिखाकर धमकाने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ भोपाल, विदिशा और गंजबासौदा के विभिन्न थानों में पहले से छह अपराध दर्ज हैं।

जीआरपी के अनुसार, रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अपराधों की रोकथाम के लिए जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान 11 अक्टूबर को जीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक युवक यात्रियों से विवाद कर रहा था। वह देशी कट्टा दिखाकर यात्रियों को धमका रहा था। संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान सुमित भार्गव (26), निवासी वार्ड नंबर-7, बरेठ रोड, गंजबासौदा, जिला विदिशा के रूप में हुई।

चोरी से लेकर दुष्कर्म तक के मामले दर्ज

जीआरपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में जीआरपी भोपाल और जीआरपी विदिशा में चोरी के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा गंजबासौदा थाने में मारपीट और धमकी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज है। भोपाल के मिसरोद थाने में साल 2023 में दुष्कर्म सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। वहीं बागसेवनिया थाने में साल 2024 में भी उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 में मामला दर्ज किया है।

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर अतिरिक्त फेरे; दानापुर, रीवा और डॉ. आंबेडकर नगर के लिए मिलेगी सुविधा

भोपाल रेलवे मंडल से चलाई जाएगी 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर ट्रेनों में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की व्यवस्था की है।

भोपाल मंडल से होकर चलने वाली इन ट्रेनों से बिहार, विंध्य क्षेत्र और इंदौर की ओर जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। इनमें रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक, रीवा-रानी कमलापति साप्ताहिक सुपरफास्ट और रीवा-डॉ. अंबेडकर नगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।



दानापुर के लिए 11-11 फेरे

गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल 12 अक्टूबर से 16 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को दोपहर 2:25 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल 13 अक्टूबर से 17 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सुबह 11:20 बजे चलेगी। दोनों दिशाओं में 11-11 फेरे होंगे। ट्रेन भोपाल, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, नर्मदापुरम और इटारसी सहित निर्धारित स्टेशनों पर रुकेगी।

रीवा के लिए भी सुविधा

गाड़ी संख्या 02192 रीवा-रानी कमलापति स्पेशल 17 और 24 अक्टूबर तथा 7 और 14 नवंबर को रीवा से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर रात 9:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02191 रात 10:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में चार-चार फेरे होंगे। ट्रेन विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना में रुकेगी।

इंदौर क्षेत्र के लिए भी ट्रेन

गाड़ी संख्या 01704 रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को रात 10:50 बजे रीवा से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 3:05 बजे पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 01703 प्रत्येक रविवार को रात 9:20 बजे डॉ. अंबेडकर नगर से चलेगी। इसका ठहराव जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, सीहोर और शुजालपुर सहित निर्धारित स्टेशनों पर रहेगा।

संभावना गतिविधि में गायन एवं नृत्य प्रस्तुति ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना में रमा दुबे एवं साथी, भोपाल द्वारा बघेली गायन , दुर्वा नामदेव एवं साथी, सागर द्वारा नौरता नृत्य और तृप्ति नागर एवं साथी, उज्जैन द्वारा मटकी नृत्य की प्रस्तुति का संयोजन किया गया। गतिविधि में रमा दुबे एवं साथी, भोपाल द्वारा बघेली गायन - भुंईयां मा लोटत आमए गजानन...,देवी गीत- मौरे मैया के ऊंच मढ़ुलिया विराजी पहड़िया..., मौरे राम के कोमल पांव कंकड़ गड़ि जइएं...,चले आवा मौरे राजा महलिया म...,ककना के जोरी दोहरिया हो, नदी नारे विसर गए..., भगत - हम ता पैर के धूल हो, ओ मैय्या दया न छोड़े...,जैसे गीतों की प्रस्तुति दी।



अग्रहरि प्रोग्रेसिव ग्रुप ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

एक ईंट, एक मुहर के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान समाज और राष्ट्रहित में समर्पण का लिया संकल्प

सामूहिक आरती, पुष्पांजलि और फलाहारी प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अग्रहरि प्रोग्रेसिव ग्रुप भोपाल ने नर्मदापुरम रोड स्थित अशोका लेगेसी होटल में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई। कार्यक्रम में समाज के सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इसमें महाराजा अग्रसेन के जीवन, तपस्या, महालक्ष्मी की कृपा, सुशासन, मानवता और अहिंसा के आदर्शों का सरल भाषा में वर्णन किया गया है।

इसके बाद सामूहिक आरती, पुष्पांजलि और फलाहारी प्रसाद का वितरण हुआ। समारोह का शुभारंभ राजेश गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर तिलक, माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अग्रहरि परिवार के सदस्यों ने पूजन-अर्चन कर पुष्पांजलि अर्पित की। एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं।

दिनेश अग्रहरि 'मकरंद' ने महाराजा अग्रसेन और बेटी के विषय पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर ग्रुप के नवागत सदस्यों का परिचय भी कराया गया। युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए विकास गुप्ता और अम्बर अग्रहरि ने ग्रुप की गतिविधियों की जानकारी दी। महाराजा अग्रसेन के व्यक्तित्व और विचारों पर प्रकाश डाला।



महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव में शामिल श्रद्धालु व बच्चे।



महाराजा अग्रसेन के अनुकरणीय जीवन चरित्र का वर्णन किया

मातृशक्ति की ओर से प्रीति रवि गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के अनुकरणीय जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए उनके प्रसिद्ध 'एक ईंट, एक मुहर' के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस सिद्धांत को सामाजिक सहयोग, समानता और जरूरतमंदों की सहायता की प्रेरणा बताया। राजेश गुप्ता ने अग्रहरि परिवार सदस्य बीडी गुप्ता 'अग्रहरि' की ओर से रचित चालीसा का पाठ किया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

9 टीटी नगर में 15 नवंबर से सजेगा भोपाल उत्सव मेला...



11 9 साल के इनेश और 67 वर्षीय डॉ. रायकवार...



पहले शिफ्ट होंगे बिजली के खंभे और पाइपलाइन

30 करोड़ से सिक्सलेन बनेगी कटारा रोड, 14 महीने में पूरा होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स क्षेत्र में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिए पांच किलोमीटर लंबी सड़क को सिक्सलेन बनाने की तैयारी है। अमलतास चौराहे से भोपाल बायपास तक बनने वाली इस सड़क पर 30 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। निर्माण पूरा करने के लिए 14 महीने का लक्ष्य रखा गया है। सड़क के साथ स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी।

वहीं, पेबलवे, फ्लावर सिटी और आसपास की कॉलोनियों को कटारा के रास्ते नर्मदापुरम रोड से जोड़ने के लिए फोरलेन सड़क की योजना पर भी काम आगे बढ़ाया जा रहा है। रविवार को हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ कटारा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण से पहले बिजली के खंभे शिफ्ट करने, पेयजल पाइपलाइन बिछाने और सीवेज नेटवर्क का काम पूरा करने के निर्देश दिए। उद्देश्य यह है कि सड़क बनने के बाद पाइपलाइन या अन्य सुविधाओं के काम के लिए दोबारा खुदाई नहीं करनी पड़े।

पेबलवे-फ्लावर सिटी से कटारा और नर्मदापुरम रोड तक होगी कनेक्टिविटी

अमलतास चौराहे से बायपास तक सिक्सलेन, लोगों को मिलेगी राहत

कॉलोनियों को नर्मदापुरम रोड से सीधे जोड़ने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही

विधायक रामेश्वर शर्मा ने अधिकारियों के साथ किया कटारा हिल्स क्षेत्र का निरीक्षण, सड़क बनने के बाद दोबारा खुदाई रोकने के भी दिए गए निर्देश



हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ कटारा हिल्स क्षेत्र का निरीक्षण किया।

30 मीटर चौड़ी होगी सड़क बगरोदा तक मिलेगी सुविधा

कटारा रोड को करीब 30 मीटर चौड़ा किया जाएगा। पांच किलोमीटर लंबे सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। सड़क चौड़ी होने से क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही आसान होने और यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है। यह सड़क आगे रापड़िया होते हुए औद्योगिक केंद्र बगरोदा और सीआरपीएफ परिसर से भी जुड़ेगा। इससे इन क्षेत्रों में आने-जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक और सुविधाजनक रास्ता मिल सकेगा।

कॉलोनियों से नर्मदापुरम रोड तक सीधा रास्ता बनाने की तैयारी

वार्ड-85 की पेबलवे कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान विधायक ने पेबलवे, फ्लावर सिटी और आसपास की कॉलोनियों को कटारा से जोड़ने के लिए फोरलेन सड़क बनाने के निर्देश दिए। कॉलोनियों को नर्मदापुरम रोड से सीधे जोड़ने की संभावनाएं भी तलाशी जा रही हैं। इसके लिए प्रस्तावित सड़क, उपलब्ध जमीन और निर्माण में आने वाली बाधाओं का आकलन किया जाएगा। अधिकारियों को मंगलवार को निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। अब सड़क की कनेक्टिविटी का वास्तविक स्वरूप जमीन की उपलब्धता और जरूरी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद स्पष्ट होगा।

ट्रैफिक पुलिस ने बाग उमराव दूल्हा अंडरब्रिज 6 दिसंबर तक किया बंद

डेढ़ लाख आबादी की राह बंद, 63 दिन तक 3-4 किमी का लगाना होगा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुभाष नगर अंडरब्रिज और ओवरब्रिज पर बढ़ेगा ट्रैफिक का दबाव

ऐशबाग, नवीन नगर पुष्पा नगर समेत कई इलाकों के लोग परेशान

ऐशबाग क्षेत्र में बाग उमराव दूल्हा रेलवे अंडरब्रिज को शनिवार-रविवार दरमियानी रात को यातायात पुलिस की ओर से बंद कर दिया। इसके चलते इस क्षेत्र से निकलने वाले वाहन चालकों के लिए अगले दो महीने मार्ग बदला रहेगा। इससे ऐशबाग, बाग फरहत अफजा, नवीन नगर, महामाई का बाग और पुष्पा नगर सहित आसपास के इलाकों की करीब डेढ़ लाख आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

वाहन चालकों को अब आने-जाने के लिए 3 से 4 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा रेलवे पुल की बैरल लंबाई बढ़ाने और संरचनात्मक सुधार का काम किया जाना है। इसके चलते 11 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक अंडरब्रिज पर पूरी तरह यातायात बंद रहेगा। रेलवे ने निर्माण कार्य के लिए 63 दिन का ट्रैफिक ब्लॉक लिया है। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है। बाग उमराव दूल्हा रेलवे अंडर ब्रिज बंद रहने के दौरान आसपास के दो और तीन पहिया वाहन भी सुभाष अंडरब्रिज से आवागमन कर सकेंगे।

सुबह वाहन चालक पहुंचे, तो पता चला अंडर ब्रिज है बंद



बाग उमराव दूल्हा रेलवे अंडरब्रिज को निर्माण कार्य के चलते बंद कर दिया गया है।

ट्रैफिक पुलिस की ओर से देर रात अंडर ब्रिज को बंद कर दिया था। इसके चलते ऐशबाग क्षेत्र में बाग उमराव दूल्हा रेलवे अंडर ब्रिज से निकलने वाले वाहन चालकों को जानकारी नहीं थी। रविवार सुबह बड़ी संख्या में लोग वाहन यहां से निकलने के लिए पहुंचे। तब जाकर उनको पता चला कि यह अंडर ब्रिज बंद है। इसके बाद क्षेत्रवासी सुभाष अंडरब्रिज और ओवरब्रिज से निकले। इसके चलते यहां पर भी यातायात का दवाब बढ़ गया। इसके चलते यहां पर दिनभर जाम जैसी स्थिति बनती रही।

तीन से चार किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा

अंडर ब्रिज के बंद होने से ऐशबाग, बाग फरहत अफजा, नवीन नगर, महामाई का बाग और पुष्पा नगर समेत कई इलाकों की करीब डेढ़ लाख आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों को करीब तीन से चार किमी का चक्कर लाकर आना-जाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह मार्ग अफजा, बाग उमराव दूल्हा, नवीन नगर और महामाई का बाग जैसे इलाकों



को भारत टॉकीज और पुराने भोपाल से जोड़ता है, जिससे करीब डेढ़ लाख की आबादी और हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



इस तरह से अंडरब्रिज का रास्ता बंद किया गया है।

जिन्सी से प्रभात चौराहे तक मार्ग प्रभावित

इधर, पुल बोगदा पर मेट्रो का निर्माण कार्य भी प्रस्तावित है। करीब 20 दिन तक जिन्सी से प्रभात की ओर जाने वाले मार्ग पर पुल की चौड़ाई कम होने के कारण दो और तीन पहिया वाहनों को छोड़कर अन्य वाहन नहीं निकल सकेंगे। इसमें चार पहिया, मालवाहक और सवारी वाहन शामिल हैं। जिन्सी धर्मकांटे से प्रभात चौराहे की ओर जाने वाले चार पहिया, मालवाहक और सवारी वाहन सुभाष नगर अंडरब्रिज और ओवरब्रिज से आना-जाना करना होगा। इसके चलते यहां पर ट्रैफिक दबाव दो गुना होने की संभावना है।

आयुष काउंसलिंग का तीसरा चरण 14 से

भोपाल। मप्र संचालनालय आयुष द्वारा बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस एवं बीएनवाईएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य कोटा तृतीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। छात्र ऑनलाइन पंजीयन 14 से 16 अक्टूबर, रिक्त सीटों एवं मेरिट सूची का प्रकाशन 21 अक्टूबर, च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंगः 28-30 अक्टूबर, सीट आवंटन 3 नवंबर और महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 4 से 6 नवंबर तिथि निर्धारित की गई है। नीमा स्टूडेंट यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि काउंसलिंग 14 अक्टूबर से शुरू होकर छह नवंबर तक आयोजित होगी। संचालनालय आयुष ने विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर दिया है। डॉ भदौरिया ने कहा कि पात्र अभ्यार्थी इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें।

कोर्ट में प्रेक्टिस करती थी छात्रा, दोस्त को किया था फोन

एक सप्ताह पहले ऑनलाइन मंगवाया जहर एलएलबी की छात्रा ने खाकर की आत्महत्या

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर का मामला पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर में एलएलबी फाइनल ईयर की छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। उसने एक सप्ताह पहले ही ऑनलाइन जहर ऑर्डर बुलाया था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया। उसके पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार शिवांगी कुशवाह पिता सत्यभान कुशवाह (24) सी सेक्टर कोलार में रहती थीं। मूलतः शहडोल निवासी एलएलबी फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह कोर्ट में प्रेक्टिस भी करती थी। शिवांगी यहां अपनी बड़ी बहन काजल कुशवाह के साथ रहती थी। काजल बीफार्मा की पढ़ाई कर रही है।

शनिवार रात बहन काजल दोस्त के साथ बाहर थी। घर में शिवांगी अकेली थी। रात करीब दो बजे उसने अपनी सहेली को कॉल किया और कहा कि मुझे पेट में दर्द हो रहा है। उसकी दोस्त घर पहुंची और उसे लेकर कोलार के निजी अस्पताल ले गई। अस्पताल में हालत नाजुक देखते हुए उसे किसी बड़े अस्पताल जाने का कह दिया गया। सहेली शिवांगी को लेकर चूनाभट्टी स्थित बड़े अस्पताल लेकर पहुंची, वहां इलाज के दौरान करीब एक घंटे बाद ही शिवांगी की मौत हो गई।

ऑनलाइन जहर ऑर्डर दिया था

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि शिवांगी ने एक सप्ताह पहले ही ऑनलाइन जहर ऑर्डर कर बुलाया था। इसके बाद शनिवार देर रात उसने जहर खा लिया। उसने जहर खाकर आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी बड़ी बहन काजल को भी नहीं है। पुलिस का कहना है कि मोबाइल का पैटर्न लॉक है। लॉक खुलवाने के बाद मोबाइल की जांच की जा रही है। साथ ही सीडीआर भी बुलवाई गई है।

प्रदर्शनी पार्क, गांधी भवन के आसपास आवारा कुत्तों की दहशत

राहगीरों, वाहन चालकों के पीछे दौड़ रहे कुत्ते, बच्चों को काटकर घायल कर चुके

नगर निगम उपायुक्त ने जल्द कार्रवाई का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों में आवारा कुत्तों का बढ़ा खौफ शिकायतों के बाद भी नगर निगम ने समाधान किया नहीं

सड़क से गुजरते समय कब आवारा कुत्ते हमला कर दें, इसका डर प्रदर्शनी पार्क और गांधी भवन के आसपास बना हुआ है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों से लेकर स्थानीय रहवासी तक परेशान हैं। कुत्ते न केवल पैदल चलने वालों पर झपट रहे हैं, बल्कि दोपहिया वाहनों के पीछे भी दौड़ते हैं। ऐसे में वाहन चालकों के संतुलन बिगड़ने और दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है।



प्रदर्शनी पार्क में कुछ तरह घूम रहे हैं आवारा कुत्ते।

शिकायतों के बाद भी राहत नहीं मिली

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर निगम से कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों के मुताबिक, निगम की टीम आती है, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। रहवासियों की मांग है कि निगम केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि आवारा कुत्तों को लेकर प्रभावी और नियमित व्यवस्था बनाए, ताकि बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को राहत मिल सके। नगर निगम उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कहा कि जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

वाहनों के पीछे दौड़ने से हादसे का खतरा

सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी स्थिति चिंताजनक है। कुत्ते अचानक वाहनों के पीछे दौड़ने लगते हैं। इससे चालक घबराकर संतुलन खो सकते हैं और दुर्घटना हो सकती है। पैदल चलने वालों को भी रास्ते से गुजरते समय सतर्क रहना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सड़क पर सुरक्षित आवाजाही के लिए इस समस्या का जल्द समाधान जरूरी है।

बच्चों पर भी कर रहे हमला

आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके आक्रामक व्यवहार ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। वार्ड नंबर 24 के कांग्रेस अध्यक्ष शोएब खान के अनुसार, आवारा कुत्ते अब तक कई बच्चों को काटकर घायल कर चुके हैं। बच्चों के घर से बाहर निकलने और सड़क से गुजरने के दौरान हमले का डर बना रहता है। स्थानीय लोगों के लिए यह समस्या अब रोजमर्रा की परेशानी बन गई है।



जैकेट का शेष...

अभिषेक शर्मा ने...

पहले यह रिकॉर्ड सूर्यकुमार के नाम था, जिन्होंने दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1,164 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया था। अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा और चौके-छक्कों की बरसात कर दी।

कहा- मेट्रो-रेल ...

में लिया और जरूरत से ज्यादा बल का इस्तेमाल किया। वकीलों ने इंटरनेट सेवाओं पर रोक, मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और महिला प्रदर्शनकारियों तथा वकीलों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा भी उठाया। ये आरोप याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए हैं।

अदालत ने निर्देश दिया कि जहां निषेधाज्ञा लागू नहीं है, वहां शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होने वाले लोगों को कानून की प्रक्रिया के बिना हिरासत में नहीं लिया जाए। यदि अदालत परिसर के आसपास भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा से संबंधित बोर्ड अब भी लगे हैं, तो उन्हें हटाया जाए। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी अदालत में आने-जाने का रास्ता बाधित नहीं होना चाहिए।

अधिकारियों से जवाब तलबः अदालत ने मेट्रो सेवाओं से जुड़े अपने 9 अक्टूबर के आदेश के कथित उल्लंघन को लेकर दायर अवमानना याचिका पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया। उनसे हलफनामा और आदेश के पालन की रिपोर्ट मंगलवार तक दाखिल करने को कहा गया है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह पुलिस कार्रवाई और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़े संवैधानिक सवालों पर विचार करेगी। यह मामला 10 अक्टूबर को सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन से जुड़ा है। प्रदर्शनकारियों की मांग चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद से संबंधित थी।

सीजेआई ने राहुल...

प्रस्तावित सुप्रीम कोर्ट मार्च से पहले विपक्ष को यह झटका लगा है। सीजेआई ने ईमेल के जरिए भेजे जवाब में कहा कि अदालत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडल से प्रशासनिक स्तर पर मुलाकात नहीं कर सकती। अदालत का काम याचिकाओं पर सुनवाई करना और फैसला सुनाना है। जिन मुद्दों को विपक्ष उठाना चाहता है, उनके लिए उचित कानूनी प्रक्रिया के तहत याचिका दायर की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट सभी नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

विचारधारा से ऊपर उठकर साथ आने की अपीलः राहुल ने कहा कि पार्टी, जाति, समुदाय, महिला-पुरुष और राज्य की सीमाओं से ऊपर उठकर लोगों को संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने भी युवाओं, जन आंदोलनों से जुड़े लोगों और इंडिया गठबंधन के नेताओं से मार्च में शामिल होने की अपील की है।

हम कोई मांग नहीं करेंगे, सिर्फ अपनी बात रखेंगेः खरगेः वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेंगलुरु में पत्रकारों से कहा कि मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात के दौरान उनका तरीका पूरी तरह विनम्र रहेगा। वे किसी तरह का दबाव बनाने या कोई मांग रखने नहीं जा रहे हैं। खरगे के मुताबिक, वे हाथ जोड़कर उनसे अनुरोध करेंगे और देश में जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में अपनी बात बताएंगे। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात का मकसद मुख्य न्यायाधीश को मौजूदा हालात से अवगत कराना है।

राहुल गांधी ने ...

ऐसा भारत वे नहीं चाहते। उन्होंने विपक्षी दलों, युवाओं, नागरिक समाज और संविधान में विश्वास रखने वाले लोगों से मार्च में शामिल होने की अपील की। राहुल के मुताबिक, मार्च के जरिए सीजेआई को ज्ञापन सौंपकर कथित वोट चोरी रोकने, एसआईआर पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जाएगी।

कोई बॉन्ड नहीं ...

पोस्ट कर कहा कि सीजेपी के कार्यकर्ता फिर सड़कों पर उतरेंगे। उनका यह बयान उस खबर के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि दिपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को 50 हजार रुपए का मुचलका भरने के बाद रिहा किया गया है। दीपके ने कहा कि सीजेपी न तो पीछे हटेगी और न ही डराई जा सकेगी। हालांकि, इस बीच उनके परिवार में शोक की स्थिति है। उनकी दादी सावित्रीबाई शंकरराव दिपके का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह महाराष्ट्र के हिंगोली जिले के संतुक पिंपरी गांव में रहती थीं। लंबे समय से बीमारी और उम्र संबंधी समस्याओं के कारण पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। दिपके ने बताया कि दादी के निधन की खबर मिलने के बाद वह परिवार के साथ रहने के लिए अपने गांव जा रहे हैं। इससे पहले भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 अक्टूबर को इस तानाशाही के अंत की शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा। एक दिन पहले सीजेपी के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन की कोशिश की गई थी। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था।

पेज एक का शेष...

प्रदेश के 8.19 लाख...

213.41 करोड़ रुपए की पेंशन राशि अंतरित की। साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के 8 लाख 19 हजार विद्यार्थियों की स्कूल फीस प्रतिपूर्ति के लिए 502 करोड़ रुपए भी अंतरित किए। मुख्यमंत्री ने रविवार को नवरात्र शुभारंभ के अवसर पर नरसिंहपुर जिले वासियों को नए विकास कार्यों की भी सौगात दी।

इस वर्ष साढ़े 4 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत कियाः स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि नरसिंहपुर के बेटा-बेटियों को आज भव्य सांदीपनि विद्यालय के भवन की सौगात मिली है। प्रदेश में 375 सांदीपनि विद्यालय बनकर तैयार हो चुके हैं। स्कूली बच्चों को लैपटॉप, स्कूटी और साइकिलें बांटी जा रही हैं। मुख्यमंत्री कहा कि किसी भी राज्य का विकास वित्तीय प्रबंधन के बिना संभव नहीं है। मप्र सरकार ने लगातार नीतियों में सुधार और प्रबंधन को बेहतर करते हुए इस वर्ष साढ़े 4 लाख करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन बसों की सौगात दी है। स्कूल के बच्चों को भी आवागमन के लिए इन बसों का लाभ मिलेगा।

मालिकाना पट्टे की...

की 15 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर सांदीपनि बस सेवा का शुभारंभ किया।

गुरुकुल परंपरा का ...

को बेहतर बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय भवन, स्कूल बस, पुस्तकें, यूनिफॉर्म और साइकिल उपलब्ध कराई जा रही हैं। 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप तथा स्कूल टॉपर्स को स्कूटी प्रदान की जा रही है।

बहनों, किसानों और ...

को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है। सरकार ने 50 लाख संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, अधोसंरचना और औद्योगिक विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आने वाले समय में वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा।

ईवीएम और एसआईआर...

आयोग जवाब दे सकता है। खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस को हार के कारणों पर आत्ममंथन करना चाहिए, न कि बार-बार नए बहाने तलाशने चाहिए।,

कार्यकर्ता संगठन...

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और हर चुनाव में जीत का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी आज के कार्यकर्ताओं के योगदान को याद करेगी, जब उसे सुरक्षित, आतंकवाद मुक्त और खुशहाल भारत मिलेगा।

अभिषेक शर्मा ने ...

सकी। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने सबसे ज्यादा 69 रन की शानदार पारी खेली। उनके आक्रामक बल्लेबाजी प्रदर्शन ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने कप्तान शाई होप को दूसरे ही ओवर में बोल्ड कर वेस्टइंडीज को शुरुआती झटका दिया। होप ने पिछले मैच में रांची में नाबाद 102 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी, लेकिन इंदौर में वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। नमन धीर ने भी दो विकेट लेकर भारत की जीत में योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा और वेस्टइंडीज को लक्ष्य तक पहुंचने नहीं दिया। आखिरी ओवरों में कैरेबियाई बल्लेबाजों ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन टीम 14 रन पीछे रह गई। सीरीज का चौथा टी-20 मुकाबला 14 अक्टूबर को हैदराबाद में खेला जाएगा।

पं. शास्त्री ने ...

आगे बालाजी का रथ, उसके पीछे शास्त्री का रथ और समर्थकों के वाहन चल रहे हैं। श्रद्धालु बुलडोजर और जेसीबी से फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। कार, बस, ऑटो और बाइक सहित 200 से अधिक वाहन इसमें शामिल हैं। शास्त्री ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सनातनियों में जागरूकता लाना और हिंदू समाज को एकजुट करना है। उन्होंने धर्म के प्रति दृढ़ रहने का संदेश भी दिया। यात्रा पांच दिनों में पांच जिलों से होकर करीब 500 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। पहले दिन बागेश्वर धाम से बमीठा, चंद्रनगर और अजयगढ़ होते हुए पन्ना पहुंचने का कार्यक्रम है।

हैदराबाद में इंडिगो ...

अनुसार, इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-6115 दिल्ली से चेन्नई जा रही थी। इसी दौरान एक यात्री के पावर बैंक से धुआं निकलने लगा। चालक दल के सदस्यों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया। इसके बाद विमान को हैदराबाद की ओर मोड़ दिया गया और वहां सुरक्षित उतारा गया। इंडिगो ने अपने बयान में बताया कि 11 अक्टूबर को संचालित उड़ान में एक यात्री के निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से धुआं निकलने की सूचना मिलने के बाद विमान का मार्ग बदला गया। हैदराबाद में सुरक्षित लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया। एयरलाइन ने यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चेन्नई जाने वाले वैकल्पिक विमान की व्यवस्था भी की। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें यात्री विमान के भीतर आग बुझाते नजर आ रहे हैं।

15 अक्टूबर के ...

बीच बारिश हो सकती है। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा। इस बीच प्रदेश में शनिवार-रविवार की रात का पारा इंदौर में सबस कम दर्ज हुआ है। यहां न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया और श्योपुर में बारिश हो सकती है। वहीं, आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो रहा है। इससे 15 अक्टूबर के बाद प्रदेश में फिर से बारिश का दौर रह सकता है। शनिवार को सिंगरौली, रीवा, मऊगंज और सीधी जिलों में हल्की बारिश, बादल वाला मौसम रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से में ट्रफ के असर से कुछ शहरों में सोमवार से मंगलवार तक हल्की बारिश होगी। शेष प्रदेश में मौसम साफ रहेगा।

सीजन में सामान्य से कम बारिशः मानसून सीजन के दौरान प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानि 95.9 प्रतिशत बारिश हुई। यह सामान्य तौर पर 949.5 मिमी होती है। इसकी तुलना में करीब 42 मिमी कम है। वहीं, ओवरऑल 4 प्रतिशत कम पानी बरसा है। पूर्वी हिस्से में 4 प्रतिशत ज्यादा और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12 फीसदी बारिश कम हुई है। भोपाल में मानसून विदाई के बाद एक अक्टूबर से रविवार तक शून्य बारिश हुई, जो सामान्य से 15.8 मिमी कम है।

इंदौर, भोपाल में ...

भिंड मुरैना सहित करीब आधा दर्जन जिलों में अभी रात के तापमान में मामूली बढ़त और दिन में एक डिग्री तक कमी आएगी। रविवार को प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 35 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में 35.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा है।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला विदिशा म.प्र.

प्ररूप-क
(नियम 4 देखिए)

क्रमांक 0009/अ/82/2026-27/ विदिशा, दिनांक /09/2026

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यास्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(1)	परियोजना विकासक का नाम	कार्यपालक निर्देशक (बीपीआरईपी) भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड, बीना रिफाइनरी, बीना जिला सागर
(2)	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(3)	अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण	1-श्री मोतीलाल अहिरवार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग, कुरवाई 2-श्री संदीप शर्मा तहसीलदार, तहसील कुरवाई 3-श्री आयुष अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरवाई 4-श्रीमति ममता महाराज सिंह दांगी जनपद अध्यक्ष, जनपद पंचायत विकासखंड कुरवाई 5- श्रीमति चंदा चौहान सरपंच, ग्राम पंचायत भौंरासा विकासखंड कुरवाई
(4)	भूमि का विवरण	
(क)	जिला	विदिशा
(ख)	तहसील	कुरवाई
(ग)	ग्राम	भौंरासा
(घ)	कुल प्रभावित क्षेत्र	10.235 हे.
(ङ)	अर्जित होने वाला क्षेत्र	10.235 हे
(5)	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण	बीना रिफाइनरी बेतवा बैराज परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु
(6)	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	10.235 हे.
(7)	क्या ग्रामसभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है	नहीं
(8)	सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर

G-19826/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन
राजस्व विभाग जिला-विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. J800080594, आवेदन क्रमांक-13474, आवेदन दिनांक-08/10/2026

क्रमांक 2384 / राजस्व / भौविप्रा /26 भोपाल
दिनांक: 08/10/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की एयरो सिटी फेस-2 योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 594 सेक्टर सी, श्री स्वदेश त्रिवेदी आ.श्री बृजमोहन त्रिवेदी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री स्वदेश त्रिवेदी के द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री इरफान अब्दुल करीम आ. श्री करकाला अब्दुल हफीज को विक्रय करने की अनुमति चाहा है, लेकिन श्री इरफान अब्दुल करीम के द्वारा अपना मुख्तारआम श्री जैन हुसैन आ. श्री सैय्यद मो. हुसैन को नियुक्त किया है। मुख्तारआम श्री जैन हुसैन के द्वारा प्राधिकरण हस्तांतरण हेतु अनुमति चाही गई है।

उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल, म.प्र.

प्रकरण क्रमांक-3279/अ-6/26-27
// उद्घोषणा पत्र //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रहलाद पाल आ. श्री चंदू पाल एवं श्रीमती सोनू पाल पत्नी श्री प्रहलाद पाल निवासी वार्ड नं. 23 रेलवे स्टेशन के पास बाल विहार के सामने मण्डीदीप जिला रायसेन म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. MP059702019A1065070 दिनांक 29/01/2019 ग्राम समरधा कलियासोत प.ह.न. ..... स्थित भूमि खसरा नंबर 175, 176/2/1 के अंश भाग में भूखण्ड क्र. 43 जिसका क्षेत्रफल 20x30=600 वर्गफीट अर्थात 55.76 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 16/10/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/10/2026 के जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि भोपाल बाजार
सामाचार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं द्रौण राजपूत, पुत्र श्री संजय राजपूत, उम्र 18 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 20, किसान मोहल्ला, सिरोली, तहसील सिरोली, जिला हरदा (म.प्र.), के पूर्व अभिलेखों / दस्तावेजों / आधार कार्ड में मेरा नाम 'द्रौण सावनेर' दर्ज है, जिसमें मेरा उपनाम 'सावनेर' गलत अंकित हो गया है। मेरा सही एवं वास्तविक नाम 'द्रौण' है तथा मेरा सही उपनाम 'राजपूत' है। अतः भविष्य में समस्त शासकीय एवं अशासकीय अभिलेखों, दस्तावेजों एवं पत्राचार में मुझे 'द्रौण राजपूत' के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। 'द्रौण सावनेर' एवं 'द्रौण राजपूत' एक ही व्यक्ति के नाम हैं।
पूर्व/वर्तमान नाम द्रौण सावनेर
अंगीकृत नाम द्रौण राजपूत

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

कर्क किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

कन्या संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

तुला नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

वृश्चिक मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

मकर किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

कुंभ आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

मीन शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

शब्द पहेली - 6375



बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 6374 का हल

अ	स	ह	नी	य	■	■	क	लि	का	■
प	र	■	ला	■	सा	ग	र	■	बु	आ
ह	■	■	प	ह	रा	■	ण	■	■	खे
र	स	खा	न	■	■	म	■	क	प	ट
ण	■	लि	■	न	भ	च	र	■	रा	■
■	आ	स	■	सी	■	ल	■	ग	स्त	■
■	रा	■	प	ह	न	ना	■	रु	■	ड
शा	म	त	■	त	■	■	ता	र	ता	र
य	■	■	तै	■	जा	हि	र	■	■	ल
द	म	■	र	सी	ला	■	पी	■	ज	ग
■	न	गी	ना	■	■	म	न	ध	र	ना

सूडोकु नवताल - 6385

सरल

			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

MANGAL, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6384 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

खबर संक्षेप

क्रॉम्पटन ने पेश किया स्मार्ट जल नियंत्रक

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 'इंटेलीसेंस स्मार्टप्रो' नाम से नया वायरलेस जल स्तर नियंत्रक पेश किया है। इसमें मोटर नियंत्रण पैनल और जल स्तर नियंत्रक की सुविधाएं एक साथ दी गई हैं। कंपनी के अनुसार, यह उपकरण अतिरिक्त तारों की जरूरत कम करने, पानी की बर्बादी रोकने और मोटर की सुरक्षा में मदद करेगा। पारंपरिक व्यवस्था में छत पर बनी टंकी और नीचे लगे पंप के बीच तार बिछाने पड़ते हैं। बहुमंजिला इमारतों में इससे स्थापना का खर्च और काम बढ़ जाता है।

स्टार हेल्थ का जागरुकता रोड शो संपन्न

भोपाल। स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में 39 दिनों तक चले स्वास्थ्य बीमा जागरुकता रोड शो का समापन किया। इस अभियान के तहत राज्य के 45 शहरों और कस्बों में करीब 5 लाख लोगों तक स्वास्थ्य बीमा का संदेश पहुंचाया गया। अभियान में शामिल दो विशेष वैन ने लगभग 9,840 किलोमीटर की यात्रा की। कंपनी के मध्य प्रदेश बिजनेस हेड नितिन मलिक ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा अचानक आने वाले चिकित्सा खर्चों के वित्तीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है।

एशियन पेंट्स का 'बेफिक्र उत्सव' अभियान

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स ने अपनी ब्यूटीफुल होम्स पेंटिंग सर्विसेज के तहत 'बेफिक्र उत्सव' अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य घर की सजावट, रंगों के चयन और रंग-रोगन की पूरी प्रक्रिया को सहज बनाना है, ताकि परिवार उत्सव के खास पलों पर ध्यान दे सकें।। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिंगल ने कहा कि विवाह और त्योहार जैसे अवसरों पर घर को नया रूप देने की प्रक्रिया भी सहज होनी चाहिए।

फ्लिपकार्ट मिनट्स के ऑर्डर 3.5 गुना बढ़े

मुंबई। फ्लिपकार्ट की त्योहारी बिक्री 'द बिग बिलियन डेज 2026' को पहले ही घंटे में शानदार प्रतिक्रिया मिली। कंपनी के अनुसार, इस दौरान एक मिनट में 63 लाख ग्राहकों की सक्रियता दर्ज की गई। सामान्य दिनों की तुलना में छह गुना अधिक लोगों ने खरीदारी की, जबकि नए ग्राहकों की संख्या में 34 प्रतिशत वृद्धि हुई। फ्लिपकार्ट मिनट्स पर सामान्य दिनों के मुकाबले ऑर्डर 3.5 गुना बढ़े, जबकि नए ग्राहक 11 गुना अधिक रहे। कंपनी ने दिल्ली में एक ग्राहक तक आईफोन 17 केवल 3.4 मिनट में पहुंचाने का दावा किया।

एलन टैलेंटेक्स-2027 के लिए पंजीकरण की तारीख बढ़ी अब 14 अक्टूबर तक मौका

राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय रैंकिंगः 2.50 करोड़ के नकद पुरस्कार एलन पाठ्यक्रमों में 90 फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित एलन टैलेंटेक्स-2027 परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थियों को पंजीकरण के लिए एक और मौका दिया गया है। विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तारीख 11 अक्टूबर से बढ़ाकर 14 अक्टूबर कर दी गई है। कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। संस्थान के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि एलन टैलेंटेक्स की शुरुआत से अब तक 21 लाख से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग ले चुके हैं। परीक्षा में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय रैंकिंग के साथ 2.50 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार तथा एलन के पाठ्यक्रमों में प्रवेश पर 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति पाने का अवसर मिलेगा। टैलेंटेक्स-2027 का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से किया जाएगा। ऑफलाइन परीक्षा 25 अक्टूबर को होगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा 25, 28 और 31 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी। इसमें बहुविकल्पीय और पूर्णांक आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे।

ऑफलाइन परीक्षा 25 अक्टूबर को होगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा 25, 28 और 31 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी

टैलेंटेक्स-2027 का आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से किया जाएगा

नियम, शर्तें, पाठ्यक्रम और अन्य विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध



परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान और तार्किक मानसिक क्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। प्रश्नपत्र राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पाठ्यक्रम पर आधारित होगा। परीक्षा के पैटर्न और कक्षा के अनुसार विस्तृत पाठ्यक्रम की जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम के साथ प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिस्पर्धात्मक सफलता सूचकांक भी दिया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का आकलन कर सकेंगे। संस्थान के अनुसार, यह सूचकांक विद्यार्थियों को यह समझने में मदद करेगा कि उनकी वर्तमान तैयारी के आधार पर वे जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कैसा प्रदर्शन कर सकते हैं। एलन के कक्षा शिक्षण पाठ्यक्रमों में पहले से पढ़ रहे विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों को पोर्टल पर उपलब्ध अभ्यास प्रश्नपत्रों का लाभ भी मिलेगा। इच्छुक विद्यार्थी 14 अक्टूबर तक एलन टैलेंटेक्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। परीक्षा से संबंधित नियम, शर्तें, पाठ्यक्रम और अन्य विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एक सप्ताह में कीमतों में तेज उछाल, स्टॉकिस्टों हुए हावी

दालों के दाम में उबालः तुअर दाल 145 रुपए तो उड़द दाल 170 रुपए प्रति किलो पहुंची

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

त्योहारों से पहले बढ़ी बाजार की हलचल

मखाद्य वस्तुओं की महंगाई के बीच अब दालों के दाम में भी तेज उछाल देखने को मिल रहा है। भोपाल के बाजार में तुअर और उड़द दाल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। जो तुअर दाल पहले 105 से 110 रुपए किलो बिक रही थी, उसके भाव अब 140 से 145 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं, उड़द दाल की कीमतों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई है। पहले 90 से 100 रुपये किलो मिलने वाली उड़द दाल अब 160 से 170 रुपए किलो तक बिक रही है।

बाजार में बीते सप्ताह से दालों की कीमतों में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। तुअर और उड़द के साथ अन्य दालों के भाव भी बढ़ने की जानकारी सामने आ रही है। कीमतों में इस उछाल से आम उपभोक्ताओं के रसोई बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका है। खासकर उन परिवारों के लिए परेशानी बढ़ सकती है, जिनके भोजन में दाल रोजाना शामिल रहती है।



बाजार के जानकारों के अनुसार, आगामी नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के साथ विवाह के मुहूर्तों के कारण मांग बढ़ने की संभावना है। इसी बीच तेजी की उम्मीद में कारोबारियों और स्टॉकिस्टों की गतिविधियों से बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ने की बात कही जा रही है। हालांकि, दामों में तेजी के पीछे मांग, उपलब्ध स्टॉक और आवक की वास्तविक स्थिति का आकलन भी जरूरी है।

भारत में दालों का आयात 31.52 फीसदी घटा

देश में दालों का उत्पादन बढ़ने के साथ इनके आयात में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में दालों का कुल उत्पादन बढ़कर 274.09 लाख टन पहुंच गया, जबकि 2024-25 में यह 256.83 लाख टन था। सरकार के मुताबिक, दालों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए शुरू किए गए मिशन के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 में दालों के आयात का मूल्य 31.52 प्रतिशत घटकर 31,793.59 करोड़ रुपये रह गया, जो 2024-25 में 46,427.60 करोड़ रुपये था। वहीं, दालों के निर्यात में 13.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। निर्यात का मूल्य 855 मिलियन डॉलर से बढ़कर 969.53 मिलियन डॉलर हो गया। इस दौरान भारत ने कुल 10.01 लाख टन दालों का निर्यात किया। सरकार ने 11 अक्टूबर 2025 को दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नई योजना की घोषणा की थी। इसके तहत दालों की खेती का रकबा बढ़ाने और पैदावार में सुधार पर जोर दिया गया। वर्ष 2024-25 में दालों की खेती 277.20 लाख हेक्टेयर में हुई थी।

सितंबर में 46-47 रुपए किलो तक आ गई थी कीमत

फिर सटोरियों की गिरफ्त में शक्कर! 5 दिन में ही 8 रुपए किलोग्राम उछले दाम

अब थोक बाजार में 5,500 से 5,600 रुपए क्विंटल

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

शक्कर बाजार में एक बार फिर तेजी का दौर शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की सख्ती और स्टॉक सीमा लागू किए जाने के बाद सितंबर में शक्कर के दाम घटकर 46 से 47रुपए किलो तक आ गए थे, लेकिन अब बाजार में तेजी लौटने से आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है। बीते पांच दिनों में शक्कर के दाम करीब 8 रुपए किलो तक उछलने की जानकारी सामने आई है। भोपाल के प्रमुख थोक बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में ऊंचे भाव पर सौदे हो रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, स्थानीय थोक बाजार में शक्कर के सौदे 5,500 से 5,600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर किए जा रहे हैं। कीमतों में अचानक आई तेजी का असर फुटकर बाजार पर भी पड़ रहा है। इससे आम उपभोक्ताओं को शक्कर खरीदने के लिए पहले के मुकाबले अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।



स्टॉक सीमा फिर भी बढ़ी शक्कर में महंगाई

सितंबर में सरकार की सख्ती और स्टॉक सीमा लागू होने के बाद शक्कर की कीमतों में नरमी आई थी। उस समय भाव 46 से 47 रुपये किलो के स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, अब बाजार में दोबारा तेजी दिखाई देने लगी है। बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि कीमतों में हालिया उछाल पर निगरानी जरूरी है, ताकि अनावश्यक जमाखोरी और सट्टेबाजी की आशंका पर नियंत्रण रखा जा सके। शक्कर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तु है। चाय, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में इसका नियमित इस्तेमाल होता है। ऐसे में कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से घरेलू बजट प्रभावित होना तय है। त्योहारी मांग के बीच दामों में तेजी उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त परेशानी बन सकती है। अब बाजार की नजर शक्कर की आवक, उपलब्ध स्टॉक और सरकारी निगरानी पर है। आने वाले दिनों में इन कारकों से ही कीमतों की दिशा तय होने की उम्मीद है।

आयकरदाता संघ का सेमिनारः सीए खंडेलवाल ने दी जीएसटी परिषद के निर्णयों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी भोपाल में आयकरदाता संघ भोपाल द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें इंदौर से आए वक्ता सीए एस. खंडेलवाल ने जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों और उनके संभावित प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी।

सीए खंडेलवाल ने जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9ए वार्षिक विवरणी भरने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन्हें भरते समय किन सावधानियों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद ने व्यापारियों के हित में कई निर्णय लिए हैं। उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित विवरणियों में हुई गलतियों को सुधारने के अवसर पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि अक्टूबर की कर विवरणी, जो नवंबर में दाखिल की जाएगी, से संबंधित प्रक्रियाओं और समय-सीमा को समझना जरूरी है। साथ ही, जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9ए भरते समय वित्त वर्ष के आंकड़ों का मिलान, कर भुगतान और विवरणों की शुद्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अशोक पलोड़, सचिव अविनाश पाटीदार, सीए एस. कृष्णन, सीए सुरेश वाधवानी, सीए दीपक बाहेती सहित बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया और जीएसटी से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। अंत में सीए राजेश जैन ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अशोक पलोड़ ने बताया कि संस्था की ओर से 15 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।

2047 के भोपाल की योजना में और नागरिक सुविधाओं पर ध्यान रखने पर जोर

क्रेडाई भोपाल ने दिया बड़ी परियोजना के लिए 'पहुंच कार्ड' बनाने का सुझाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मेट्रो के टिकट पर छूट मिल रही है, लेकिन स्टेशन तक पहुंचना आसान है या नहीं? न्यू मार्केट में आग लगी तो दमकल को पहुंचने में 35 मिनट क्यों लगे? पश्चिमी बायपास के लिए जमीन ली जा रही है, तो प्रभावित गांवों और भूमि मालिकों की सुविधाओं का ध्यान कैसे रखा जाएगा?

भोपाल के विकास से जुड़े इन तीन सवालों को उठाते हुए क्रेडाई ने साफ संदेश दिया है कि विकास सिर्फ सड़क बनाने का नाम नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित और आसानी से मंजिल तक पहुंचाने की व्यवस्था का नाम है। क्रेडाई ने कहा कि 11 अक्टूबर से भोपाल मेट्रो के एकतरफा टिकट पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत, वापसी टिकट पर कुल 30 प्रतिशत और समूह टिकट पर 35 प्रतिशत छूट की व्यवस्था घोषित की गई है। दो यात्री भी समूह टिकट का लाभ ले सकेंगे। क्रेडाई का जोर है कि मेट्रो के साथ सहायक बस सेवा, सुरक्षित फुटपाथ और पूरी यात्रा के समय व खर्च पर भी ध्यान दिया जाए।



न्यू मार्केट की आग ने खोली रास्तों की पोल

बीते दिनों न्यू मार्केट में लगी आग में पांच दुकानों को नुकसान पहुंचने और दमकल के मौके पर पहुंचने में 35 मिनट की देरी की जानकारी सामने आई। यह मामला केवल यातायात का नहीं, बल्कि आपातकाल में रास्ता खुला रखने की व्यवस्था का भी है। बाजारों में अतिक्रमण, बेतरतीब पार्किंग, बंद प्रवेश द्वार और निर्माण संबंधी बाधाएं दमकल की राह रोक सकती हैं। इनकी जांच और सुधार को शहर की सुरक्षा योजना का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है। पश्चिमी बायपास के लिए पांच गांवों की हस्ताक्षरित सूचनाओं के मिलान में 53.6450 हेक्टेयर भूमि के प्रस्तावित अर्जन का उल्लेख सामने आया है। वहीं, टीलाखेड़ी के आंकड़ों में दो सरकारी प्रतियों के बीच अंतर बताया गया है। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक के 'कमाल का भोपाल' अभियान में वर्ष 2047 के शहर की योजना के तहत सड़क, आवास, रोजगार, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरण को साथ लेकर चलने पर जोर दिया गया है। क्रेडाई ने भोपाल महानगरीय क्षेत्र के विश्वस्तरीय विकास के लिए 126 पृष्ठों की रिपोर्ट भोपाल विकास प्राधिकरण और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल को सौंपी।

बिजनेस न्यूज

बीआईएस ने हॉलमार्किंग और पंजीकरण के नियम समझाए

भोपाल। भारतीय मानक ब्यूरो के भोपाल शाखा कार्यालय द्वारा विदिशा में हॉलमार्किंग एवं सामान्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 80 से अधिक आभूषण कारोबारियों और अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आभूषणों की शुद्धता, हॉलमार्किंग नियमों और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विदिशा अनिवार्य हॉलमार्किंग वाले जिलों में शामिल है। कार्यक्रम में स्थानीय आभूषण कारोबारियों को हॉलमार्किंग पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया, संबंधित नियमों, पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया और बिक्री केंद्रों पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो के भोपाल शाखा कार्यालय के निदेशक एवं प्रमुख मोहम्मद रिजवान, उपनिदेशक हरि ओम मीणा और बीएचआर आकांक्षा मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में चांदी की वस्तुओं पर विशिष्ट पहचान संख्या आधारित हॉलमार्किंग व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों के अनुसार, 1 सितंबर 2025 से चांदी की वस्तुओं पर यह व्यवस्था स्वैच्छिक आधार पर लागू की गई है। इसके तहत भारतीय मानक ब्यूरो का चिह्न, चांदी शब्द, शुद्धता श्रेणी और छह अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या का विवरण दिया गया।



एमपी बिरला सीमेंट ने 750 से अधिक डीलर साझेदारों को किया सम्मानित

भोपाल। एमपी बिरला सीमेंट ने अपने डीलर नेटवर्क के योगदान और उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए आगरा में वार्षिक डीलर सम्मान समारोह 2025-26 का आयोजन किया। समारोह में मध्य प्रदेश के 750 से अधिक व्यापारिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रसिद्ध गायक जेमी फ्लिक्स की लाइव प्रस्तुति ने आयोजन को यादगार बनाया। समारोह में कंपनी के राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख तमल पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि मध्य प्रदेश में कारोबार के विस्तार और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में डीलर नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। मध्य प्रदेश के केंद्रीय क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख देवेंद्र चौरसिया, पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख संजीव भार्गव, दक्षिणी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख शैलेंद्र खाटलोइया, सीएसएस प्रमुख अविनाश पांडे और राज्य रसद प्रमुख अंकुर जैन भी उपस्थित रहे।

पीएनबी ने किया सतत वित्त नेतृत्व शिखर सम्मेलन का आयोजन

नई दिल्ली । पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने द्वारका स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रथम सतत वित्त नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। इसके साथ तीसरा पीसीएएफ इंडिया एक्सेलरेटर सत्र भी आयोजित हुआ। सम्मेलन में नियामक संस्थाओं, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, उद्योगों और सतत विकास संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।पीएनबी की मुख्य समूह जोखिम अधिकारी मौसमी मजूमदार ने बैंक की सतत विकास यात्रा और भावी योजनाओं की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के भारत प्रमुख डॉ. बालकृष्ण पिसुपति ने सतत वित्त की महत्ता बताई। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक के साकेत कुमार ने जलवायु जोखिम और सतत वित्त के नियामकीय दृष्टिकोण पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन में जलवायु जोखिम, जिम्मेदार बैंकिंग, वित्तपोषित उत्सर्जन और प्रकृति से जुड़े जोखिमों पर चर्चा हुई।

ग्रेट इंडियन फेस्टिवल : प्रीमियम मोबाइल और फैशन की अच्छी मांग

मुंबई। अमेजन के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत अब तक की सबसे बड़ी शुरुआत के रूप में हुई है। कंपनी के अनुसार, पिछले साल की तुलना में पहले दिन ग्राहकों ने 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादों के आदेश दिए। देश के सभी पिन कोड से स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, सौंदर्य प्रसाधन, घरेलू सामान और रोजमर्रा की जरूरतों के उत्पाद खरीदे गए। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राहकों की भागीदारी, खरीदारी और वितरण की गति के मामले में नए रिकॉर्ड बने हैं। हर दो में से एक ग्राहक ने किस्तों के माध्यम से खरीदारी की। अमेजन नाउ की सुविधा वाले 120 से अधिक शहरों में हर दो में से एक उत्पाद कुछ ही मिनटों में पहुंचाया गया।

एजियस फेडरल का मल्टी-करेंसी प्लान 'ऑरम एडवांटेज' लांच

मुंबई। एजियस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में अपना कारोबार शुरू करते हुए मल्टी-करेंसी लाइफ इंश्योरेंस प्लान 'ऑरम एडवांटेज' लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह गिफ्ट सिटी में किसी जीवन बीमा कंपनी की ओर से पेश किया जाने वाला पहला मल्टी-करेंसी लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। इस यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत ग्राहक अमेरिकी डॉलर, यूरो और ब्रिटिश पाउंड में निवेश कर सकते हैं। इसमें लाइफ इंश्योरेंस कवर के साथ अंतरराष्ट्रीय शेयरों, फिक्स्ड इनकम और गोल्ड से जुड़े निवेश विकल्प उपलब्ध हैं।

टाटा एआईए ने 'वाइटैलिटी' को नए स्वरूप में पेश

मुंबई। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने अपने स्वास्थ्य एवं जीवनशैली कार्यक्रम 'वाइटैलिटी' को नए स्वरूप में पेश किया है। इसका उद्देश्य जीवन बीमा सुरक्षा के साथ लोगों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में रोजाना की शारीरिक गतिविधियों और स्वास्थ्य संबंधी सकारात्मक कदमों पर पुरस्कार देने की व्यवस्था है। टाटा एआईए के मुख्य व्यवसाय अधिकारी सुजीत कोठारे ने कहा कि बीमा का भविष्य सुरक्षा के साथ बीमारी की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने से भी जुड़ा है।कंपनी के मुताबिक, लगभग 4.65 लाख सदस्यों पर सात साल तक किए गए अध्ययन में निष्क्रिय जीवनशैली से सक्रिय जीवनशैली अपनाने वालों में मृत्यु का जोखिम 57 प्रतिशत तक कम पाया गया।

एसईपीसी और सेल के बीच 854.57 करोड़ रुपए का अनुबंध हस्ताक्षर

चेन्नई। औद्योगिक अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी एसईपीसी लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल के बर्नपुर स्थित सेल-आईआईएससीओ स्टील प्लांट के साथ 854.57 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अनुबंध पेलेट प्लांट पैकेज-2 के तहत सिविल और संरचनात्मक कार्यों से संबंधित है। कंपनी की प्रबंध निदेशक वेंकटरमणि जयगणेश ने कहाकि कुल एकीकृत ऑर्डर बुक 10 हजार करोड़ रुपए के पार पहुंच गई है। अनुबंध पर 8 अक्टूबर 2026 को हस्ताक्षर किए गए।

संपत्ति पर ऋण से पूरे हो सकते हैं बड़े सपने भुगतान क्षमता का आकलन जरूरीः तिवारी

होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन ने बताया संपत्ति बेचे बिना उसकी कीमत के आधार पर जुटाई जा सकती है पूंजी

वित्तीय जरूरतों को पूरा करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बदलती जीवनशैली और बढ़ती आकांक्षाओं के बीच बच्चों की उच्च शिक्षा, कारोबार का विस्तार, चिकित्सा खर्च और पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में संपत्ति पर ऋण एक वित्तीय विकल्प बन सकता है। होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन एवं जन अधिकारी आशीष तिवारी के अनुसार, इस माध्यम से लोग अपनी मौजूदा संपत्ति को बेचे बिना उसके मूल्य का उपयोग वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कर सकते हैं।



आशीष तिवारी

तिवारी ने कहा कि मकान या व्यावसायिक संपत्ति केवल रहने अथवा कारोबार करने का स्थान नहीं होती, बल्कि जरूरत पड़ने पर वित्तीय संसाधन जुटाने का माध्यम भी बन सकती है। संपत्ति पर ऋण के तहत आवासीय या व्यावसायिक संपत्ति ऋणदाता के पास गिरवी रखी जाती है। सामान्यतः संपत्ति का स्वामित्व उधारकर्ता के पास बना रहता है, लेकिन ऋण की शर्तों के अनुसार भुगतान करना आवश्यक होता है।

आशीष तिवारी के मुताबिक, संपत्ति पर ऋण का उपयोग बच्चों की उच्च शिक्षा, नया कारोबार शुरू करने, मौजूदा व्यवसाय का विस्तार करने या बड़ी चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने जैसे उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इससे व्यक्ति को अपनी दीर्घकालीन बचत या निवेश को तत्काल बेचने से बचने का विकल्प मिल सकता है। उन्होंने बताया कि ऋण की राशि संपत्ति के मूल्य, उसके प्रकार, कानूनी स्थिति और आवेदक की आय तथा भुगतान क्षमता के आधार पर निर्धारित होती है। कुछ मामलों में संपत्ति के मूल्य का एक बड़ा हिस्सा ऋण के रूप में मिल सकता है, लेकिन वास्तविक राशि ऋणदाता की पात्रता शर्तों और मूल्यांकन पर निर्भर करती है।

ब्याज दर और कुल लागत समझना जरूरी

तिवारी ने कहा कि संपत्ति पर ऋण लेने से पहले ब्याज दर, ऋण की अवधि, मासिक किस्त और अन्य शुल्कों की तुलना करनी चाहिए। लंबी अवधि में मासिक किस्त कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज का भुगतान बढ़ सकता है। इसलिए केवल कम किस्त देखकर ऋण लेने के बजाय उसकी पूरी लागत को समझना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि कारोबार के लिए ऋण लेने वाले व्यक्ति को संभावित आय और खर्चों का यथार्थ आकलन करना चाहिए, ताकि कारोबार से अपेक्षित आमदनी नहीं होने की स्थिति में भी किस्तों का भुगतान प्रभावित न हो। आशीष तिवारी के अनुसार, संपत्ति पर ऋण लेते समय यह समझना महत्वपूर्ण है कि भुगतान में लगातार चूक होने पर उधारकर्ता की संपत्ति जोखिम में पड़ सकती है। लागू कानून और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऋणदाता गिरवी रखी संपत्ति के विरुद्ध कार्रवाई कर सकता है। इसलिए ऋण लेने से पहले स्थिर आय, नियमित किस्तों और आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त वित्तीय व्यवस्था पर विचार करना चाहिए।

चिंतन

नेताओं की महत्वाकांक्षा में पिस रहा आम आदमी



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

राजधानी दिल्ली में पिछले एक सप्ताह से राजनीतिक दलों की खींचतान का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। पहले कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन, फिर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और वामपंथी संगठनों के विरोध ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मेट्रो स्टेशन बंद हुए, रेल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं और इंटरनेट सेवाओं पर भी असर पड़ा। नौकरीपेशा लोग समय पर दफ्तर नहीं पहुंच पाए, विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई और रोज कमाकर खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हुआ। नेताओं की महत्वाकांक्षाओं और राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में आम आदमी एक बार फिर पिसने को मजबूर है। सवाल सीधा है कि अपनी ताकत दिखाने की इस राजनीति में जनता को सजा क्यों मिले? लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन जनता को परेशान करने का लाइसेंस नहीं। निर्वाचन आयोग के फैसलों पर सवाल उठाना हो, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग करनी हो या सरकार की नीतियों का विरोध करना हो, राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने की पूरी स्वतंत्रता है। मगर विरोध का ऐसा तरीका, जो लाखों लोगों की दिनचर्या बिगाड़ दे, इसे किसी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता। नेता धरने पर बैठकर अपनी मांगों के लिए लड़ते हैं, लेकिन इसकी कीमत उस कर्मचारी को चुकानी पड़ती है, जिसकी एक दिन की अनुपस्थिति वेतन कटवा सकती है। परीक्षा देने जा रहे विद्यार्थी, अस्पताल पहुंचने की कोशिश करता मरीज और रोज की कमाई पर निर्भर मजदूर किसी राजनीतिक दल के विरोधी नहीं हैं। फिर उन्हें इस लड़ाई में घसीटने का हक किसने दिया? 10 अक्टूबर को सीजेपी और वामपंथी संगठनों के प्रदर्शन के दौरान हालात की गंभीरता सामने आई। खबरों के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में 45 मेट्रो स्टेशन बंद किए गए और सात हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। रविवार को सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ ने मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने, इंटरनेट बाधित नहीं करने और लोगों की आवाजाही नहीं रोकने पर जोर दिया। संबंधित अधिकारियों से जवाब भी मांगा गया। हालांकि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, लेकिन प्रतिबंध समस्या के अनुपात में ही होने चाहिए। कुछ स्थानों पर तनाव की आशंका के कारण पूरे शहर की रफ्तार रोक देना उचित नहीं। सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि प्रदर्शन भी हो और आम नागरिक का जीवन भी चलता रहे। विडंबना यह है कि हर राजनीतिक दल जनता के नाम पर राजनीति करता है, लेकिन विरोध के दौरान सबसे पहले उसी जनता की सुविधा को ताक पर रख देता है। इस बार तो एक गैर जिम्मेदार दल और कुछ कथित नेता अपनी महत्वाकांक्षा के चलते लोगों को बरगलाकर प्रदर्शन में धकेल रहे हैं। राजनीतिक दलों को प्रदर्शन के लिए ऐसे स्थान और तरीके चुनने चाहिए, जिनसे सार्वजनिक परिवहन, अस्पतालों, स्कूलों और कामकाजी लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो। प्रशासन को भी वैकल्पिक मार्गों और परिवहन की व्यवस्था करनी चाहिए तथा प्रतिबंधों को अंतिम विकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। राजनीति जनसेवा का माध्यम है, जनजीवन को बंधक बनाने का नहीं। नेताओं को समझना होगा कि जनता केवल रैलियों में भीड़ जुटाने या चुनाव में वोट देने के लिए नहीं है। उसकी रोजमर्रा की जरूरतें और अधिकार भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने राजनीतिक दलों के मुद्दे। लोकतंत्र की सार्थकता शक्ति प्रदर्शन में नहीं, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में है।

सस्ता डेटा बेहतर या तेज उपग्रह नेटवर्क

अब तक देश में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने का प्रमुख आधार मोबाइल टावर, भूमिगत प्रकाशीय तंतु और दूरसंचार नेटवर्क रहे हैं। उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली तकनीक ने संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। इस परिवर्तन के केंद्र में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा और मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जैसी कंपनियां हैं। इन दोनों के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा केवल दो उद्योगपतियों की कारोबारी लड़ाई नहीं है, बल्कि यह भारत में भविष्य की संचार व्यवस्था, बाजार के नियमों और डिजिटल आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्त्वपूर्ण प्रश्न भी है। एलन मस्क की स्टारलिंक निम्न पृथ्वी कक्षा में स्थापित उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट उपलब्ध कराती है। इसकी विशेषता यह है कि इसके लिए प्रत्येक स्थान तक भूमिगत तार बिछाना या मोबाइल टावर स्थापित करना आवश्यक नहीं होता। उपयोगकर्ता के स्थान पर उपयुक्त उपकरण लगाकर उपग्रहों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा जा सकता है।

यह व्यवस्था विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकती है, जहां पहाड़, घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां अथवा बिखरी हुई आबादी के कारण पारंपरिक संचार नेटवर्क पहुंचाना कठिन और खर्चीला होता है। भारत जैसे विशाल देश में इस तकनीक की उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। हिमालयी क्षेत्रों के गांवों, सीमावर्ती बस्तियों, द्वीपों और दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा प्रशासनिक सेवाओं को मजबूत कर सकती है। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी उपग्रह आधारित संचार महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बाढ़, भूकंप अथवा चक्रवात के कारण जब सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाएँ और जमीन पर आधारित संचार व्यवस्था बाधित हो जाए, तब उपग्रह संपर्क राहत और बचाव कार्यों में सहायक बन सकता है। हालांकि, इसके लिए बिजली, उपयुक्त उपकरण और आवश्यक तकनीकी व्यवस्था भी उपलब्ध होनी चाहिए। स्टारलिंक की भारत में संभावित शुरुआत को लेकर चर्चा उस समय अधिक तेज हो गई, जब कंपनी को आवश्यक प्रारंभिक नियामकीय अनुमतियां मिलने के बाद भी व्यावसायिक सेवा शुरू करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। भारत में किसी विदेशी उपग्रह संचार कंपनी के लिए केवल अनुमति प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है। उसे सुरक्षा संबंधी शर्तों, तकनीकी मानकों, नियामकीय नियमों और अन्य निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करना पड़ता है। उपग्रहों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं में राष्ट्रीय सुरक्षा और संचार व्यवस्था की निगरानी विशेष रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसी पृष्ठभूमि में एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच विवाद चर्चा का विषय बना। अक्टूबर 2026 में मस्क ने सामाजिक संचार मंच एक्स पर अंबानी के प्रभाव को लेकर व्यंग्यात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ प्रभावशाली कारोबारी उपग्रह इंटरनेट के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को सीमित करना चाहते हैं। उन्होंने अंबानी को निशाना बनाते हुए यह भी पूछा कि क्या वही भारत के वास्तविक निर्णायक हैं। मस्क की टिप्पणियों में यह शिकायत दिखाई देती है कि उनकी कंपनी को भारतीय बाजार में अपनी सेवाएं



शुरू करने के लिए अपेक्षित गति से आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल रहा है। हालांकि, किसी कंपनी को अनुमति मिलने में देरी को सीधे तौर पर दूसरी कंपनी के दबाव या एकाधिकार की कोशिश का प्रमाण नहीं माना जा सकता। इसके लिए ठोस तथ्य आवश्यक हैं। भारत सरकार का पक्ष है कि उपग्रह संचार सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन करना होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी एक कंपनी को विशेष लाभ देने के पक्ष में नहीं है। स्टारलिंक, जियो की उपग्रह संचार सेवा और वनवेब जैसी कंपनियों को संबंधित नियामकीय आवश्यकताएं पूरी करनी होंगी। इस दृष्टि से विवाद को समझने के लिए आरोपों और प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर बनाए रखना जरूरी है। इस बहस में जोहो के संस्थापक श्रीधर वेम्बु की टिप्पणियां भी उल्लेखनीय हैं। उन्होंने भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता और दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के महत्व को रेखांकित किया। उनके अनुसार, भारत में मोबाइल इंटरनेट की कम कीमतों ने आम नागरिकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया है। कुछ वर्ष पहले तक इंटरनेट का नियमित उपयोग अनेक परिवारों के लिए महंगा था। आज विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं, छोटे व्यापारी अपने ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनेक सरकारी तथा वित्तीय सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो के प्रवेश ने इस परिवर्तन को गति देने में अहम भूमिका निभाई। कम कीमत पर अधिक आंकड़ा उपलब्ध कराने वाली योजनाओं ने दूसरी कंपनियों को भी अपनी सेवाओं और मूल्य निर्धारण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित किया। इससे इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ी और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ। फिर भी भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता का पूरा श्रेय किसी एक कंपनी को देना उचित नहीं होगा।

सरकारी डिजिटल पहलों, दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, तकनीकी प्रगति और स्मार्ट उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता ने भी इसमें योगदान दिया है। अब प्रश्न यह है कि स्टारलिंक जैसी सेवा भारतीय बाजार में किस प्रकार अपनी जगह बनाएगी। उपग्रह इंटरनेट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी भौगोलिक पहुंच है, लेकिन इसकी लागत एक बड़ी चुनौती है। पारंपरिक मोबाइल इंटरनेट का उपयोग करने के लिए सामान्यतः अलग से उपग्रह उपकरण लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इसलिए भारत के विशाल उपभोक्ता वर्ग के लिए केवल तकनीकी श्रेष्ठता पर्याप्त नहीं होगी। सेवा की कीमत, विश्वसनीयता और वास्तविक उपयोगिता भी निर्णायक होंगी।

इस प्रकार दोनों व्यवस्थाओं को एक-दूसरे का पूर्ण विकल्प मानने के बजाय पूरक के रूप में देखना अधिक व्यावहारिक होगा। मोबाइल नेटवर्क और भूमिगत संचार तंत्र बड़ी आबादी को कम लागत पर जोड़ सकते हैं, जबकि उपग्रह इंटरनेट उन स्थानों तक पहुंच बढ़ा सकता है, जहां अन्य माध्यम सीमित हैं। इस विवाद का सबसे जटिल पक्ष रेडियो तरंगों के उपयोग के लिए आवश्यक स्पेक्ट्रम का आवंटन है। भारत की डिजिटल यात्रा अब केवल इंटरनेट की गति बढ़ाने तक सीमित नहीं है। यह इस बात से भी जुड़ी है कि देश अपनी तकनीकी आवश्यकताओं, आर्थिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच कैसा संतुलन स्थापित करता है। स्टारलिंक और जियो के बीच उभरती प्रतिस्पर्धा इस संतुलन की परीक्षा है। सरकार को पारदर्शी नियमों, निष्पक्ष निर्णयों और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। अंततः सफलता किसी उद्योगपति की व्यक्तिगत जीत में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के निर्माण में होगी जो भारत के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल अवसरों से जोड़ सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि विशेष
कृष्ण प्रताप सिंह



डॉ. लोहिया ने छेड़ी 'तीन आना बनाम पंद्रह आना' की बहस

सन् 1967 में 12 अक्टूबर को (यानी आज के ही दिन) पौरुष ग्रंथि के विफल ऑपरेशन से पीड़ित समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ तो राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने अपने एक भावप्रवण संस्मरण में लिखा था : कोई महीना भर पहले मैंने उन्हें सुझाया कि वे हमेशा 'सप्तक्रांति के स्फुलिंग' ही न बने रहा करें। अपना 'शाश्वत' क्रोध घटायें और अपने समकालीन नेताओं से छोटी-छोटी बातों को लेकर कटुताएं न पैदा किया करें। अन्यथा कहीं ऐसा न हो कि उनके प्रधानमंत्री बनने का अवसर आये तो ये कटुताएं उनके रास्ते की बाधा बन जायें। इस पर उनका उत्तर था, 'दिनकर, तुम समझते हो कि बहुत दिन जीने वाला हूं मैं? मेरी आयु बहुत कम है, इसलिए जब भी जो भी बोलता हूं, उसे बोल लेने दो मुझे।' अब मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी मौत को पहले ही देख लिया था। आज की तारीख में कम ही लोग जानते होंगे कि डॉ. लोहिया और 'दिनकर' परस्पर अभिन्न मित्र थे। इस तथ्य के बावजूद कि राजनीति में उनकी सक्रियताएं परस्पर विरोधी थीं। निधन के वक्त लोहिया महज 57 साल के थे और उनका संसदीय जीवन भी लम्बा नहीं रहा था। इसका एक बड़ा कारण उनका चुनावी जीत-हार को बहुत महत्व न देना, 1962 से पहले कोई लोकसभा चुनाव न लड़ना और 1962 में भी फूलपुर जाकर लगभग असम्भव मुकाबले में सीधे तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से भिड़ जाना था। उनके अनुसार लोकतंत्र में चुनाव अपनी पार्टी की नीतियों को मतदाताओं तक ले जाने के अवसर होते हैं और आते-जाते रहते हैं। इसलिए मतदाताओं द्वारा उनमें सुनाये गये फैसलों को लेकर हाय-तौबा का कोई हासिल नहीं होता। ऐसे किसी हासिल के लिए तो शिकस्त के दिन से ही अगले मुकाबले की तैयारी में लग जाना होता है। उन्होंने लगभग यही बात 1962 के लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की करारी हार के बाद नैनीताल में उसके कार्यकर्ताओं को निराशा के कर्तव्य समझाते हुए भी कही थी। बाद में इन्हीं कार्यकर्ताओं (जो कह रहे थे कि



तत्कालीन परिस्थितियों में लोहिया का लोकसभा में होना बहुत जरूरी है) की मांग पर वे उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट का उपचुनाव (जो वहां से निर्वाचित कांग्रेस सांसद मूलचंद दूबे के निधन के कारण हुआ था) लड़े और जीते थे। नये परिसीमन के फलस्वरूप अलग कन्नौज लोकसभा सीट अस्तित्व में आई तो 1967 के लोकसभा चुनाव में वे उस सीट से भी चुनाव लड़े और विजयी हुए थे। थोड़े ही दिनों बाद वे इस दुनिया को अलविदा कह गए। इस तरह वे दो कार्यकालों में कुल मिलाकर मुश्किल से एक कार्यकाल की अवधि के बराबर ही लोकसभा में रहे, लेकिन उसकी कार्यवाहियों और बहसों में अपनी अनूठी हिस्सेदारी से यह सिद्ध कर गये कि छोटी होने के बावजूद उसमें उनकी उपस्थिति महनीय है। लोकसभा में दिये गये उनके अन्य सारे भाषण भुला दिये जायें तो अकेला 'तीन आने बनाम पन्द्रह आने' वाला ऐतिहासिक भाषण ही उन्हें अप्रासंगिक नहीं होने देगा और उनकी याद दिलाता रहेगा। उन्होंने यह भाषण आचार्य जेबी कृपलानी द्वारा 22 अगस्त, 1963 को जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में दिया था। यह प्रस्ताव आजादी के बाद किसी भी सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव था, जिसकी हिमायत में लोहिया ने कहा था कि 27 करोड़ (उस वक्त की देश की जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत) देशवासी तीन आने (20 नये पैसे) रोज के खर्च पर जीवन निर्वाह को अभिशप्त हैं। सत्ता पक्ष की ओर से इस 'तीन आने' को 'पन्द्रह आने' बताया गया तो लोहिया ने यह कहकर उसे चुप करा दिया कि अगर मेरी बात गलत निकलती है तो मैं इस सदन से निकल जाऊंगा और सत्तापक्ष गलत निकलता है तो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपने पद पर नहीं रहना चाहिए। इसी भाषण में उन्होंने यह भी कहा था कि देश में महिलाएं, हरिजन, आदिवासी, पिछड़े, धार्मिक अल्पसंख्यक और शूद्र पांच बड़े वर्ग हैं, जिनकी आबादी कुल आबादी की नब्बे फीसदी है। इन्हें विशेष अवसर दिए बगैर तीन आने वाली स्थिति नहीं ही बदलने वाली। उनके इस भाषण को लोकसभा के इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक भाषणों में से एक माना जाता है। चुनाव तो वे 1962 के लोकसभा चुनाव में फूलपुर में जवाहरलाल नेहरू से भी हारे थे लेकिन उनकी उस हार में भी एक नैतिक चमक थी, जबकि कन्नौज सीट को लेकर हाईकोर्ट से मिली हार मतगणना में उन्हें मिली जीत की भी नैतिक चमक छीन लेने वाली थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कर्मों से उपार्जित सुख

संकलित
दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

जब झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

सटाका



आज की पाती

बहुत जरूरी है मानसिक स्वास्थ्य

दस अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दिन बहुत से देशों में सरकारी और विभिन्न सामजिक संगठन लोगों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य होना भी जरूरी है, तभी हम जिंदगी के मजे ले सकते हैं। हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण कई गिनवाए जा सकते हैं। संभावना है कि बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। - *पूजा नरवाल, सोनीपत*

ट्रेंड

दैवीय शक्ति की उपासना



दैवीय शक्ति की उपासना को समर्पित नवरात्रि पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगदम्बा की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य का संचार हो, तथा राष्ट्रीय एकता और प्रगति का संकल्प और सुदृढ़ हो।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

जनता की आवाज़



'मोगैंबो मोदी' ने चुनाव में धांधली करके और जनता की आवाज़ को दबाकर भारत के लोकतंत्र की नींव को बर्बाद कर दिया है। वे चाहे कितना भी डराने-धमकाने की कोशिश कर लें-मोदी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका खेल, जो पिछले 10-15 सालों से चल रहा था, अब खत्म हो चुका है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

सपनों की उड़ान



हरियाणा की बेटी अर्शिया गोस्वामी ने साबित कर दिखाया है कि सपनों की उड़ान उम्र की मोहताज नहीं होती! धाकड़ बेटी ने 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सबसे कम उम्र की डेडलिफ्टर के रूप में अपनी पहचान बनाई है।
- **नायब सैनी,** सीएम, हरियाणा

विपक्ष का दबाव



जब विपक्ष का दबाव बहुत ज्यादा बढ़ा, तो रातों-रात सारी व्यवस्थाएँ हटा दी गईं। यह सरकार किसी मटके की तरह लुढ़कती रहती है, एक किनारे से दूसरे किनारे, कभी यहां, तो कभी वहां।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

ब्रिटेन में मोदी की '25 साल की जन सेवा' का जश्न मना

ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के विभिन्न संगठनों का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित पद पर 'जनसेवा के 25 वर्ष' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' परिसर में हुई। इसकी मेजबानी लॉर्ड रामी रेंजर ने सरदार पटेल मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष के रूप में की। कार्यक्रम में असमिया और ओडिसी के पारंपरिक नृत्य, वायलिन वादन और औपचारिक रूप से केक काटने के आयोजन के जरिए भारत की सांस्कृतिक विविधता भी प्रदर्शित की गई। आयोजकों ने एक बयान में कहा, 'इन समारोहों के केंद्र में भारत का शाश्वत दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। यह मार्गदर्शक सिद्धांत समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और नई शुरुआत जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, ''इस महत्वपूर्ण पड़ाव का जश्न मनाते हुए इन आयोजनों को गैर-राजनीतिक रखा गया है। इनमें सार्वजनिक सेवा, समावेशिता, शांति, साहस, खुशी, समृद्धि और सभी भारतीयों की सफलता जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है।' इस बीच, ब्रिटिश भारतीय समुदाय ने 17 अक्टूबर को पश्चिमी लंदन के रुइस्लिप में एक सामुदायिक समारोह आयोजित करने की योजना की घोषणा की है।



ऑफ बीट

क्या माउथवॉश हृदय के लिए हानिकारक होता है

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और हृदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन "अच्छे" बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो हृदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



छोटी पहल भी पैदा कर सकती है बड़ी राष्ट्रीय भावना

पीएम मोदी बोले- युवाओं की आंखों में दिखता है भारत का भविष्य यही आपका समय,यही अवसर

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री, बड़े सपने देखने और नए विचारों के साथ दुनिया की समस्याओं का समाधान तलाशने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के चेन्नई में जयगोपाल गरोडिया हिंदू विद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से बड़े सपने देखने और देश के भविष्य को लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज तेजी से बदल रहा है और विकसित भारत के निर्माण के लिए नए विचारों तथा समाधानों की जरूरत है। भारत के युवा न केवल देश, बल्कि पूरी दुनिया का भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा, मुझे आपकी आंखों में भारत का भविष्य दिखता है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने भविष्य को बड़े कैनवास पर देखें, क्योंकि यही उनका समय और अवसर है। देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है और युवाओं को अपनी क्षमता पहचानकर आगे बढ़ना चाहिए।

कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई

भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर



शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़े अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में देश का शिक्षा परिदृश्य तेजी से बदला है। वर्ष 2014 में भारत में करीब 750 विश्वविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 1,300 से अधिक हो गई है। इसी तरह कॉलेजों की संख्या भी लगभग 38 हजार से बढ़कर 52 हजार से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में कई नए आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी खोले गए।

दुनिया की समस्याओं का समाधान दे सकते हैं भारतीय युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया विभिन्न समस्याओं के समाधान तलाश रही है। भारत के युवाओं में अपनी शिक्षा, प्रतिभा, ऊर्जा और नवाचार के दम पर इन समस्याओं का समाधान देने की क्षमता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत का सपना युवाओं की भागीदारी से साकार होगा। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी नए विचारों को अपनाएं, आत्मविश्वास बनाए रखें और चुनौतियों को अवसर में बदलने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं को इस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाला समय भारत और भारतीय युवाओं का है।

प्रधानमंत्री मोदी से सीएम विजय ने किए छह अनुरोध

- चेन्नई मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दें
- कोयंबटूर और मदुरै में मेट्रो पर फिर विचार करें
- होसुर-बोम्मासंद्रा मेट्रो को मंजूरी दें
- गोदावरी-कावेरी लिंक परियोजना को प्राथमिकता दें
- दो हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर मंजूर करें
- एसएसए के 5,110 करोड़ रुपये जारी करें

खबर संक्षेप

नाना की मौत खून का थक्का जमने से हुई

पणजी। अभिनेता नाना पाटेकर की मौत खून का थक्का जमने से दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई।



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने रिपोर्ट के आधार पर रविवार को कहा कि अभिनेता को खून का थक्का जमने के कारण दिल का दौरा पड़ा।

स्कूल की प्रार्थना सभा में छात्र से माफी,मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम। अलाप्पुझा के एक निजी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान एक छात्र से



माफी मंगवाए जाने के मामले में राज्य बाल अधिकार आयोग ने रविवार को एक मामला दर्ज किया। आयोग ने अलाप्पुझा के चेरतला स्थित वालामंगलम उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एक छात्र से प्रार्थना सभा में माफी मंगवाए जाने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की।

43 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त

गुवाहाटी। एनसीबी ने असम में दो ट्रकों के ईंधन टैंकों में रखी गई करीब 43 करोड़ की 53.93 किलो



मेथामफेटामीन जब्त की और मणिपुर के दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई छह अक्टूबर को गुवाहाटी में की गई और मादक पदार्थों की यह खेप म्यांमा से मंगाई गई थी। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

रामायण का पहला भाग पांच नवंबर को होगा रिलीज

मुंबई। फिल्म रामायण के निर्माताओं ने घोषणा की कि दो भागों में बनने वाली इस पौराणिक



फिल्म का पहला भाग पांच नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। इसके साथ ही निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी जारी किया जिसमें रणबीर कपूर, साईं पल्लवी, रवि दुबे और यश नजर आ रहे हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर फिर भड़की सीजेपी कहा

ज्ञानेश को बचाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में 'आपातकाल' जैसे हालात पैदा कर दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रेस वार्ता में आशुतोष रांका और सौरव दास ने केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस पर साधा निशाना
हिरासत में अमानवीय व्यवहार और राजधानी में भारी पाबंदियां लगाने के लगाए आरोप

आयोग जिम्मेदारी निभाने में विफल, भाजपा को हो रहा लाभ

दीपके की दादी के निधन पर पुलिस के व्यवहार पर उठाए सवाल

कॉकरोच जनता पार्टी ने रविवार को दिल्ली के प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी के सह-संयोजक और प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि पिछले 72 घंटों में देश में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनकी कल्पना करना भी मुश्किल था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा है और भाजपा को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। रांका ने कहा कि शुरुआत में उनका विरोध मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयोग के खिलाफ था, लेकिन अब यह लड़ाई केंद्र सरकार के खिलाफ होती जा रही है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार किसी भी कीमत पर ज्ञानेश कुमार को बचाना चाहती है। रांका ने सीजेपी से जुड़े अभिजीत दीपके की दादी के निधन का उल्लेख करते हुए दिल्ली पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिपके को निधन की सूचना मिलने के बाद भी पुलिसकर्मी कैमरे और माइक लेकर खड़े रहे। दीपके अपने परिवार से बात करना चाहते थे, क्योंकि उनके माता-पिता की तबीयत खराब रहती है और वे हृदय रोग से पीड़ित हैं। रांका ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी भावनाओं को समझने और परिजनों से बात कराने में संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रदर्शन में शामिल हुए चार पूर्व मुख्यमंत्रियों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी, माणिक सरकार और पिनाराई विजयन का आभार भी जताया। सीजेपी नेता सौरव दास ने हिरासत के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि उन्हें आरके पुरम थाने में रखा गया था, जबकि आशुतोष रांका और अभिजीत दिपके को दूसरी जगहों पर रखा गया।

पाबंदियों से आम लोगों को परेशानी का आरोप



दास ने दावा किया कि दिल्ली में 30 से 40 हजार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई और शहर में व्यापक पाबंदियां लगाई गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, दूसरे राज्यों से आने वाली ट्रेनों को रोकने, राजधानी एक्सप्रेस रद्द करने और दुकानों को बंद कराने जैसी कार्रवाइयों से आम नागरिक भी प्रभावित हुए। उनके मुताबिक, इससे प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ उन लोगों को भी परेशानी हुई, जिनका आंदोलन से कोई संबंध नहीं था।

खास बातें

- 20 एफआईआर : दिल्ली पुलिस ने दर्ज कीं
- 7,000 से अधिक : प्रदर्शनकारी, नेता और कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए
- 30,000 से ज्यादा : सुरक्षा कर्मियों की तैनाती
- 15 से अधिक : पथराव की घटनाओं में पुलिसकर्मी घायल
- 4 गिरफ्तार : छात्रों से मारपीट और महिलाओं से बदसलूकी के आरोपों वाले मामले में

जंतर-मंतर प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तेज, 20 एफआईआर से मचा हड़कंप

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार को हुए प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने 20 एफआईआर दर्ज की हैं। डीसीपी पीआरओ नेहा यादव के मुताबिक, इन मामलों में पुलिसकर्मियों पर हमला करने और सरकारी कर्मचारियों के कामकाज में बाधा डालने जैसे आरोप शामिल हैं।



कई स्थानों से हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारी

मध्य दिल्ली में कई जगहों पर बहुस्तरीय बैरिकेडिंग की गई थी। आकाशवाणी भवन, इम्तियाज अली मार्ग, हनुमान मंदिर और केरल हाउस सहित विभिन्न स्थानों से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां लगातार गश्त करती रहीं।

प्रदर्शन का दूसरा दिन,100 से ज्यादा लोग हिरासत में



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन जारी रखने के ऐलान के बाद रविवार को भी दिल्ली में कई जगहों पर प्रदर्शनकारी जुटे। दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। सीजेपी नेताओं का कहना है कि जब तक सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभिजीत, सौरव दास और आशुतोष रांका को रिहा कर दिया है। उधर, आज दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशन खुले हैं। मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट खुले रहेंगे।

मुझे किडनैप किया गया- ध्रुव राठी

यूट्यूबर ध्रुव राठी ने हिरासत से रिहा होने के बाद रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने



कैमरे के सामने अपना पासपोर्ट दिखाते हुए कहा कि वह भारतीय नागरिक हैं, थे और रहेंगे। उन्होंने अपने विदेशी पासपोर्ट को लेकर फैल रही चर्चाओं को भी खारिज किया। ध्रुव राठी ने दावा किया कि शनिवार सुबह कुछ लोग सादे कपड़ों में उनके घर में घुसे। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी मां को धक्का दिया और उन्हें बेडरूम से घसीटकर बाहर ले गए।

कांग्रेस देश में विभाजन चाहती है: त्रिवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोगेम्बो' कहने और तमिल भाषा



पर हमले के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश में विभाजन पैदा करना है, जबकि भाजपा एकता के लिए काम करती है। त्रिवेदी ने सरकार और प्रधानमंत्री पर लगाए गए आरोपों को आधारहीन बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आपातकाल की बात करते हैं, लेकिन क्या एक किलोमीटर की बैरिकेडिंग को आपातकाल कहा जा सकता है? त्रिवेदी ने तमिल भाषा और संस्कृति को लेकर भी कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में तमिल भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास हुए हैं। उन्होंने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि चेन्नई में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर काम किया गया है। इनमें चेन्नई मेट्रो के लिए 4,900 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए 3,700 करोड़ और रेल लाइन के लिए 750 करोड़ रुपये शामिल हैं।

हैदराबाद में 5 साल की बच्ची की हत्या

सिक्योरिटी गार्ड पर 20 लाख की फिरौती मांगने का आरोप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के एक रिहायशी परिसर में कृषि वैज्ञानिक की पांच वर्षीय बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई।



बच्ची शनिवार को लापता हुई थी। देर रात करीब नौ बजे उसका शव परिसर के क्लब हाउस के बेसमेंट में मिला। पुलिस के अनुसार, मामले में सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड विक्रम पर अपहरण और हत्या का संदेह है।

सीसीटीवी फुटेज में वह बच्ची का पीछा करता दिखाई दिया है। जांचकर्ताओं को आशंका है कि आरोपी ने बच्ची को छोड़ने के बदले 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। घटना से दो दिन पहले भी उसे परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते देखा गया था।

बच्ची के लापता होने की शिकायत के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया था। आरोपी की तलाश के लिए 10 सदस्यीय टीम गठित की गई है। मोबाइल फोन की लोकेशन से उसके सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन की ओर जाने की आशंका जताई गई है।

वाम दलों ने निकाली रैली...



कोलकाता। रविवार को कोलकाता में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द करने की मांग को लेकर वामपंथी छात्र और युवा कार्यकर्ताओं ने विरोध रैली निकाली।

13 अक्टूबर को होगा नागरिक सम्मेलन

दिल्ली के बाद अब कोलकाता में एसआईआर के खिलाफ तैयारी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में दिल्ली के बाद अब कोलकाता में भी आंदोलन की तैयारी की जा रही है। दुर्गापूजा से पहले विपक्षी दलों, संगठनों और नागरिक समाज के कुछ सदस्यों ने विरोध कार्यक्रमों की घोषणा की है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करना शामिल है। माकपा नेता विकासरंजन भट्टाचार्य, पूर्व नौकरशाह जवाहर सरकार और अन्य लोगों से जुड़े 'सिटिजंस फोरम वेस्ट बंगाल' ने 13 अक्टूबर को नागरिक सम्मेलन आयोजित किया है। इसमें नागरिक अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक न्याय के मुद्दे उठाए जाएंगे। पूर्व चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और अभिनेता प्रकाश राज के भी सम्मेलन में शामिल होने की संभावना है।

एनटीए सुधारों पर बोली संसदीय समिति

बचे हुए समय में परीक्षा देने की हो अनुमति

खास सुझाव: परीक्षा के दिन रैलियों और जुलूसों की अनुमति न दें जिला प्रशासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रैलियों, जुलूसों से परीक्षार्थियों को पहुंचने में हो सकती है देरी

संसदीय समिति ने सिफारिश की है कि अहम प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन जिला प्रशासन को किसी भी रैली, जुलूस या जनसभा की अनुमति नहीं देनी चाहिए ताकि यातायात सुचारू रहे। कानून-व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम पहले से हों और किसी भी परीक्षार्थी को बाहरी व्यवधानों का सामना न करना पड़े। राज्यसभा सदस्य मुकुल वासनिक की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति ने राज्यसभा के सभापति को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और उसे मजबूत बनाने से संबंधित रिपोर्ट में यह सिफारिश की। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा



(नीट) के प्रश्नपत्र लीक होने के विवाद और एनटीए में कथित प्रशासनिक खामियों के बाद आई है।

इस विवाद के कारण देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। अंततः तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, परीक्षा के दिन रैलियों, जुलूसों या बड़ी सभाओं के कारण परीक्षार्थियों को पहुंचने में देरी हो सकती है। वे पहुंचने के निर्धारित समय से चूक सकते हैं। समिति सिफारिश करती है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 में संशोधन कर जिला प्रशासन को परीक्षा के दिन किसी भी रैली, जुलूस या अन्य जनसभा की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाए कि यातायात सुचारू रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम पहले से हों, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को टाले जा सकने वाले बाहरी व्यवधान का सामना न करना पड़े।

15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए

समिति ने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान निरीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर कराने और जांच संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने से उन छात्रों का ध्यान भटकता है, जो पहले से ही समय के दबाव में परीक्षा दे रहे होते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, समिति का विचार है कि ऐसी औपचारिकताओं के लिए परीक्षा शुरू होने से पहले या समाप्त होने के बाद 15 मिनट का अलग समय निर्धारित किया जाए और परीक्षा के बीच ये औपचारिकताएं पूरी न की जाएं।

अश्लील कार्यक्रमों की सूचना पर हुई बड़ी कार्रवाई

मुंबई में पहले 11 बार के लाइसेंस भी किए गए थे निलंबित

ठाणे के ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा, 12 गिरफ्तार, 16 महिलाओं को बचाया

एजेंसी ▶▶ ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा बार पर छापा मारकर 16 महिलाओं को बचाया और बार के कर्मचारियों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान अवैध देशी और विदेशी शराब के साथ नकदी भी जब्त की गई। पुलिस के महिला शोषण रोधी प्रकोष्ठ ने यह कार्रवाई नवघर रोड स्थित बार में की। पुलिस अधिकारी के अनुसार, प्रकोष्ठ को सूचना मिली थी कि बार में नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है और अश्लील कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। मामले में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले जुलाई में मुंबई अपराध शाखा ने ऑर्केस्ट्रा बार की आड़ में कथित रूप से अवैध डांस बार चलाने



वाले 11 प्रतिष्ठानों के सार्वजनिक मनोरंजन लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित किए थे। इन पर निर्धारित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रमों के बजाय डांस बार संचालित करने और लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप थे। निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में महिला कलाकारों के अश्लील इशारे करने और ग्राहकों के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क के आरोप भी सामने आए थे। पुलिस के मुताबिक, छापेमारी से बचने के लिए गुप्त दरवाजे, और छिपने के लिए विशेष जगहें बनाई गई थीं।

खबर संक्षेप

जिबूती के पास नाव डूबी 109 लोगो की मौत

जिबूती। अफ्रीकी देश जिबूती के तट के पास प्रवासियों से भरी नाव डूबने से 109 लोगों की मौत हो गई, जबकि 116 लोग लापता हैं। नाव में करीब 305 लोग सवार थे। हादसे में 80 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, सभी जीवित बचे लोग इथियोपिया के नागरिक हैं। हादसा 8 और 9 अक्टूबर की दरमियानी रात जिबूती के ओबॉक शहर के उत्तर में हुआ। हादसे के बाद अब तक 109 शव बरामद किए गए हैं। इनमें 52 पुरुष, 42 महिलाएं और 15 बच्चे शामिल हैं।



अमेरिका में फायरिंग बच्चों समेत 9 की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य में हुई फायरिंग में बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर भी मृत मिला। आशंका है कि उसने खुद को गोली मारी। घटना एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर हुई। बता दे कि 24 सितंबर तक इस साल अमेरिका में मास शूटिंग की 343 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं में 320 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। 9 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे पुलिस को एरी शहर की पेरी स्ट्रीट पर गोलीबारी की सूचना मिली।



यमन में भीषण जंग,1150 हूती विद्रोहियों की मौत

अदन। यमन की सरकारी सेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में देश के अलग-अलग मोर्चों पर किए गए 1,900 से अधिक हमलों में 1,150 से ज्यादा हूती लड़ाके मारे गए हैं। दोनों पक्षों के बीच लड़ाई लगातार तेज होती जा रही है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक अभियानों में हूतियों के हथियार भंडार, सैन्य शिविर, किलेबंदी, तोपखाने की चौकियां, सैनिक जमावड़े को निशाना बनाया गया। हमले यमन के पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी मोर्चों पर किए गए। इनमें हूती नियंत्रण वाले इलाकों के भीतर मौजूद कई उच्च महत्व वाले सैन्य ठिकाने भी शामिल थे।



स्मित मच्छार को अस्पताल में इलाज के बीच मिला इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का खास संदेश

भले ही जख्म गहरे थे पर हौसला बुलंद, कैप्टन स्मित की नई तस्वीर आई सामने इजराइल देगा सबसे बड़ा 'वीरता' सम्मान

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

अबू धाबी के अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनकी बहादुरी से प्रभावित राष्ट्रपति हर्जोग ने उन्हें इजराइल के सर्वोच्च नागरिक वीरता सम्मान से सम्मानित करने का एलान किया है। मच्छार को भेजे अपने पत्र में हर्जोग ने कहा है कि स्मित के पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें यरुशलम बुलाकर यह सम्मान दिया जाएगा। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की उड़ान में हुए खौफनाक घटनाक्रम के दौरान स्मित ने जिस हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया, उससे विमान में सवार 180 लोगों की जान बच गई।

> भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार की नई तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति ने उन्हें इजराइल के नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने का ऐलान किया है

खास बातें

- कैप्टन स्मित को भेजा राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने पत्र
- विमान में सवार 180 लोगों की जान बचाई थीं



भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग का पत्र पढ़ते हुए

राष्ट्रपति इसाक ने मच्छार की जमकर तारीफ की

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने संदेश में भारतीय पायलट को इजराइल, भारत और पूरी मानवता का हीरो बताया। हर्जोग ने कहा कि उन्होंने स्मित को भेजे पत्र में उनके जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।

राष्ट्रपति ने किया ऐलान

कैप्टन स्मित मच्छार को प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड से सम्मानित करेगा इजरायल

फ्लाईदुबई प्लेन के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर ओमानी को-पायलट हम्माम अल-हम्मामी ने क्रैश-एक्स से हमला कर दिया था, जिसका स्मित मच्छार ने डटकर मुकाबला किया और 174 यात्रियों व क्रू सदस्यों की जान बचाई थी। उन्हें इजराइल का प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड फॉर सिविलियन हीरोइज्म नागरिक वीरता के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिलेगा। यह नागरिकों के लिए देश का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।



गंभीर रूप से घायल होने और बहुत ज्यादा खून बहने के बावजूद, भारतीय पायलट ने कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। उनकी इस हिम्मत की वजह से विमान के यात्री कॉकपिट में घुस पाए और हमलावर को काबू में कर सके। स्मित मच्छार का इलाज यूएई के एक अस्पताल में चल रहा है। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने कहा कि भारतीय पायलट को ठीक होने के बाद इजराइल का सर्वोच्च पुरस्कार दिया जाएगा।

एक्स पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे आंतरिक मामलों में संयुक्त राष्ट्र की बेवजह दखलंदाजी बताया

यह हमारा आंतरिक मामला, नसीहत की जरूरत नहीं, सीजेपी प्रोटेस्ट पर यूएन की टिप्पणियों को भारत ने किया खारिज



रणधीर जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को भारत सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के आंतरिक मामलों में बेवजह दखलंदाजी बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को स्पष्ट किया कि भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह से कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई की है।

एक्स पर जारी एक वीडियो बयान में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारतीय संविधान शांतिपूर्ण सभा के अधिकार की गारंटी देता है, जिसकी सुरक्षा देश की मजबूत संस्थाएं, स्वतंत्र न्यायपालिका और निष्पक्ष मीडिया करते हैं। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली की घटनाओं पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की टिप्पणियां अनुचित हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है।

> भारत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी के दिल्ली विरोध प्रदर्शन में हुई गिरफ्तारियों पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग की चिंताओं को खारिज कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां नागरिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा की जाती है

भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा करना अच्छी तरह जानता है

यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है: जायसवाल

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण

रणधीर जायसवाल ने विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिक्रिया देने के मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था के 'चुनिंदा रवैये' की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बयान जारी करने के मामले में का रुख बेहद पक्षपातपूर्ण रहा है। भारत के पड़ोसी देशों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसक कार्रवाइयों पर संस्था ने चुप्पी साधे रखी और जिनेवा स्थित अपने मुख्यालय के पास हुई पुलिसिया कार्रवाइयों पर भी कोई टिप्पणी नहीं की।

सार्वजनिक व्यवस्था और कानून का पालन

रणधीर जायसवाल ने कहा, हर लोकतंत्र की तरह, भारतीय नागरिक भी सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने की शर्तों के साथ इस अधिकार का इस्तेमाल करते हैं। हमारी कानून लागू करने वाली एजेंसियां कानून के मुताबिक सख्ती से काम करती हैं और हमारी अदालतें किसी भी शिकायत के समाधान के लिए सभी के लिए उपलब्ध हैं। इसलिए की चिंताएं बेबुनियाद हैं और भारत के आंतरिक मामलों में अस्वीकार्य दखल हैं।

बहुपक्षवाद और संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा अपनाया जाने वाला यह दोहरा रवैया बेहद चिंताजनक है। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के दोहरे मापदंड न केवल मानवाधिकार निकाय की अपनी विश्वसनीयता और साख को नुकसान पहुँचाते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर बहुपक्षवाद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के भरोसे को भी कमजोर करते हैं।

भारत ने यूएन की चिंताओं को अनुचित और हस्तक्षेप बताया?

भारत ने नई दिल्ली में हुई घटनाओं पर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसकी चिंताएं अनुचित हैं। भारत के मुताबिक, ऐसी टिप्पणियां देश के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप हैं। भारत ने मानवाधिकार कार्यालय के कामकाज में निष्पक्षता की जरूरत पर भी जोर दिया। उसने कहा कि को दुनिया के दूसरे हिस्सों में होने वाले बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शनों पर भी समान रूप से ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता थमीम अल-खीथान ने 10 अक्टूबर को दिल्ली में हुए प्रदर्शनों के दौरान लोगों को हिरासत में लिए जाने की खबरों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन से पहले और उसके दौरान प्रदर्शनकारियों आंदोलन के नेताओं, नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों वकीलों और पत्रकारों को बड़े पैमाने पर हिरासत में लिए जाने की खबरें चिंताजनक हैं।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र

भारत ने कहा कि वह दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां शांतिपूर्ण तरीके से सभा करने का अधिकार संविधान द्वारा सुनिश्चित और संरक्षित है। भारत के अनुसार इस अधिकार की रक्षा मजबूत संस्थाओं स्वतंत्र न्यायपालिका और स्वतंत्र मीडिया के माध्यम से की जाती है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण सभा का अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था के हित में लगाए गए उचित प्रतिबंधों के अधीन है। अधिकारियों को कानून के अनुसार काम करना होता है और किसी शिकायत के निवारण के लिए भारतीय अदालतें सभी के लिए उपलब्ध हैं।

यूएन की चिंता और रिहाई की मांग

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान नेताओं, पत्रकारों और वकीलों की गिरफ्तारियों पर चिंता जताई थी। प्रवक्ता थमीन अल-खीतान ने अधिकारियों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने, संयम बरतने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना शर्त तुरंत रिहा करने का आग्रह किया था, जिसके बाद विदेश मंत्रायल की यह प्रतिक्रिया सामने आई है।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

पत्थर के नीचे छिपा हथियारों और विस्फोटों का जखीरा, हुआ बरामद



एजेंसी ▶▶| जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी सोपोर के मुकाम चेरहार इलाके के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान हुई। मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सोपोर पुलिस को हथियारों और संदिग्ध सामग्री के छिपाए जाने की विशेष खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर जंगल में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक बड़े पत्थर के नीचे छिपाकर रखा गया नीले रंग का ड्रम और एक बैग मिला।

हथियार, गोला-बारूद बरामद

इनमें हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस आईईडी और उनसे जुड़ी सामग्री रखी गई थी। बरामदगी में दो असॉल्ट राइफलें (एके-47 और एके-76), सात मैगजीन और कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा चार पिस्तौल, चार मैगजीन व कारतूस, पांच राउंड के साथ एक मल्टी-ग्रेनेड लॉन्चर एमजीएल और 11 हैंड ग्रेनेड भी मिले हैं।

सभी सामग्री को कब्जे में लिया

पुलिस ने बताया कि बरामद सामग्री को सभी जरूरी सुरक्षा उपायों और कानूनी प्रक्रिया के तहत कब्जे में ले लिया गया है। सोपोर के पुलिस स्टेशन बोमई में एफआईआर नंबर 66/2026 दर्ज की गई है। इसमें यूएपीए की धारा 13, 18, 20 और 23, आर्म्स एक्ट की धारा 7/25 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 लगाई गई हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार और विस्फोटक किसने छिपाए थे, इनका स्रोत क्या है और क्या इनका किसी आतंकी संगठन से संबंध है।

पाकिस्तान में बड़ा सियासी फेरबदल!

खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी घोषित चुनी हुई सरकार को कर दिया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई और केंद्र सरकार के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। रविवार, को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी लागू करने के बाद वहां की चुनी हुई सरकार को निलंबित कर दिया। इस फैसले से प्रांत में पीटीआई सरकार के अधिकार छिन गए हैं। इमरान खान की रिहाई और उनसे मुलाकात की मांग को लेकर पार्टी का मार्च भी जारी है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने इमरजेंसी के पीछे बढ़ते आतंकी हमलों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को वजह बताया है।



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय के मुताबिक, प्रांतीय सरकार आतंकवाद से निपटने में नाकाम रही है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर इमरजेंसी लगाने की घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

मिस्र: सोने की खदान पर हमला, 13 की मौत

काहिरा। सूडान और मिस्र के बीच सीमा वाले इलाके में हवाई हमला हुआ। इस हमले में 13 छोटे स्तर पर सोने का खनन करने वाले खनिकों की मौत हो गई। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार। इस इलाके में छोटे स्तर पर और पारंपरिक तरीके से सोने का खनन बड़े पैमाने पर होता है। मिस्र, सूडान और लीबिया के बीच स्थित सीमा त्रिकोण क्षेत्र में शनिवार को यह हमला हुआ। इस हमले में 28 अन्य लोग घायल भी हुए। यह नेटवर्क सूडान में चल रहे संघर्ष पर नजर रखता है। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि हमला किसने किया। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने कहा कि मिस्र के अधिकारियों ने खनिकों को बार-बार इस इलाके को खाली करने की चेतावनी दी थी।

होर्मुज में दस दिन में हुईं 13 घटनाएं

तेल टैंकर समुद्री माइन से टकराया,जहाज में ब्लास्ट के बाद आग लगी, कोई हताहत नहीं

एजेंसी ▶▶| तेहरान

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया। इसके बाद जहाज में ब्लास्ट हुआ और आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हालांकि, उन्होंने जहाज की पहचान और वह किस देश का है यह नहीं बताया।

उन्होंने कहा, इन गतिविधियों से पता चलता है कि ईरान समुद्री रास्तों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखना चाहता है और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर दबाव बनाए रखना चाहता है।



जहाज पर हुआ था हमला: भारत ने 6 अक्टूबर को ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज पर हमले की निंदा की थी। हमले में 12 क्रू मेंबर घायल हुए थे, जिनमें 11 भारतीय थे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जहाज एमटी ऑन पीस ओमान के तट से गुजर रहा था।

नेपाल में फिर तबाही

बूढ़ी गंडकी नदी में बाढ़, कई पुल-घर बहे, 10 लापता, लैंडस्लाइड से स्यारी नदी का रास्ता बंद

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल के गोरखा जिले में रविवार सुबह बूढ़ी गंडकी नदी में अचानक बाढ़ आने से कई गांवों को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ में करीब 35 घर और 6 पुल बह गए, जबकि कम से कम 10 लोग लापता हैं।

उनकी तलाश की जा रही है। बाढ़ से 341 मेगावाट के बूढ़ी गंडकी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण कैंप और कई मशीनें भी बह गईं। बाढ़ का पानी सुबह करीब 4 बजे बस्तियों में घुसा, जिसके बाद लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाना पड़ा। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, ऊंचे पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण चुन्चुब्री स्यारी नदी का रास्ता बंद हो गया था। इससे पानी जमा हुआ और फिर अचानक तेज बहाव के साथ नीचे आया। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में 1455 लोगों की मौत हुई थी। साथ ही 5,285 लोग अब भी लापता हैं।



एसएमएस भेजकर लोगों को सुरक्षित जगह जाने की सलाह

गोरखा जिला पुलिस कार्यालय के इंस्पेक्टर आकाश कंडेल ने बताया कि बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सिरदिबास और धारचे ग्रामीण नगरपालिका के खोलांबिसी, माछाखोला, सोती, अरखेत और आरुघाट में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की सलाह दी। नेपाल के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी डॉ. धर्मराज उप्रेती ने बताया कि ऊपरी इलाके से बाढ़ का पानी आरुघाट पहुंचने में करीब 3 घंटे लगते हैं।

जयशंकर ने दुख जताया

सऊदी के एयरपोर्ट पर हुतियों ने किया हमला, एक भारतीय की मौत

एजेंसी ▶▶| रियाद

सऊदी अरब की राजधानी रियाद के एयरपोर्ट पर शनिवार को हुए हूती विद्रोहियों के हमले में घायल एक भारतीय की मौत हो गई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय नागरिक की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



जयशंकर ने कहा कि भारतीय दूतावास परिवार की हर संभव मदद करेगा। भारतीय दूतावास ने बताया कि वह मृतक के परिवार के संपर्क में है।

दूतावास शव को जल्द भारत लाने में मदद करेगा। इस बीच, यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को रियाद एयरपोर्ट पर फिर हमला किया। इस हमले में 12 भारतीयों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

एयरपोर्ट पर दो दिन में दूसरी बार हमला

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को एयरपोर्ट पर एक मिसाइल या दूसरा विस्फोटक हथियार गिरा। इससे यात्रियों के एक हॉल में आग लग गई। इस हमले में भी कुछ लोग घायल हुए हैं। शनिवार को इसी एयरपोर्ट पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई थी और 308 लोग घायल हुए थे। मरने वालों में सऊदी अरब के चार नागरिक, बांग्लादेश के दो नागरिक और अमेरिका, जॉर्डन, फिलिस्तीन, सीरिया, सूडान और मिस्र के एक-एक नागरिक शामिल थे। सऊदी सेना के मुताबिक, रविवार को एयरपोर्ट पर एक मिसाइल या दूसरा विस्फोटक हथियार गिरा। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में भी कुछ लोग घायल हुए हैं। शनिवार को इसी एयरपोर्ट पर हुए हमले में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

भारतीय नाविकों की रोमानियाई प्रशासन ने पूरी मदद की

भारतीय नागरिकों की घर वापसी, रूसी ड्रोन हमले के बाद बचाए गए तीन नाविक रोमानिया से रवाना

एजेंसी ▶▶| बुखारेस्ट

रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि सोमवार को काला सागर में तुर्की के कार्गो जहाज एमवी रोयाद मम्मादोव पर हुए हमले के बाद बचाए गए तीन भारतीय नागरिक भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मिशन ने शनिवार को बताया, 3 भारतीय नागरिक साहिल संधू, अश्विनी कुमार और हरमन सिंह शनिवार को भारत के लिए रवाना हो गए है।

भारतीय दूतावास ने रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए भारतीयों पर जानकारी दी

समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ था



रूसी ड्रोन हमले में बचाए गए तीन भारतीय नागरिक

दूतावास ने भारतीयों की वापसी में मदद की

दूतावास ने उनकी वापसी में मदद के लिए हर जरूरी सहायता और सहयोग प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि हम रोमानियाई अधिकारियों, कॉन्स्टैंटा काउंटी अस्पताल और रोमानियाई बचाव दलों का उनकी बहुमूल्य मदद, सहयोग और समर्थन के लिए दिल से आभार व्यक्त करते हैं। बता दे कि तुर्की की एक कंपनी के इस जहाज पर जो यूक्रेन के इजमेल बंदरगाह से इटली के रेवेना तक मक्का ले जा रहा था सोमवार को रोमानिया की समुद्री सीमा के बाहर काला सागर में हमला हुआ। इस घटना में दो विदेशी नाविकों की मौत हो गई और कई क्रू सदस्य घायल हो गए। इसमें सभी तीन भारतीय नागरिक बच गए। हालांकि एक घायल हो गया था और उसे रोमानिया में इलाज मिला। हमले में मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता के बारे में तुरंत पता नहीं चल सका। सात अक्टूबर को दूतावास के प्रतिनिधि ने उन तीन भारतीय नागरिकों से मुलाकात की जिन्हें छह अक्तूबर को काला सागर में जहाज से बचाया गया था। दो लोगों को एक होटल में ठहराया गया, जबकि तीसरे व्यक्ति का कॉन्स्टैंटा के काउंटी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

34वें आयोजन के लिए भूमिपूजन संपन्न

टीटी नगर में 15 नवंबर से सजेगा भोपाल उत्सव मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बहुप्रतीक्षित भोपाल उत्सव मेले का 34वां आयोजन 15 नवंबर 2026 से टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में किया जाएगा। मेले की तैयारियों की शुरुआत के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों और भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, मध्य प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, पार्षद आरती अनेजा और भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे।

सांसद आलोक शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय सहित जनप्रतिनिधि और समिति पदाधिकारी रहे



34वें आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू

भोपाल उत्सव मेला राजधानी के प्रमुख आयोजनों में शामिल है। इस वर्ष मेले का 34वां आयोजन किया जा रहा है। 15 नवंबर से शुरू होने वाले मेले को लेकर भूमिपूजन के साथ तैयारियों का औपचारिक आगाज हो गया है। दशहरा मैदान, टीटी नगर में आयोजित होने वाले इस मेले में शहरवासियों को एक बार फिर उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा।

आयोजन में समिति के पदाधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी विजय अग्रवाल, राजेश जैन, चंद्रशेखर सोनी, सुनील जैनाविन, अजय सोगानी, डॉ. महेश गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल गोल्डन, परमजीत सिंह बेदी, कमल जैन श्वेता, डॉ. योगेंद्र मुखरैया, राजकुमार जौहरी, वीरेंद्र कुमार जैन, प्रहलाददास अग्रवाल, ओमप्रकाश खुराना, संजय मेड़तिया, श्याम मंगल, मंजिंदर कपूर, संदीप सिंह सूरी, विनोद चौधरी और सागर सूरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्र प्रारंभ, गूंजे जयकारे

भव्य झांकियों में विराजीं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हुए हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होगी। अलग-अलग आकर्षक पंडालों में माताराणी दर्शन देंगी।

मां भवानी बरखेड़ा चौराहे पर मां शारदा दुर्गा उत्सव समिति स्टेशन रोड पर रेलवे कॉलोनी एवं रेलवे फाटक पर मां काली का दरबार एवं महावीर कॉलोनी में वार्ड नंबर 12 पीपल चौक आदि जगहों पर मां दुर्गा



की प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

तामोट में माता की झांकी मोह रही मन

तामोट में यादव मोहल्ले में मां काली की भव्य झांकी लगाई गई है। रामकिशोर चौहान, विष्णु यादव, तुलसी यादव, गब्बर चौहान, महेंद्र भूरा दुर्गेश श्रीवास्तव, विकास चौहान, बाबूलाल चौहान ने बताया कि मुख्य बाजार, कॉलोनी में, हनुमान मंदिर, राम मंदिर, खिरिया मोहल्ला, माता मंदिर एवं विकास चौहान के निवास पर मां दुर्गा की आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं।



खबर संक्षेप

फर्जी रजिस्ट्री विवाद में महिलाएं देंगी धरना

औबेदुल्लागंज। वार्ड नंबर 4 एवं औबेदुल्लागंज की 200 महिलाओं ने नगर परिषद औबेदुल्लागंज का घेराव करने की चेतावनी दी। फर्जी रजिस्ट्री से जमीन की लूट एवं करोड़ों की जमीन बेचने वाले एवं खरीदने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। शासकीय जमीन की फर्जी रजिस्ट्रियां एवं रजिस्ट्री कराने वालों के पूरा रिकॉर्ड कलेक्टर, एसडीएम और सीएमओ के पास है। पूरा रिकॉर्ड होते हुए भी अभी तक एफआईआर नहीं हुई है। इन्हीं सब कारणों को लेकर महिलाएं नगर परिषद का घेराव करेंगे और धरना देंगी।

पीएसएससीआईवीई 500 शिक्षकों को देगा प्रशिक्षण

भोपाल। पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), एनसीईआरटी, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के व्यावसायिक विषयों के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि नंदा भालावे कुशरे, आईएएस, अतिरिक्त परियोजना संचालक, समग्र शिक्षा तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव दीक्षित, उपाध्यक्ष, एआईजीजीपीए उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल करेंगे।

तिरुपति अभिनव होम्स के पास बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

जीएमसी के प्रोफेसर के गले से बाइक सवारों ने झपटी चेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सेज गोल्डन स्प्रिंग में रहने वाले जीएमसी के प्रोफेसर के गले से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन झपट ली।

घटना शनिवार रात करीब आठ बजे के आसपास की है। घटना के समय वह घर से सब्जी खरीदने तिरुपति अभिनव होम्स के पास पहुंचे थे, तभी बाइक सवार बदमाश उनके गले से चेन झपटकर फरार हो गए। रविवार को प्रोफेसर ने छोला मंदिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर संजय कुमार (48) सेज गोल्डन स्प्रिंग, अयोध्या बायपास पर रहते हैं।

घर से सब्जी खरीदने निकले थे प्रोफेसर



बायपास से फरार हुए

पुलिस बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे वह घर से सब्जी खरीदने के लिए तिरुपति अभिनव होम्स के पास लगने वाली दुकानों पर पहुंचे थे। वह सब्जी खरीद रहे थे, तभी बाइक पर आए दो बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके गले पर झपट्टा मारकर चेन खींच ली। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बाइक सवार बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए बायपास से फरार हो गए।

लिफ्ट देने के बहाने नाबालिग ने माशिमं के कर्मचारी से लूटा था मोबाइल और सोने की अंगूठी

पुलिस ने हिरासत में लिया, भेजा बाल सुधार गृह, साथी की तलाश जारी

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित होली क्रॉस चौराहा के पास लिफ्ट देने के बहाने बोर्ड ऑफिस के कर्मचारी से मोबाइल और सोने व चांदीकी अंगूठियां लूटने के मामले में पुलिस ने एक विधि-विरोधी बालक को हिरासत में लिया है। उसके पास से लूटे गए दोनों मोबाइल बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल दूसरा आरोपी अर्जुन अहिरवार फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक आईबीडी हॉलमार्क सिटी कजलीखेड़ा निवासी नरेश थपलियाल (37) माध्यमिक शिक्षा मंडल में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत हैं। विगत 5 अक्टूबर की रात करीब सवा 11 बजे वह विनीत कुंज तिराहे से बाइकसवार दो युवकों से लिफ्ट लेकर घर जा रहे थे। हॉलीक्रॉस चौराहा के पास दोनों युवक उन्हें सेमरी रोड की तरफ ले गए। अंधेरे और सूने स्थान पर पहुंचते ही दोनों ने मारपीट कर आईफोन व सैमसंग मोबाइल और एक सोने व दो चांदी की अंगूठियां छीन लीं। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ति के मुताबिक छीने गए सामान की कीमत करीब 60 से 65 हजार रुपए थी।

बोरदा जोड़ क्षेत्र में घेराबंदी कर नाबालिग को पकड़ा

कजलीखेड़ा पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बोरदा जोड़ क्षेत्र में घेराबंदी कर एक विधि-विरोधी बालक को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से दोनों मोबाइल फोन बरामद किए गए। दूसरे आरोपी अर्जुन अहिरवार की तलाश जारी है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आईईएचई में मनोबल प्रकोष्ठ का हुआ बैज वितरण

भोपाल। राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मनोबल प्रकोष्ठ के नवचयनित छात्र प्रतिनिधियों का आधिकारिक बैज वितरण एवं अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सहानुभूति, आपसी सहयोग तथा सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सहभागिता की। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के संचालक एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में कॉर्पोरेट ट्रेनर, पर्सनैलिटी ग्रूमर मनीषा आनंद उपस्थित रहीं। आयोजन में मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं मनोबल प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. रचना सिंह ठाकुर एवं मनोबल प्रकोष्ठ के सदस्यों के समन्वय से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रकोष्ठ की सदस्य प्रतिमा शर्माएवं डॉ. ध्रुव गंगवार भी उपस्थित रहे। मुख्य आकर्षण नवचयनित छात्र प्रतिनिधियों को आधिकारिक बैज प्रदान करना रहा। बैज वितरण उनके औपचारिक पदग्रहण और दायित्वों की स्वीकृति का प्रतीक बना। यह अवसर विद्यार्थियों को नेतृत्व, सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना से जोडने का माध्यम भी रहा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज, विधायक पटवा का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

रविवार को पटेल चौराहे पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक सुरेंद्र पटवा का भव्य स्वागत किया गया। दोनों पर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, तामोट के रामकिशोर चौहान, गजेंद्र नागर, देवेंद्र सिंह राजू, माधव यादव, कोमल चौहान, सौरभ चौहान, जीतू



नंदवंशी, राम सुमन यादव आदि ने चौहान व पटवा का स्वागत किया।

बिजली कटौती को बंद कराने शिवराज को सौंपा ज्ञापन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से क्षेत्र में हो रही लगातार बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख मांग लोड शेडिंग के नाम पर की जा रही बिजली कटौती को तुरंत बंद किया जाए, किसानों को पर्याप्त 10 घंटे बिजली उपलब्ध की जाए। अभी वर्तमान में धान की फसल के लिए डैमो से नहर द्वारा पानी दिया जाए एवं प्रमुख मांगों के साथ मप्र के सरपंचों को आ रही वीबी जीरामजी योजना की समस्याओं से भी अवगत कराया। जल्द खेत सड़क एवं सुदूर सड़क चालू करने की मांग शिवराज



सिंह चौहान से की गई। शिवराज सिंह चौहान ने समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा भी मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने किए विभिन्न आयोजन

महाराज अग्रसेन की जयंती पर सांस्कृतिक, धार्मिक कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में धूमधाम से अग्रसेन महाराज की जयंती पर दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्य प्रारंभ हुए।

रविवार को समाज अध्यक्ष विद्या अग्रवाल नपा उपाध्यक्ष नामिता बागीश अग्रवाल राकेश अग्रवाल अंकित अग्रवाल अशोक मित्तल राजकुमारी मित्तल मानसी मित्तल संजय अग्रवाल सिद्धार्थ मित्तल विवेक मित्तल राविन अग्रवाल ने बताया कि श्री श्री 1008 अग्रसेन महाराज की जयंती पर औबेदुल्लागंज में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें बच्चे, महिलाएं, पुरुष पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें बच्चों की चेयर रेस, युवाओं की अंताक्षरी



प्रतियोगिता, भजन प्रतियोगिता की गई। अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में महाराजा अग्रसेन की आरती, प्रसाद वितरण, फैंसी ड्रेस कंपटीशन और सीनियर ग्रुप के प्रोग्राम रखे।

नरयानी ने जनसेवा कर मनाया अपना जन्मदिन

श्री गुरुकृपा सेवा समिति ने 50 जरूरतमंद लोगों को आटे के पैकेटों का किया वितरण

परिवारों को भोजन सामग्री वितरित करने से जीवन होता साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

श्रीं गुरुकृपा सेवा समिति द्वारा सेवा कार्य की श्रृंखला में रविवार को 50 गरीब परिवारों को पांच-पांच किलो के आटे के पैकेटों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी ने कहा कि जरुरतमंद परिवारों को भोजन सामग्री वितरित करने से जीवन साकार होता है। हमें सदैव अपने जन्मदिन या यादगार दिनों पर नियमित सेवा कार्य करते रहना चाहिए। साथ ही हमारी संस्था का हमेशा यही प्रयास रहा है कि चाहे हमारे जन्मदिन हो या यादगार दिन या फिर कोई त्यौहार हो, हम हमेशा



ऐसे दिन सेवा के रुप में साकार करें। यहां पर यह सेवा कार्य भानी नरयानी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सेवा के रुप में साकार किया। इस अवसर पर मुख्य रूप वरिष्ठ समाजसेवी लखमीचंद नरियानी, देवी नरयानी, प्रकाश वीधानी, शम्मी गंगवानी, मुकुंद नरयानी, भानी नरियानी, भावना उदासी, मुकेश उदासी ,मुकेश आहुजा सुमित पंजवानी व वासु बाघेला उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश वीधानी तथा आभार लखमीचंद नरयानी ने व्यक्त किया।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने कुछ गड्ढों में गिट्टी डालकर खानापूर्ति की

नजीराबाद से मजीदगढ़ सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

नजीराबाद से मजीदगढ़ तक करीब 18 किमी लंबी सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति से आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर गड्ढों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।

इस संबंध में लोकपथ एप के माध्यम से 4 बार शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, जिस पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने सिर्फ कुछ ही गड्ढों में गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। सड़क के कई हिस्सों में अब भी बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, साथ ही गड्ढों में जो गिट्टी डाली गई थी, बड़े वाहन निकलने के कारण वह सड़क पर फैल गई है जिससे अब राहगीरों को और भी अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।



रोड खराब है

मेरा घर नजीराबाद से मजीदगढ़ रोड पर मात्र 2 किमर की दूरी पर है, लेकिन दो पहिया वाहन से आते-जाते समय मेरे मन में हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। यह सड़क कई दिनों से खराब पड़ी हुई है, जिसकी जानकारी अधिकारी-कर्मचारियों को है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि संबंधित विभाग द्वारा इस सड़क से परेशान राहगीरों की समस्या हल नहीं की गई, बल्कि गड्ढों में गिट्टी डालकर राहगीरों की समस्या और बढ़ा दी गई है।

रामकरण मीणा
जागरूक नागरिक

महीने की प्रत्येक छठ पर बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु...

नजीराबाद से देवापुरा धाम के बीच आने-जाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों को सावधानी पूर्वक आवागमन करना पड़ता है। वही इसी रोड पर भगवान देवनारायण का प्रसिद्ध देवापुरा धाम पड़ता है और हर माह की छठ तिथि को यहां विशेष पूजा अर्चना एवं मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें भोपाल जिला सहित राजगढ़ ,गुना, विदिशा एवं अन्य जिलों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में देवापुरा पहुंचते हैं, लेकिन नजीराबाद से मजीदगढ़ तक सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है और सड़क पर गिट्टियां बिखरी हुई हैं, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु भी कई बार फिसलकर घायल हो जाते हैं। खराब सड़कों की शिकायत एप लोकपथ पर शिकायत दर्ज होने के बावजूद सड़क नहीं सुधरी है।

शांतिधारा कर श्रद्धालुओं ने विश्व शांति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में 16 दिवसीय 1008 शांति विधान पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के मंगल सानिध्य एवं विद्वान प्रकाश छोटू भैया के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य पंडित लक्ष्मी चंद इंजीनियर मुकेश जैन इजारेदार परिवार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर शांति धारा में अध्यक्ष सुनील जैन तामोट सुनील बर्धमान संभव जैन अनिकेत जैन प्रदीप भंडारी दिनेश गुड्डन जैन एलसी जैन शुभम वर्धमान आदि ने शांति धारा कर विश्व शांति की कामना की। वही मुख्य सड़क प्राचीन जैन मंदिर में रितेश पवन जैन एवं अनुराग नीति जैन विनय जैन संजय टिल्लू जैन ऋषभ जैन



आदि ने शांति धारा कर शांति विधान किया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शांति विधान की स्थापना करते हुए ब्रह्मचारी भैया महिलाओं से कलश स्थापना कराया। इस अवसर पर डॉ मीना जैन इंदिरा जैन सुषमा जैन पुष्प जैन आदि ने कलश स्थापना किया। इस अवसर पर ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि पूरा समाज 16 दिवसीय शांति विधान में सहयोग करें एवं शांति विधान करें।

सिंधी गरबा महोत्सव भारतीय समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीकः विधायक सबनानी

गरबा महोत्सव में दिखेगा सिंधी संस्कृति और भक्ति का संगम सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

सिंधी मेला समिति इस वर्ष भी बड़े ही उत्साह के साथ सिंधी गरबे के रूप में मना रही है, जिसमे हजारों की संख्या में युवक-युवतियां, महिलाएं हाई वोल्टेज साउंड सिस्टम, म्यूजिक बैंड, पारंपरिक सजावट और हजारों की संख्या मे गरबा प्रेमियों के साथ भोपाल के लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में गरबा की धूम मचाते हुए नजर आएंगे।

इस अवसर पर विधायक एवं सिंधी मेला समिति के संरक्षक भगवानदास सबनानी ने कहा कि सिंधी मेला समिति का यह सिंधी गरबा महोत्सव केवल कुछ दिनों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी उस समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जो हमें आपस में जोड़ती है। यह मंच केवल नृत्य का नहीं, बल्कि हमारी एकता, हमारे भाईचारे और हमारी सांस्कृतिक विरासत का संगम है।

सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार को सुंदरवन गार्डन मे पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने इस आयोजन की विस्तृत जानकारी



गरबा महोत्सव की जानकारी

देते हुए बताया कि गरबे की तैयारिया अंतिम चरण में हैं। 14 अक्टूबर को सुंदरवन गार्डन में फाइनल ग्राउंड रियर्सल होगी एवं 15, 16, 17, 18 अक्टूबर को लगभग 1500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ मुख्य गरबा महोत्सव का आयोजन होगा।

निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था रहेगी

इस वर्ष इस गरबे में आने वाले सभी समाज के लोगों के लिए निःशुल्क वेलेट पार्किंग की व्यवस्था विशेष रूप से की गई है, साथ ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गरबा प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे निगरानी के लिए लगाए गए हैं। गरबे के पहले दिन माता की विशेष आरती के साथ इस महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। सिंधी गरबा कार्यक्रम के संयोजक राम आसुदानी ने बताया कि इस वर्ष सिंधी गरबा अपने 20वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। पिछले 26 दिनों से चल रही सिंधी गरबा की वर्कशॉप में पार्टिसिपेंट्स ढोल की थाप और गरबा म्यूजिक पर अलग-अलग स्टेप्स सीख रहे हैं। इस वर्ष भी गरबा पार्टिसिपेंट्स एवं गरबा प्रेमियों के लिए अलग-अलग ग्राउंड में दो रिंग तैयार किए गए हैं, आयोजन स्थल पर भव्य मंच बनाया गया है, साथ ही सुंदर वन गार्डन के बाहर एक भव्य स्वागत द्वार तैयार किया गया है, जो इस इस गरबे के आयोजन को और अत्याधिक भव्यता प्रदान करेगा। इस वर्ष गरबे में फूड स्टॉल में भी अनेक प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाने को मिलेगा। इसके अलावा गरबे में पहले आने वाले 100 पार्टीसिपेंट्स को समिति द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने देवास में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

सरकार किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध, मसूर, चना एवं गेहूं, सरसों की प्रमाणित किस्मों पर दिया तकनीकी मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस किसान मेले का मुख्य उद्देश्य कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, प्राकृतिक व जैविक खेती तथा श्रीअन्न (मिलेट मिशन) को बढ़ावा देना रहा। मेले में कृषि वैज्ञानिकों की ओर से रबी सीजन के दृष्टिगत कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों जैसे गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों की प्रमाणित किस्मों पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने प्रदेशवासियों एवं अन्नदाताओं को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी की पावन धरा पर कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित में आयोजित यह महाअभियान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि माताजी की कृपा और शासन के कड़े निर्णयों से प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्ति मिली है। देवास के किसानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले के अन्नदाता उन्नत तकनीकों और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट नवाचार कर रहे हैं, जिससे देवास पूरे प्रदेश में कृषि क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा है।

11 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित, प्राकृतिक खेती व कृषि यंत्रों की लगी प्रदर्शनी



देवास प्रदेश का 45वां जिला, जहां महोत्सव का हो रहा भव्य आयोजन

अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत पीएम के सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए देवास प्रदेश का 45 वां जिला है, जहां बलराम कृषि महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। विधायक गायत्री राजे पवार ने सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों और देवास मंडी व्यवस्था को अभूतपूर्व संबल प्रदान किया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

किसानों ने अपने नवाचारों के अनुभव भी किए साझा

मंडी प्रांगण में आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों एवं कृषि नवाचारों की भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। समारोह के दौरान देवास जिले के प्रगतिशील किसानों ने अपने नवाचारों के अनुभव भी साझा किए। इसमें देवास विकासखण्ड के ग्राम छोटी चुरलाय निवासी कृषक धर्मेन्द्र सिंह राजपूत ने प्राकृतिक और आधुनिक खेती के समन्वय से मॉडल फार्मिंग और आय वृद्धि के बारे में बताया, ग्राम कनोरिया की श्रीमती पवित्रा नागर ने प्राकृतिक खेती के तरीकों और उसके परिणामों पर चर्चा की, सोनकच्छ के ग्राम अरनिया कला निवासी नारायण सिंह सेंधव ने शेडनेट व पॉलीहाउस के जरिए उद्यानिकी फसलों के प्रबंधन की जानकारी दी, ग्राम पोलाय जागीर के लक्ष्मीनारायण ने किसान उत्पादक संगठन के जरिए उत्पादों की मार्केटिंग व्यवस्था पर प्रकाश डाला तथा टोंकखुर्द के ग्राम चौबारधीरा की संगीता कुशवाह ने प्राकृतिक खेती के सफल क्रियान्वयन के व्यावहारिक अनुभव साझा किए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया

कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कृषकों में आधुनिक खेती के लिए देवास के धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, उन्नत पशुपालन के लिए दौलत यादव, प्राकृतिक खेती के लिए पवित्रा नागर तथा फसल विविधीकरण के लिए ग्राम मेंडकी धाकड़ के जगदीश नागर शामिल हैं। इसी क्रम में उद्यानिकी फसल के लिए सोनकच्छ के नारायण सिंह सेंधव, एफपीओ मार्केटिंग के लिए लक्ष्मीनारायण, प्राकृतिक खेती के लिए टोंकखुर्द की संगीता कुशवाह, खातेगांव की चिंताबाई कुमरे एवं बागली के बांकेसिंह कर्मा को सम्मानित किया गया।

खबर संक्षेप

सीएम डॉ. यादव ने महाराज अग्रसेन जयंती पर दीं शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराज अग्रसेन की जयंती पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि अग्रसेन महाराज का जीवन समता-सहयोग-सेवा और समाज के कल्याण के आदर्शों का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराज अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात कर समरस, समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया है।

मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर दीं शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों को शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कामना की कि बेटियां शक्ति, साहस और आत्मविश्वास का स्वरूप हैं। उनके सपनों को नए पंख मिलें, उन्हें आगे बढ़ने के भरपूर अवसर मिलें और वे अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करें। हमारी बेटियां शिक्षित, उन्होंने कहा कि बेटियाँ सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनें। वे अपने सपनों को साकार करें और प्रदेश व देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, इसके लिए हम हर कदम पर उनके साथ हैं।

मुख्यमंत्री ने काजीरंगा से लाए गए आठ जंगली भैंसों को 17 हेक्टेयर के बाड़े में छोड़ा

कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार में सौ साल बाद हुई जंगली भैंसों की यादगार वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में विलुप्त हो चुके जंगली भैंसों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनः स्थापित करने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार परिक्षेत्र में जंगली भैंसा पुनर्स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत क्वारंटाइन अवधि पूरी कर चुके आठ जंगली भैंसों को एक हेक्टेयर के छोटे बाड़े से 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में निर्मित बड़े बाड़े में विमुक्त किया। इस पहल का उद्देश्य जंगली भैंसों को क्षेत्र की आबोहवा और पर्यावरण के अनुकूल बनाकर उनके प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापित करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि मप्र के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। लगभग सौ वर्षों बाद कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार परिक्षेत्र में जंगली भैंसों की पुनर्स्थापना का दूसरा चरण प्रारंभ हो रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के सहयोग से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 2200 किलोमीटर की दूरी तय कर आठ जंगली भैंसों को मप्र लाया गया है। वर्षाकाल समाप्त होने के बाद इन्हें प्राकृतिक आवास में बसाने की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने आठ जंगली भैंसों को बड़े बाड़े में किया विमुक्त।

दो चरणों में काजीरंगा से लाए गए आठ जंगली भैंसे

जंगली भैंसा पुनर्स्थापना परियोजना के तहत असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान दो चरणों में आठ जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व के सूपखार परिक्षेत्र में लाया गया था। प्रथम चरण में 28 अप्रैल को तीन मादा और एक नर जंगली भैंसे को विशेष रूप से निर्मित एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के बाड़े में छोड़ा गया। इसके बाद 9 मई 2026 को तीन मादा और एक नर जंगली भैंसे को इसी बाड़े में रखा गया। कुल छह मादा और दो नर जंगली भैंसों को छोटे बाड़े में क्वारंटाइन कर रखा गया, ताकि वे यहां के वातावरण और जलवायु के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद रविवार 11 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने सभी आठ जंगली भैंसों को 17 हेक्टेयर के बड़े बाड़े में स्थानांतरित कर विमुक्त किया।

50 जंगली भैंसें बसाने का लक्ष्य

मप्र के वन क्षेत्रों से जंगली भैंसे लगभग सौ वर्ष पहले विलुप्त हो चुके थे। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से वन विभाग ने इस प्रजाति को पुनः स्थापित करने के लिए विशेष योजना तैयार की है। सूपखार क्षेत्र में पूर्व में जंगली भैंसों की उपस्थिति के प्रमाण मिलने के आधार पर यहां पुनर्स्थापना परियोजना क्रियान्वित की जा रही है। इसके तहत आगामी तीन वर्षों में कुल 50 जंगली भैंसों को पुनः स्थापित करने का लक्ष्य है। यह पहल जैव-विविधता के संरक्षण, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

वन्यजीव संरक्षण के साथ विकास पर जोर

प्रदेश सरकार विलुप्त हो चुके वन्यजीवों को पुनः स्थापित कर पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर को नौरादेही में रानी दुर्गावती के नाम पर अभयारण्य बनाकर चीतों के लिए तीसरा ठिकाना विकसित करने की पहल की गई है। सीएम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में मप्र से नक्सलवाद के खात्मे के बाद इस क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य मौसम बिसेन, मप्र अजजा आयोग के सदस्य भगतसिंह नेताम, प्रमुख सचिव वन राघवेन्द्र सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. समिता राजोरा सहित समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी तथा स्थानीय वन अमला उपस्थित रहा।

प्रदेशाध्यक्ष ने बैठक को किया संबोधित

चुनावों में सभी विस सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ जुटें कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बड़वानी, खरगोन एवं खण्डवा प्रवास के दौरान जिला कोर कमेटी, जिला बैठक एवं बूथ समिति की बैठक को संबोधित कर मीसाबंदियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सरकार गरीबों और जनजातीय परिवारों को सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा में कोई पद महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि कार्यकर्ता और विचारधारा संगठन की असली ताकत हैं। मीसाबंदियों का त्याग, संघर्ष और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाएं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करें। कार्यकर्ता आगामी चुनावों में जिले की सभी विधानसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ एकजुट होकर जुटें तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं

मीसाबंदियों का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत

खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 1952 में जनसंघ की जीत यहां के कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की ताकत का प्रमाण है। आपातकाल के दौरान बड़वानी जिले के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मीसा के तहत जेल जाना स्वीकार किया, लेकिन विचारधारा और लोकतांत्रिक मूल्यों से समझौता नहीं किया। मीसाबंदियों का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें अपने गौरवशाली इतिहास को याद रखते हुए उनसे प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत बनाने और आने वाली पीढ़ी तक संघर्ष व समर्पण के संस्कार पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए।

संगठन की असली ताकत उसकी विचारधारा

खंडेलवाल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हम जो कार्य कर रहे हैं, उसका परिणाम आने वाली पीढ़ियों को दिखाई देगा। आज से 50 वर्ष बाद भी देश और समाज को गर्व होना चाहिए कि हमने राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ संगठन और विचारधारा को मजबूत करने का काम किया।

संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता

खंडेलवाल ने यह भी कहा कि संगठन की असली ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए हर बूथ को मजबूत बनाने में जुटें। उन्होंने आगामी चुनावों में अपने-अपने जिलों में सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया। कांग्रेस शासन के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनेक कार्यकर्ताओं ने 19 महीने तक जेल में रहना स्वीकार किया, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। सभी लोकतंत्र सेनानियों ने उस समय संगठन के लिए संघर्ष किया, जब सत्ता में आने की कोई उम्मीद नहीं थी।

अतिरिक्त 40 एमवीए ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत अब सब स्टेशन में दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध

एमपी ट्रांसको ने 23 वर्ष पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर की इन-हाउस रिकंडीशनिंग कर किया पुनर्स्थापित



हरिभूमि न्यूज. भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने आगामी रबी सीजन में बढ़ने वाली विद्युत मांग के मद्देनजर सागर जिले के 132/33 केवी सब स्टेशन राहतगढ़ में अतिरिक्त 40 एमवीए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया है। साथ ही सब स्टेशन की कुल स्थापित क्षमता 40 एमवीए से बढ़कर 80 एमवीए हो गई है।

एमपी ट्रांसको के अभियंताओं एवं तकनीकी टीम के प्रयासों की सराहना

ऊर्जा मंत्री तोमर ने करीब 23 वर्ष पुराने पॉवर ट्रांसफार्मर की इन-हाउस रिकंडीशनिंग कर उसे पुनर्स्थापित करने के एमपी ट्रांसको के अभियंताओं एवं तकनीकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुराने ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच, आवश्यक सुधार एवं रिकंडीशनिंग कर उसे पुनः उपयोग में लाना कंपनी के अभियंताओं के तकनीकी कौशल और अनुभव को दर्शाता है। 23 वर्ष पुराने ट्रांसफार्मर की इन-हाउस रिकंडीशनिंग-एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता टेस्टिंग एमवाय मंसूरी के अनुसार राहतगढ़ में स्थापित किया गया 40 एमवीए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर लगभग 23 वर्ष पुराना है। एमपी ट्रांसको ने इस ट्रांसफार्मर की रिकंडीशनिंग अपने स्तर पर कराई। इस प्रक्रिया में ट्रांसफार्मर की गास्केट बदलने, विभिन्न स्थानों से होने वाले तेल के रिसाव को दूर करने तथा निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया के अनुसार ट्रांसफार्मर का वैक्यूम करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

पहले एक, अब दो ट्रांसफार्मर उपलब्ध

ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि राहतगढ़ सब स्टेशन में पहले 40 एमवीए क्षमता का एक ही पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित था। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से अब यहां दो पॉवर ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। इससे सब स्टेशन की कुल क्षमता दोगुनी होने के साथ विद्युत पारेषण व्यवस्था को अतिरिक्त क्षमता और संचालन के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था मिली है। किसी एक ट्रांसफार्मर के रखरखाव या तकनीकी समस्या की स्थिति में दूसरे ट्रांसफार्मर की उपलब्धता से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के प्रबंधन में सुविधा होगी। यह व्यवस्था आगामी रबी सीजन में बढ़ने वाली विद्युत मांग को पूरा करने में भी सहायक होगी।

आउटसोर्स कर्मचारी संगठन ने की कटा हुआ वेतन वापस देने की मांग

मीटर रीडिंग की पॉश मशीनें दिखा रही गलत लोकेशन, 93 मीटर रीडरों का कट गया वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आईटी सेल द्वारा मीटर रीडिंग की पॉश मशीनें तकनीकी खामी की वजह से बिजली उपभोक्ताओं की वास्तविक लोकेशन पर जाकर रीडिंग लेने के बावजूद दो से तीन किमी दूर की गलत लोकेशन दर्ज हो रही है पर आईटी सेल की इस गलती का खामियाजा 93 मीटर रीडर भुगत रहे है। जिनकी सात से लेकर 25 दिन के वेतन कट चुका हैं।

सात से लेकर 25 दिन का वेतन कटा

पर्व पर आंदोलन को होंगे मजबूर



बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का ऐलान

बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने बिजली कंपनी मुख्यालय भोपाल के आईटी सेल इंजी. प्रमोद प्रजापति एवं राकेश शर्मा मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) को ज्ञापन सौंपकर मीटर रीडरों का कटा हुआ वेतन वापस दिलाने की माग की है। भार्गव ने बताया कि बिजली कंपनी की गलती होने पर भी 67 मीटर रीडरों का 7 से 8 दिन का, 5 मीटर रीडरों का 17 दिन का एवं 3 मीटर रीडरों का 20 से 25 दिन का वेतन गलत ढंग से पिछले 3 माह के दौरान काटा गया है, वह वापिस दिलवाया जाएं अन्यथा बिजली आउटसोर्स कर्मचारी दीपावली पर्व के दौरान आंदोलन पर विवश होंगे।

तकनीकी समस्या, सही लोकेशन मैच करने में विफल

भार्गव ने कहा कि बिजली मीटर रीडरों को आईटी सेल द्वारा बिजली उपभोक्ताओं का डाटा भी नहीं दिया जाता है। बिजली मीटर पॉश मशीने भोपाल के ईटखेड़ी, सूखी, ललरिया वितरण केंद्र के ग्रामीण क्षेत्रों में गलत व त्रुटिपूर्ण 2-3 किमी दूर की लोकेशन दर्शा रही हैं। ईटखेड़ी के चार गांव सहित कई गांव में नेटवर्क नहीं मिलते हैं पर बेवजह बिजली कंपनी की इस तकनीकी भूल का दोष मीटर रीडर विद्युत सहायक, लाईन कर्मचारी व सब स्टेशन ऑपरेटर पर मढ़कर उनका पिछले तीन महीने से वेतन गलत ढंग से काटा जा रहा है। जबकि यह आई.टी. सेल की पॉश मशीनों की तकनीकी समस्या है, क्योंकि यह मशीनें ग्रामीण इलाकों की सही लोकेशन मैच करने में विफल साबित हो रही हैं।

फल और फूल, सब्जियों की खेती से बढ़ाएंगे प्रदेश के किसानों की आय

रायसेन जिले में गरीबी मुक्त गांव का देश का पहला मॉडल करेंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा संकल्प गांवों को गरीबी से मुक्त बनाना है। गरीबी मुक्त गांव का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना नहीं, बल्कि हर परिवार को स्थायी आजीविका से जोड़ना है। हर परिवार के पास कोई न कोई काम-धंधा और कमाई का साधन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह काम कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार की टीम को भेजा गया है। इसी महीने रायसेन में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारत सरकार और प्रदेश सरकार के अधिकारी शामिल होंगे।

- हर परिवार को काम-धंधे और आजीविका से जोड़ने के लिए गांवों की मैपिंग की जाएगी
- किसानों को देश के दूसरे राज्यों में भेजकर आधुनिक और उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगे जिससे कृषि से बढ़ेगी किसानों की आय



मंडीदीप के दौरे पर थे केंद्रीय मंत्री चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र भोजपुर और मंडीदीप के दौरे पर थे। उन्होंने भोजपुर के विनेका में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ किया। उन्होंने रायसेन जिले में 84 किमी से अधिक लंबाई की 31 सड़कों का भूमिपूजन किया। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन, किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए सरकार की योजनाओं और कार्ययोजना पर विस्तार से संवाद किया।

गरीबी किसी के माथे पर कलंक बनकर नहीं रहना चाहिए

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि गरीबी और मजबूरी में जीवन बिताना बहुत कठिन होता है। हमारा प्रयास है कि किसी भी परिवार को मजबूरी में जीवन न जीना पड़े। गरीबी किसी के माथे पर कलंक बनकर नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान को गति देने के लिए विधायक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रशासन, प्रदेश सरकार और भारत सरकार की टीमें मिलकर काम करेंगी। हमारा लक्ष्य है कि हर परिवार को आजीविका का साधन मिले और उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

आजीविका के मॉडल तैयार किए जाएंगे

चौहान ने बैठक में कहा कि हर गांव की मैपिंग की जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि किन परिवारों के पास आजीविका का कोई साधन नहीं है और उन्हें किस प्रकार रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है। खेती से संबंधित प्रोसेसिंग, पशुपालन, मछली पालन, बकरी पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन और व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका के मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायसेन जिले में गरीबी मुक्त गांव का देश का पहला मॉडल विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

किसानों को उन्नत खेती का प्रशिक्षण दिलाएगी सरकार

केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और खेती को बेहतर बनाने के लिए उन्हें आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसानों के एक समूह को हाल ही में भुवनेश्वर भेजा गया है। किसानों के आने-जाने, रहने, खाने और प्रशिक्षण की व्यवस्था सरकार की ओर से की जा रही है। किसानों को दिल्ली, भुवनेश्वर, पंजाब और देश के अन्य उन क्षेत्रों में ले जाया जाएगा, जहां खेती के बेहतर तरीके अपनाए जा रहे हैं। वहां कृषि वैज्ञानिक किसानों को नई तकनीकों, आधुनिक पद्धतियों और खेती के नए प्रयोगों की जानकारी देंगे।

9 साल के इनेश और 67 वर्षीय डॉ. रायकवार ने पोडियम पर लहराया परचम

बड़े तालाब में 'लेक मैन 3.1' का रोमांचक 'दंगल'

तैराकी प्रतियोगिता में 10 शहरों से जुटे 58 तैराक

चार विभिन्न श्रेणियों में हुआ कड़ा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी का ऐतिहासिक 'बड़ा तालाब' रविवार की सुबह रोमांच, मानवीय जज्बे और फिटनेस के अनोखे संगम का गवाह बना। यहां 'ट्राई-जी एथलीट्स' द्वारा ओपन वाटर तैराकी प्रतियोगिता 'लेक मैन 3.1' का आयोजन किया गया। भोपाल सहित देश भर के 10 प्रमुख शहरों से आए 58 तैराकों ने गहरे पानी में छलांग लगाई और लहरों के बीच अपनी शारीरिक व मानसिक सहनशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन में दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से भी तैराकों ने भागीदारी की प्रतियोगिता में 48 पुरुष और 10 महिला तैराकों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता को चार दूरी वर्गों में आयोजित किया गया था, जिसमें तैराकों ने अपनी क्षमता के अनुसार भाग लिया, जिसमें 500 मीटर तैराकी, 1 किलोमीटर, 2 किलोमीटर, 4 किलोमीटर तैराकी का आयोजन किया गया।

67 वर्षीय डॉ. रायकवार ने 4 किमी में मारी बाज़ी

स्पर्धा में बड़ा आकर्षण 67 वर्षीय वरिष्ठ तैराक डॉ. कृष्ण चंद्र रायकवार रहे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल से सेवानिवृत्त वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. रायकवार ने 4 किलोमीटर ओपन वाटर तैराकी में युवाओं को पीछे छोड़ते हुए 1 घंटा 21 मिनट 48 सेकंड में रेस पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और बाज़ी मार ली। पिछले 63 वर्षों से निरंतर तैराकी कर रहे डॉ. रायकवार ने बताया कि उन्होंने 1973 में स्कूल स्टेट और 1976 में स्कूल नेशनल में हिस्सा लिया था। शुरुआती दौर में कोई कोच न होने के कारण उन्होंने बड़े व छोटे तालाब में खुद ही अन्य तैराकों की तकनीक देखकर अभ्यास किया।

उम्र के दोनों छोर चमके

मुक़ाबले के सबसे कम उम्र साढ़े नौ साल के तैराक इनेश थादुरी ने बड़े तालाब के गहरे पानी का खौफ मिटाते हुए 500 मीटर पुरुष वर्ग में 11 मिनट 45 सेकंड का समय निकालकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 9 साल के इनेश और 67 साल के डॉ. रायकवार के पोडियम फिनिश ने साबित कर दिया कि हौसले के आगे उम्र केवल एक संख्या है।

आईजी संजय तिवारी और बीडीसीए अध्यक्ष एसएन सिंह ने बांटीं ट्रॉफियां

प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के पुलिस महानिरीक्षक (देहात) संजय तिवारी, भोपाल डिस्ट्रिक्ट साइकल एसोसिएशन के अध्यक्ष एस. एन. सिंह एवं ट्राई-जी एथलीट्स के मुख्य कोच जामरान हुसैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी श्रेणियों के विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक विजेता ट्रॉफियां प्रदान कीं।



अनुशासित जीवनशैली के लिए 'ट्राईसोल एंड्योरेंस सीरीज़': हुसैन

आयोजन के सूत्रधार और ट्राई-जी एथलीट्स के मुख्य कोच जामरान हुसैन ने बताया कि मध्य भारत (सेंट्रल इंडिया) में एंड्योरेंस स्पोर्ट्स के तहत बड़े तालाब में आयोजित होने वाला यह ओपन वाटर स्विमथॉन इकलौता और ऐतिहासिक आयोजन है। जामरान हुसैन ने विस्तार से बताया, हमने लोगों में फिटनेस और खेलों को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से 'ट्राईसोल एंड्योरेंस सीरीज़' शुरू की है। जब कोई व्यक्ति एंड्योरेंस स्पोर्ट्स से जुड़ता है, तो उसकी पूरी दिनचर्या स्वतः अनुशासित हो जाती है। वह तनाव और बुरी आदतों से छूटकर सकारात्मक व्यवहार और असीम ऊर्जा के साथ दिनभर काम करता है। हमारा उद्देश्य भोपाल के इस खूबसूरत बड़े तालाब को राष्ट्रीय स्तर पर एंड्योरेंस खेलों का केंद्र बनाना है।

'कमियां भी मेरी आवाज की खूबी हैं', मनराज वीर सिंह ने कही दिल की बात

हरिभूमि चर्चा

भोपाल आए प्रसिद्ध गायक मनराज वीर सिंह से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



निजी संस्थान में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध इंडियन आइडल सिंगर मनराज वीर सिंह से हरिभूमि की खास बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े हुए पहलुओं पर चर्चा की मानवीय ने कहा कि इंडियन आइडल एक ऐसा शो है, जहां पूरे भारत से बहुत अच्छे-अच्छे गायक आते हैं। उनके बीच में, मैंने आज से चार-पांच साल पहले बस इंडियन आइडल के वीडियो देखकर मैनिफेस्ट करता था। आप सबको पता है जैसे पहले इंडियन आइडल विजेता अभिजीत सावंत थे। उसके बाद इतने सारे आए, तो उन सबको टीवी पर देखकर, उनके बारे में सुनकर अंदर से एक प्रेरणा मिलती थी कि यह भी गायक हैं। तो जब मुझे मौका मिला कि मैं जाऊं, और फिर मैंने देखा कि बहुत बढ़िया-बढ़िया गायक हैं। लेकिन मुझे अपनी एक अलग पहचान बनानी थी और जब एपी ढिल्लों, आयुष्मान खुराना पाजी, तिलविंदर, सुखविंदर सिंह पाजी—इन सब कलाकारों से प्रशंसा मिलती है, तो मुझे लगता है कि मैं कहीं न कहीं सफल हो गया, मैंने अपना नाम बनाया।

मेरी कमियां शायद मेरी आवाज के लिए है अच्छी

उन्होंने कहा कि मैं जैसा हूं, जैसा गाता हूं, अगर मुझमें कुछ कमियां भी हैं, तो हो सकता है वे मेरी आवाज के लिए अच्छी हों। मैंने कभी सोचा नहीं कि मुझे प्रतियोगिता के बारे में सोचना है। मैंने अपने दिल से गाया... जिस तरह का संगीत मैं सुनता हूं, जो मैं प्रस्तुत करना चाहता हूं, वैसा मैंने प्रस्तुत किया और लोगों को पसंद भी आया।

नाटक में परंपरा तथा आधुनिकता के बीच का संघर्ष धीरे-धीरे सामने आता है



शादी की खुशियों के पीछे छिपे रिश्तों के सच को मंच पर लाया 'शादी का एल्बम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





लिटिल बैले ट्रूप, शिमला हिल्स भोपाल में शादी का एल्बम नाटक का मंचन किया गया। यह गिरीश कर्नाड का एक संवेदनशील नाटक है, जो भारतीय मध्यवर्गीय परिवार, विवाह की परंपराओं और बदलते सामाजिक मूल्यों के बीच छिपे रिश्तों की जटिलताओं को उजागर करता है। एक परिवार में शादी की तैयारियों और तस्वीरों के माध्यम से सामने आती है एक ऐसी दुनिया, जहां खुशियों और उत्सव के पीछे कई अनकहे सवाल, अधूरी इच्छाएं और सामाजिक अपेक्षाएं छिपी हुई हैं। विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर परिवार के सदस्यों के विचार, उनके आपसी संबंध और परंपरा तथा आधुनिकता के बीच का संघर्ष धीरे-धीरे सामने आता है।

हर चेहरे के पीछे कुछ अनकहे सच...

हर इंसान के जीवन की एक दिखाई देने वाली कहानी होती है और एक वह, जो दुनिया की नज़रों से छिपी रहती है। हर चेहरे के पीछे कुछ अनकहे सच, कुछ छिपे हुए पहलू और कुछ ऐसी कहानियां होती हैं, जिन्हें इंसान अक्सर दुनिया के सामने लाना नहीं चाहता। जो रिश्ते बाहर से जितने सहज और खूबसूरत दिखाई देते हैं, उनके भीतर उतनी ही उलझनें, विरोधाभास और अनकही भावनाएं छिपी हो सकती हैं। यह नाटक केवल एक शादी की कहानी नहीं, बल्कि इंसानी रिश्तों, सामाजिक दिखावे और व्यक्ति के दोहरे व्यक्तित्व के उन पहलुओं को सामने लाता है, जिन्हें अक्सर पर्दे के पीछे ही रहने दिया जाता है।

दिल्ली से मुंबई तक का सफर संगीत बना जिंदगी की पहचान

भोपाल आईं सुकृति–प्रकृति कक्कड़ से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



हरिभूमि चर्चा

हमारी मॉम म्यूजिक टीचर थीं, इसलिए घर में हमेशा संगीत का माहौल रहता था। बचपन से ही गाने का शौक था। नौ-दस साल की उम्र से गा रहे थे और 16 साल की उम्र में प्रोफेशनली सिंगिंग शुरू की। खुशकिस्मत हैं कि अपने शौक को करियर बना पाए।

यह कहना है प्रसिद्ध सिंगर सुकृति–प्रकृति कक्कड़ का निजी संस्थान में प्रस्तुति देने भोपाल आई और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े हुए पहलुओं पर चर्चा की।

स्ट्रगल जिंदगी का हिस्सा है

हमारे लिए स्ट्रगल दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होने के साथ शुरू हुआ। उस समय हम 10 साल के थे। ऐड फिल्मों के लिए गाया, कई ऑडिशन दिए और आज भी देते हैं। एक सिंगर के लिए स्ट्रगल कभी खत्म नहीं होता, बस उसका रूप बदलता रहता है। यही सफर को खास बनाता है।

सुकृति सिर्फ दो मिनट बड़ी, लेकिन बनती हैं बड़ी बहन

प्रकृति कक्कड़ ने कहा सुकृति की सबसे अच्छी आदत है कि वह बहुत पंक्चुअल हैं और हमेशा समय पर तैयार हो जाती हैं। लेकिन वह अक्सर भूल जाती हैं कि मुझसे सिर्फ दो मिनट बड़ी हैं। कभी-कभी बड़ी बहन की तरह बॉस करने लगती हैं, जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं।

ताज लेकफ्रंट में सतपुड़ा के पारंपरिक व्यंजनों का 7 दिवसीय फूड फेस्टिवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ताज लेकफ्रंट भोपाल में मध्य प्रदेश के सतपुड़ा अंचल की पारंपरिक खानपान संस्कृति पर केंद्रित सात दिवसीय फूड फेस्टिवल 'द सोल ऑफ सतपुड़ा' संपन्न हो गया। होटल के सतपुड़ा टेरेस पर 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित इस फेस्टिवल में छिंदवाड़ा जिले के तामिया क्षेत्र के पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय स्वादों को विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया।

फेस्टिवल में मेहमानों के लिए शाकाहारी और मांसाहारी थालियां तैयार की गई थीं। इनमें स्थानीय सामग्री और पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक विधियों से बने व्यंजनों को शामिल किया गया। आयोजन के



जरिए मेहमानों को सतपुड़ा अंचल की उन खानपान परंपराओं से परिचित कराया गया, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' आज से

भोपाल। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सुप्रतिष्ठित 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' इस वर्ष भी 12 से 18 अक्टूबर, 2026 तक रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित यह उत्सव श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों को बहु कलाओं के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने का शाश्वत प्रयास है।

अरसेला के गीतों में अंतर आत्मा की आवाज है: आस्तिक

दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में पुस्तक लोकार्पण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



नवगीत के प्रख्यात समालोचक वीरेन्द्र आस्तिक ने कहा है कि युवा कवि इन्द्र सिंह अरसेला के गीतों में अंतर आत्मा की आवाज है और इनकी रचनाओं में दंभ नहीं, करुणा और दया का स्वर है। पुस्तकों के शीर्षक ही बहुत कुछ कहते हैं।

आस्तिक वागर्थ समूह द्वारा दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में आयोजित पुस्तक लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अरसेला की रचनाएं लोक जीवन के निकट हैं। साथ ही इनमें वेदना और बगावत के स्वर भी उदभूत हुए हैं। कार्यक्रम में युवा कवि इन्द्र सिंह अरसेला की दो पुस्तकों मुझको जीकर देख और मैं चुप रहा तो का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ गीतकार मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि कवि की रचनाओं में उनके निजी जीवन के प्रतिबिम्ब हैं। उन्होंने समीक्षकों से कहा कि वे सिर्फ रचनाओं और रचनाकार की प्रशंसा ही न करें बल्कि शिल्पगत त्रुटियों की ओर भी कवि का ध्यान खींचे। सारस्वत अतिथि वीरेंद्र निर्झर ने कहा कि अरसेला के गीत संग्रह में शोषित पीड़ितों का दर्द बयां हुआ है। गीत जुझारूपन और संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथि गीतकार कांति शुक्ला ने कहा कि अरसेला अपने गीतों में सत्य को प्रखरता और बिंबात्मक कौशल से अभिव्यक्त करने का हुनर रखते हैं। वरिष्ठ कवि महेश अग्रवाल और प्रसिद्ध कवयित्री मधु शुक्ला ने लोकार्पित कृतियों की समीक्षा करते हुए उनके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर कृतिकार इन्द्र सिंह अरसेला ने लोकार्पित संग्रहों से चुनिंदा रचनाओं का पाठ किया। कवि गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामवल्लभ आचार्य, ऋषि श्रृंगारी, राजेन्द्र गट्टानी, किशन तिवारी, दिनेश प्रभात, हरिवल्लभ शर्मा, दिनेश मालवीय, ममता वाजपेयी, सीमा हरि शर्मा, दीपक पंडित, प्रमोद जैन प्रेम, प्रतिभा द्विवेदी और नीता सक्सेना ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।

भारत भवन में दो दिवसीय चिल्ड्रेन्स लिटरेचर फेस्टिवल का समापन

कहानियों, रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों ने सीखी कल्पनाओं की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





कहीं खरगोश की दोस्ती ने उदासी में साथ निभाने का संदेश दिया, तो कहीं जासूस की सूंघने की अनोखी शक्ति ने बच्चों को रहस्यों की दुनिया में पहुंचा दिया। तो किसी ने जंगल की आवाजों में प्रकृति की कहानी सुनी। भारत भवन में आयोजित दो दिवसीय बुकारू चिल्ड्रेन्स लिटरेचर फेस्टिवल का समापन रविवार को बच्चों की ऐसी ही रचनात्मक गतिविधियों और साहित्यिक अनुभवों के बीच हुआ। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित इस फेस्टिवल में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लेकर कहानियों, कविताओं और कल्पनाओं की दुनिया का आनंद लिया।

दोस्ती से जासूसी तक, कहानियों ने बांधा ध्यान

अतुल वाधवानी की कहानी 'दोस्त खरगोश' ने बच्चों को दोस्ती का भावनात्मक अर्थ समझाया। कहानी का संदेश था कि उदासी के समय हमेशा सलाह नहीं होता, कभी-कभी किसी का चुपचाप हमारी बात सुन लेना ही सबसे बड़ी मदद बन जाता है। टैन्सी ट्रॉय की 'व्हाट इफ यू स्टॉप्ड बीइंग यू?' ने एक चिड़चिड़े शेर की मजेदार कहानी के माध्यम से अपनी पहचान और स्वयं को स्वीकार करने का संदेश दिया।

गजल में कल्पनाशीलता

लारेमी ली के सत्र 'कैन यू राइट व्हाट यू कैन्ट सी?' में बच्चों को अपने भीतर छिपे विचारों और भावनाओं को कविता के रूप में व्यक्त करने की प्रेरणा मिली। आफताब यूसुफ शेख के 'वंस अपॉन अ गजल' सत्र में मिर्जा गालिब की गजल परंपरा और शेक्सपियर की काव्य शैली को जोड़कर अंग्रेजी गजल की संभावनाओं पर रोचक चर्चा हुई। श्वेता तनेजा के 'पूप, पूप' सत्र ने वन्यजीवों के मल से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों के जरिए प्रकृति को देखने का अलग नजरिया दिया। मीनाक्षी नारंग के 'बी एन एनिमल सुपरहीरो' सत्र में बच्चों ने पशुओं की दुनिया और उनके संरक्षण के महत्व को जाना। पेटा इंडिया के सहयोग से हुए इस सत्र ने बच्चों को पशुओं के प्रति संवेदनशील बनने की प्रेरणा दी।

करीब से समझी भोपाल की ऐतिहासिक विरासत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भोपाल क्रिएटर्स कम्युनिटी ने मध्यप्रदेश टूरिज्म के सहयोग से रविवार को हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। इस वॉक में भोपाल सहित रायसेन, विदिशा, गंजबासौदा, इंदौर और आसपास के शहरों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

हेरिटेज वॉक का नेतृत्व इंदौर से आए अनसीन एमपी फेम रौनक आनंद और अरुणिका माथुर ने किया। वॉक की शुरुआत ऐतिहासिक ताज-उल-मसाजिद से हुई, जहां अरुणिका माथुर ने प्रतिभागियों को भोपाल में बेगमों के शासन, शहर के इतिहास और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण विरासत के बारे में जानकारी दी। इसके बाद प्रतिभागियों ने बेनजीर पैलेस और गोलघर सहित शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को देखा। हेरिटेज वॉक का समापन ऐतिहासिक ताजमहल पैलेस के सामने हुआ।



जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

मुंबई। 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात , ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नमः'में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम पर आधारित है
स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर किताओ सकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स, एंड्रयू कोजी रयू और जेसन मोमोआ ब्लैंका के किरदार में नजर आएंगे।



अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द

नई दिल्ली। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।



दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नजर आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।



अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो में रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब फ्लिन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

टीवी मसाला



नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना'कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।

गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।



दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेवबैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में



एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेवबैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही हैं।

मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी



भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।

'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।

चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।



मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें भरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।

शंघाई मास्टर्स : गेआ ने किया उलटफेर, शेल्टन को हराकर चौथे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| शंघाई

फ्रांसीसी क्वालीफायर आर्थर गेआ ने रविवार को शंघाई मास्टर्स में अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने चौथे नंबर के बेन शेल्टन को सीधे सेटों में हराकर टॉप 10 में शामिल किसी खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत हासिल की और टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंच गए।

21 साल के इस खिलाड़ी ने अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 7-6 (3) से जीत हासिल की और साल के दूसरे सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपने शानदार सफल सीजन को आगे बढ़ाने के लिए दो करीबी टाई-ब्रेक में धैर्य दिखाया। मास्टर्स 1000 इवेंट के मेन-ड्रॉ में डेब्यू करते हुए गेआ ने इस मौके पर ज्यादा परेशान होने का कोई संकेत नहीं दिया। शुरुआती सेट में दो बार ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने मुकाबला टाई-ब्रेक तक पहुंचने पर अपना धैर्य बनाए रखा और इसे 7-5 से जीतकर शुरुआती बढ़त बना ली।

गेआ ने शुरू में बनाया ब्रेक का मौका

दूसरे सेट में भी ऐसा ही तनावपूर्ण पैटर्न रहा। गेआ ने शुरू में ब्रेक का मौका बनाया, लेकिन बाद में सातवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। उन्होंने तुरंत शेल्टन की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, जिससे यह पक्का हो गया कि कोई भी खिलाड़ी निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सका और एक और टाई-ब्रेक की जरूरत पड़ी। अंतिम सेट में गेआ ज्यादा भरोसेमंद खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने दूसरा टाई-ब्रेक 7-3 से जीतकर सीधे सेटों में जीत हासिल की और अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की।



जुलाई में जीता था पहला एटीपी टूर टाइटल

यह नतीजा उस सीजन में एक और बड़ी कामयाबी है, जिसमें गेआ ने तेजी से खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के तौर पर स्थापित किया है, जिस पर नजर रखनी चाहिए। उन्होंने जुलाई में लॉस कैबोस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी टूर टाइटल जीता, इससे पहले कि वह लकी लूजर के तौर पर यूएस ओपन के चौथे राउंड में अचानक पहुंच गए। न्यूयॉर्क में उनका अभियान बोटिक वैन डे जैंडशुल्प के खिलाफ पांच सेट के मुकाबले के बाद खत्म हुआ। जीत के साथ आर्थर गेआ शंघाई मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। वह पहली बार अंतिम 16 में पहुंचे हैं। चौथे राउंड में उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो या चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी जैकब मेन्सिक से होगा।

वुहान ओपन से बाहर हुईं नोस्कोवा

वर्ल्ड नंबर 6 खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा ने बाएं पैर की पिंडली में चोट के कारण 'वुहान ओपन' से हटने की घोषणा की है। चूंकि, विंबलडन चैंपियन नोस्कोवा ने मुकाबलों का शुरुआती शेड्यूल जारी होने से पहले ही नाम वापस ले लिया, इसलिए नंबर 9 सीड बेलिंडा बेनसिक ड्रॉ की लाइन 48 पर नोस्कोवा की जगह लेंगी और उन्हें सीधे दूसरे राउंड में 'बाय' मिलेगा। इसके बाद, सीडेड होने वाली अगली उपलब्ध खिलाड़ी अन्ना कलिनस्काया ड्रॉ में लाइन 9 पर बेनसिक की जगह लेंगी और पहले राउंड में झांग शुआई का सामना करेंगी। कलिनस्काया की मूल जगह पर कल खेल शुरू होने से पहले एक 'लकी लूजर' को शामिल किया जाएगा।



रणजी ट्रॉफी : जायसवाल हुए डक पर आउट, राहुल ने बनाए सिर्फ चार रन

पहले दिन भारत के टेस्ट बल्लेबाज फ्लॉप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रणजी ट्रॉफी का 11 अक्टूबर को आगाज हो गया है। देश के 18 वेन्यू पर मुकाबले खेले जा रहा है, जिसमें भारत के कई स्टार खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें से कुछ अनुभवी टेस्ट खिलाड़ियों की अपने-अपने मैचों में शुरुआत खराब रही। वे पहले दिन फ्लॉप रहे। मुंबई और मुलापाडु में खेले जा रहे मैचों में भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल अपनी-अपनी पारियों के शुरुआती घंटे में ही आउट हो गए।

दोनों का ही बल्ला शांत रहा। वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ मुंबई के लिए ओपनिंग करते हुए जायसवाल 13 गेंदों का सामना करने के बाद भी बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि आंध्र प्रदेश के खिलाफ राहुल चार रन पर आउट हुए। इस मैच में पिछले साल की रनर-अप टीम कर्नाटक को तेज गेंदबाजों कावुरी साईतेजा और केवी शशिकांत ने शुरुआती झटके देते हुए चार विकेट चटकाए। पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के लिए 73 गेंदों पर 70 रन बनाए। मुंबई के उप-कप्तान आयुष म्हात्रे 48 रन बनाए।

शमी की शानदार शुरुआत

दूसरी ओर बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके अनुभव का कोई विकल्प नहीं है। शमी और आकाश दीप ने दिल्ली के खिलाफ़ शानदार शुरुआत की और विकेट लिए और ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया।

अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड मैच रद्द

शुरुआती दौर के 18 मैच चल रहे थे, तभी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड के बीच होने वाला 'प्लेट ग्रुप' मैच रद्द कर दिया गया। अरुणाचल एसोसिएशन में चल रहे कानूनी विवाद की वजह से अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए टीम नहीं बन पाई।



एलीट डिवीजन में 32 टीमें लेंगी हिस्सा

रणजी ट्रॉफी के 92वें सीजन में एलीट डिवीजन में 32 टीमें और प्लेट ग्रुप में छह टीमों समेत कुल 38 टीमें हिस्सा ले रही है। शुरुआती राउंड में देश भर में 19 मैच खेले जाने थे। एलीट लीग की 32 टीमों को आठ-आठ टीमों वाले चार ग्रुप में बांटा गया है। लीग मैच दो राउंड में खेले जाएंगे। पहला राउंड 11 अक्टूबर से 5 नवंबर तक होगा, जबकि दूसरा राउंड जनवरी 2027 में शुरू होगा। नॉकआउट मैच फरवरी में खेले जाएंगे और फाइनल मार्च की शुरुआत में खेला जाएगा। पूरे टूर्नामेंट में कुल 138 मैच खेले जाएंगे।

पहला मैच नहीं खेले गिल

शुभमन गिल रविवार को न्यू चंडीगढ़ में असम के खिलाफ पंजाब के रणजी ट्रॉफी के पहले मैच में नहीं खेले। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घोषित टीम में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान का नाम शामिल नहीं था। हालांकि 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले पंजाब के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ शुभमन के खेलने की संभावना है।

रोहित ने खोला पंजा, झटके 4 विकेट

जम्मू और कश्मीर के लिए खेलते हुए मध्यप्रदेश के खिलाफ तेज गेंदबाज रोहित शर्मा ने कोहराम मचा दिया। रोहित ने पंजा खोला, जिसकी वजह से मध्य प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को 196 रनों पर ही समेट दिया। रोहित ने हर्ष गावली, हिमांशु मंत्री, डेब्यूटांट चंचल राठौड़, अथर्व महाजन और शुभम शर्मा का विकेट चटकाया। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज की वजह से जम्मू एंड कश्मीर ने मैच में अपना दबदबा बना लिया है। श्रीनगर में खेले जा रहे इस मैच में जम्मू और कश्मीर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। रोहित ने शुरुआती तीन में से दो विकेट झटककर मध्यप्रदेश को मुश्किल में डाल दिया था। रोहित ने चंचल को आउट किया और इसके कुछ ही देर बाद उन्होंने अथर्व महाजन का विकेट चटकाया। अथर्व के बाद सारांश जैन भी बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

खबर संक्षेप

मेस्सी ने क्लब मैच में बिखेरी चमक



मियामी। अर्जेंटीना की तरफ से आखिरी मैच खेलने के बाद लियोनेल मेस्सी ने क्लब स्तर पर दो गोल करके अपनी चमक बिखेरी, जिससे इंटर मियामी ने मेजर सॉकर लीग में डीसी यूनाइटेड को 4-0 से हराया। लुई सुआरेज़ ने दो गोल किए जबकि जर्मन बर्तेरामे ने दो गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने पिछले पांच मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला तोड़ दिया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर डटे रहे। उनके अब इस टूर्नामेंट के वर्तमान सत्र में 23 गोल हो गए हैं, जो किसी भी खिलाड़ी के सर्वाधिक गोल हैं।

मैट रेनशॉ ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड



डरबन। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान किसी एक टेस्ट पारी में निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक रन बनाने का विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेनशॉ ने तब क्रीज पर कदम रखा जब ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में था। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों (8 से 11 नंबर) के साथ बल्लेबाजी करते हुए 397 गेंदों पर 190 रन की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनकी इस पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 390 रन बनाए।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप

उदयवीर ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता गोल्ड मेडल

एजेंसी ▶▶| काहिरा

उदयवीर सिद्धू ने आईएसएसएफ राइफल/ पिस्टल विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चौबीस वर्षीय उदयवीर ने फाइनल में 240.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उदयवीर ने जर्मनी के क्रिस्टियन रिट्ज (240.1) को 0.5 अंक से पछाड़ा, जिन्होंने रजत पदक जीता। इटली के पाओलो मोन्ना (219.8) ने कांस्य पदक जीता। उदयवीर ने अंतिम चरण में दबाव के बीच संयम बनाए रखा। आखिरी दो शॉट से पहले वह रिट्ज से 0.3 अंक पीछे थे लेकिन भारतीय निशानेबाज ने 10.2 और 9.8 अंक के शॉट लगाए। वहीं, रिट्ज के दोनों शॉट में 9.6 अंक के रहे, जिससे उदयवीर ने आखिरी शॉट पर जीत दर्ज की।



उदयवीर ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 585 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने छह सीरीज में 99, 98, 98, 97, 97, 96 अंक जुटाए। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय निशानेबाज जोनाथन गेविन एंटनी क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन वह केवल रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

यूनिसेफ की 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' बनीं स्मृति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना को यूनिसेफ इंडिया ने अपने 'सेलिब्रिटी एडवोकेट' के रूप में नामित किया है। यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर की गई, जो लड़कियों के अधिकारों, सुरक्षा, नेतृत्व और क्षमता पर ध्यान आकर्षित करता है। इसके साथ ही उन बाधाओं की भी पहचान करता है, जो उनके विकल्पों को सीमित करते हैं।

लंबे समय से दक्षिण एशिया के यूनिसेफ के क्षेत्रीय दूत के रूप में कार्य कर रहे दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मंधाना की नियुक्ति का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, ' स्मृति मंधाना यूनिसेफ इंडिया परिवार में आपका स्वागत है।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना निशातपुरा नगरीय पुलिस भोपाल

क्र.था.प्र./754/अप. क्र. 1004/26 दिनांक 07/10/26

// जाहिर सूचना //



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना निशातपुरा जिला भोपाल (म.प्र.) के अप. क्रमांक 1004/26 धारा 140 (3) बी.एन.एस. मे गुमशुदा नानाजी सावल सिंह यादव पिता स्व. नानू सिंह यादव उम्र 85 साल निवासी सदर होशंगाबाद जो दिनांक 04/10/26 को घर से बिना बताये चले गये है। हुलिया:- रंग गेहुंआ, कद 5.8 फीट, सफेद कुर्ता व पैजामा पहने है, पैरो में जुते पहने है। उपरोक्त गुमशुदा के बारे कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना निशातपुरा भोपाल मे संपर्क करें। तथा थाना मोबाईल नंबर 7587601924, 7049106060 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना निशातपुरा भोपाल म.प्र.

G-19869/26 " स्वच्छता ही सेवा "

कार्यालय वनमंडल अधिकारी, नरसिंहपुर सामान्य वनमंडल नरसिंहपुर

07792-230624, Email-dfotnpur@mp.gov.in, Email-dfonrs@rediffmail.com

:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::

नरसिंहपुर वनमंडल के अंतर्गत विभिन्न वन अपराधों में लिप्त पाये जाने पर, अंतिम रूप से शासन के पक्ष में राजसात वाहनों का निर्वतन हेतु प्रथम निविदा दिनांक 29/10/2026 द्वितीय दिनांक 12.11.2026 एवं तृतीय दिनांक 26.11.2026 को निविदा के माध्यम से किया जाना है। निम्नलिखित वाहनों के क्रय हेतु इच्छुक व्यक्तियों से उक्त दिनांक को अपरान्ह समय 02 बजे तक कार्यालय वनमंडल अधिकारी नरसिंहपुर सामान्य वनमंडल में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03 बजे से उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। निर्वतन किये जाने वाले वाहनों का विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	वाहन का प्रकार	वाहन का पंजीयन क्रमांक	वाहन जहां रखा है
1	टाटा पिकअप 207	MP-19 GA-2647	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
2	ट्रेक्टर ट्राली न्यू हालेण्ड	MP-49 AA-2562	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
3	मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर	MP-22 MD-6640	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
4	महिन्द्रा डी.आई. 3200	MP-49 G-0785	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
5	अशोक लीलेण्ड पिकअप	MP-17 G-2499	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
6	मैक्स पिकअप	MP-49 G-0480	रेंज कम्पाउंड करेली
7	टाटा ऐ.सी.ई गोल्ड	MP-49 G-1809	रेंज कम्पाउंड करेली
8	मोटरसाइकिल बजाज प्लेटीना	MP-15 MF-9881	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
9	HF डीलक्स	MP-20 NX-5787	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
10	हीरो होण्डा CD डॉन	MP-20 KM-0418	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
11	हीरो होण्डा पेसन प्रो	MP-20 ME-6498	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
12	बजाज पल्सर	MP-22 ZA-1104	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
13	HF डीलक्स	MP-04 QM-4705	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
14	HF डीलक्स	MP-20 NE-0433	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
15	स्प्लेंडर प्लस	MP-28 MB-7907	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
16	मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर	MP-49 MG-9434	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
17	मोटरसाइकिल पैशन एक्स प्रो	MP-20 MS-2197	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
18	हीरो हाण्डा स्प्लेंडर	MP-49 BA-0618	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
19	टाटा योद्धा 1700	बिना नम्बर	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव
20	मोटरसाइकिल TVS स्पोर्ट	Chassis No -MD625MF57E1L38042	रेंज कम्पाउंड बरमान
21	महिन्द्रा मैक्स पिकअप	MP-38 G-0283	रेंज कम्पाउंड वरमान
22	मोटरसाइकिल TVS स्टार	MP-04 MF-4566	रेंज कम्पाउंड बरमान
23	मोटरसाइकिल बजाज पल्सर 125 CC	MP-49 MU-1015	रेंज कम्पाउंड बरमान
24	मोटरसाइकिल होण्डा सी.डी. 110	MP-15 NE-7621	रेंज कम्पाउंड बरमान
25	मोटरसाइकिल बजाज सिटी 110	MP-20 KN-4220	रेंज कम्पाउंड बरमान
26	मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स	MP-49 MP-8220	रेंज कम्पाउंड बरमान
27	मोटरसाइकिल स्पेलण्डर	MP-49 MI-3701	रेन्ज कम्पाउंड बरमान
28	मोटरसाइकिल बजाज CT 110	MP-49 MQ-8710	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
29	मोटरसाइकिल हीरो HF डिलक्स	MP-49 MF-5412	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
30	टी.वी.एस. स्टार सिटी	MP-49 ML-1263	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
31	मोटरसाइकिल कवासा	MP-05 BA-2313	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
32	मोटरसाइकिल टी.वी.एस. 100 डी.सी.	MP-38 C-5567	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
33	मोटरसाइकिल डिस्कवर	MP-49 MD-0287	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा

पिछले निविदा से शेष बचे वाहनों की सूची

क्र.	वाहन का प्रकार	वाहन का पंजीयन क्रमांक	वाहन जहां रखा है
1	बोलेरो पिकअप वेन	MP-49 G-1503	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
2	मो.सा. TVS	MP-49 MM-2839	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
3	डम्फर	MP-38 G-2907	रेंज कम्पाउंड गाडरवारा
4	मारूती	MP-09 A-4693	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
5	मारूती 800	MP-20 F-5225	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
6	मारूती 800	MP-20 F-5157	रेंज कम्पाउंड नरसिंहपुर
7	टाटा 207	MP-45 G-0384	रेंज कम्पाउंड गोटेगांव

निविदा संबंधी विस्तृत शर्तें/जानकारी अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से एवं निविदा फार्म 200/- (दो सौ रुपये) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस 11:30 से 5:30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्रत्येक वाहन की निविदा पृथक-पृथक दी जावे। निविदा के साथ फोर व्हीलर वाहनों हेतु 5000/- (पांच हजार रु.) एवं टू व्हीलर वाहनों हेतु 2000/-(दो हजार रु.) की प्रतिभूति राशि बैंक ड्राफ्ट प्रत्येक वाहन की निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है।

वनमंडल अधिकारी
नरसिंहपुर

G-19883/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय परियोजना संचालक बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

Email ID - pdbinapmu@gmail.com

पत्र क्र. 2056/ बण्डा / बीना पी.एम.यू./2026-27 सागर दिनांक 29/09/2026

अतिमहत्तवपूर्ण सार्वजनिक सूचना

बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना (उल्दन बांध)

सभी को सूचित किया जाता है कि बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत उल्दन बाँध निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं सिंचाई सुविधा अतिशीघ्र उपलब्ध करने का लक्ष्य है, जिस हेतु परियोजना का निर्माण कार्य में पाईप लाईन बिछाने का कार्य आगामी दिनांक 15.10.2026 से प्रारंभ किया जाना है।

अतः ग्राम तहसील बण्डा, बांदरी, सागर एवं शाहगढ जिला सागर तथा तहसील बक्स्वाहा जिला छतरपुर में पाईप लाईन बिछाने के दौरान आने वाले भूमि स्वामियो को सूचित किया जाता है कि पाईप लाईन क्षेत्र को छोडकर आगामी रबि सीजन (गेहूँ, चने) की फसल में बोनी (पाईप लाईन क्षेत्र को छोडकर) की जाना सुनिश्चित करें ताकि पाईप लाईन बिछाने के दौरान किसी भी कृषक की फसल को नुकसान न हो तथा पाईप लाईन बिछाने का कार्य सुचारू रूप से शीघ्रातिशीघ्र किया जा सके ताकि कमाण्ड क्षेत्र में कृषको को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके।

तहसील शाहगढ़ जिला-सागरः बकराई, बामहोरी शाहगढ़, बमनोरा, बरेथी, बरखेड़ा शाह., बेई, भरतपुर, बुधाना, चक दलपतपुर, चक गोरकट्या, चक कनेरी, दलपतपुर, धूरमार, डोलोना, गोरकटिया, गुगरा खुर्द, जलमपुर, कनेरी, लबनौ, लुहारी, मुदारी बुजुर्ग, मुहाली, नौराज, नायाखेड़ा, पपेट, रबारा, सेवदा कारकट, सिलापारी, सिमरिया उवारी, तातरवाड़ा, तिनसी, तिनसुवा, उजनेथी, बसोना, चक मोहरी, खटोरा कलां, खटोरा खुर्द, मोहरी, पदराई, पपेटी, पुराशहमढ़, राजौरेला, रुरावाँ, सेमरा शेख, सिमरिया खुर्द ।

(अनिरूद्ध आनंद)
परियोजना प्रबंधक (बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना) बीना पी. एम. यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

G-19856/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय परियोजना संचालक बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

Email ID - pdbinapmu@gmail.com

पत्र क्र. 2058/ बण्डा / बीना पी.एम.यू./2026-27 सागर दिनांक 29/09/2026

अतिमहत्तवपूर्ण सार्वजनिक सूचना

बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना (उल्दन बांध)

सभी को सूचित किया जाता है कि बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत उल्दन बाँध निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं सिंचाई सुविधा अतिशीघ्र उपलब्ध करने का लक्ष्य है, जिस हेतु परियोजना का निर्माण कार्य में पाईप लाईन बिछाने का कार्य आगामी दिनांक 15.10.2026 से प्रारंभ किया जाना है।

अतः ग्राम तहसील बण्डा, बांदरी, सागर एवं शाहगढ जिला सागर तथा तहसील बक्स्वाहा जिला छतरपुर में पाईप लाईन बिछाने के दौरान आने वाले भूमि स्वामियो को सूचित किया जाता है कि पाईप लाईन क्षेत्र को छोड़कर आगामी रबि सीजन (गेहूँ, चने) की फसल में बोनी (पाईप लाईन क्षेत्र को छोडकर) की जाना सुनिश्चित करें ताकि पाईप लाईन बिछाने के दौरान किसी भी कृषक की फसल को नुकसान न हो तथा पाईप लाईन बिछाने का कार्य सुचारू रूप से शीघ्रातिशीघ्र किया जा सके ताकि कमाण्ड क्षेत्र में कृषको को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके।

तहसील बण्डा जिला-सागरः ग्राम बहरिया, बेसली, भारतीय नगर, भारतीय, भूसकमलपुर, बिनैका, चक भारतीनगर, चकखजरा, चितौवा, डोंगरपुर, हनोता उमारी, हिंदोरिया, हिरापुर, काजरा बिनका, खिरिया बिनेका, कोटा, कोतरा, मगरधा, ममड़ा, मटाया, मऊ, निमन, पड़वार, पतन, पथरियाब्यास, राख, राखसी, रिच्छाई बिनेका, रोडा, सेखपुर, सिगडोनी, तांगिया, उल्दान, बामुरा भेड़ा, बेली, चकेरी बिनेका, चंदोख, चापराई, चिलपहाड़ी, धरखेरी, दिलखेड़ी, फतेहपुर, गदर, गोंडा, गोरा, झागरी, कंडारी, करापुर (सीटी), केथोरा, मजगुवान, मिडवासा, पनारी, परसिया, पटौआ, पिपरिया चमरी, पिपरिया चौदा, पिपरिया राजमान, रामचंद्रपुरा, सेमरा दौलत, सिमरिया, सिमरिया छापरी, सोराई, सम्मेरा, तोड़ा, बागपुरा, बंदा, बिजरी, चक भेड़ा, चक भेड़ा, चौका भेड़ा, गणियारी, हरदौनी, हिनोटी, इमलिया, जगथार, जेरवारा, खेजरा डूगाहा, कांती, खजरा भेड़ा, खोजमपुर, खुवारी, कुनवाला, महूना, मलकपुर, मुड़िया, पजनारी, पतारी, पिपरिया माठो, पिठौली, रतनपुर, रिछाई सागर, सलाईया बिनेका, सेमरा रामचंद्र, सेमरा दंत, सोनपुर, बागोधा, बाजरेडा, बामहोरी जगदीश, भदारना बिलौवा, बुधखेड़ा, पटौआ, धाद, सागोरिया, सलाया काला, मड़ैया, मढ़खेड़ा, पीडुवा, सगारी, सहावन।

(अनिरूद्ध आनंद)
परियोजना प्रबंधक (बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना) बीना पी. एम. यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

G-19857/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

कार्यालय परियोजना संचालक बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

Email ID - pdbinapmu@gmail.com

पत्र क्र. 2055/ बण्डा / बीना पी.एम.यू./2026-27 सागर दिनांक 29/09/2026

अतिमहत्तवपूर्ण सार्वजनिक सूचना

बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना (उल्दन बांध)

सभी को सूचित किया जाता है कि बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत उल्दन बाँध निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं सिंचाई सुविधा अतिशीघ्र उपलब्ध करने का लक्ष्य है, जिस हेतु परियोजना का निर्माण कार्य में पाईप लाईन बिछाने का कार्य आगामी दिनांक 15.10.2026 से प्रारंभ किया जाना है।

अतः ग्राम तहसील बण्डा, बांदरी, सागर एवं शाहगढ जिला सागर तथा तहसील बक्स्वाहा जिला छतरपुर में पाईप लाईन बिछाने के दौरान आने वाले भूमि स्वामियो को सूचित किया जाता है कि पाईप लाईन क्षेत्र को छोडकर आगामी रबि सीजन (गेहूँ, चने) की फसल में बोनी (पाईप लाईन क्षेत्र को छोडकर) की जाना सुनिश्चित करें ताकि पाईप लाईन बिछाने के दौरान किसी भी कृषक की फसल को नुकसान न हो तथा पाईप लाईन बिछाने का कार्य सुचारू रूप से शीघ्रातिशीघ्र किया जा सकें ताकि कमाण्ड क्षेत्र में कृषको को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जा सके।

तहसील सागर जिला-सागरः ग्राम आलमपुर, सनोधा, जेरवारा, खेजरा डूगाहा, मेहर, सुनेती, अमोधा, बेरखेड़ी, पड़रिया।

तहसील मालथोन जिला-सागरः- ग्राम बारोदिया चंद्रपुर, बारोदिया कला 026, बिजरी, बिकोरकला, बिकोरकला खुर्द, बिकोरखुर्द, बिसरहा, चकरकेखजुरिया, चकगढोली, चंद्रपुर, चुरारी, डबड़ेरा, दारी, गठोली, हड़ली, हडवा, जामुकेसाथ, झिकनी, कारेयमाफी, कर्केखजुरिया, खदोवा, खटोरा, लाछारा, माराखजुरिया, मधवनमार, मिरगवली, मुहलीबुजुर, ननौनी, नौधना, नौनिया, नीम खेड़ा, पालिरेयातवा, पालिसुजान, पालेठनी, रजवा, रजवांश, रतनपुर, रेडोनमालगु, रेडोनरेयातवा, सगौनी, समसपुरा, संजारा, सीमरियागरप, टिग्राबुर्ज, वोवायी, अज्ञात गाँव, अगसीरास, अटातिला, बहेरिया बुजुर्ग, बमनोरा, बंदरी करोती, बिदवासन, कालुवा, मुद्री पिठोरिया, मुहली पिठोरिया, पीराई, पिठोरिया, साधुपुर, सेवन।

(अनिरूद्ध आनंद)
परियोजना प्रबंधक (बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना) बीना पी. एम. यू. जल संसाधन विभाग सागर (म.प्र.)

G-19860/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

साय कैबिनेट के दो प्रमुख फैसले, सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे करने पर पीएम का अभिनंदन भी किया गया

अग्निवीर बनेंगे सिपाही 36 को पहले मौका

आदिम जाति विभाग का नाम बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विष्णुदेव साय कैबिनेट ने अग्निवीरों के लिए सिपाही बनने का रास्ता साफ कर दिया है। रविवार को सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में 2 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें से एक अग्निवीरों का था। पूर्व अग्निवीर सैनिकों को गृह विभाग में आरक्षक के 36 पदों पर नियुक्ति को मंजूरी मिली। एक अन्य फैसले में छत्तीसगढ़ शासन कार्य आवंटन नियम में संशोधन करते हुए आदिम जाति विकास विभाग का नाम अब जनजातीय कार्य विभाग कर दिया गया है। साय कैबिनेट की बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। मंत्रिपरिषद ने दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

खास खबर

गुजरात मॉडल से छत्तीसगढ़ को मिली विकास की दिशा-साय

मोदी के 25 साल के नेतृत्व पर कैबिनेट ने किया अभिनंदन

साय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में सरकार के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुशासन, गरीब कल्याण, डिजिटल तकनीक और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के नेतृत्व को जनसेवा, राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांतों से जुड़ी यात्रा बताया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की तीन करोड़ जनता और मंत्रिपरिषद की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घकालीन राष्ट्रसेवा की कामना की। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य के समन्वय से छत्तीसगढ़ में विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



गुजरात मॉडल को कई राज्यों ने अपनाया

साय ने कहा, नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार 13 साल तक काम कर चुके हैं। इस दौरान गुजरात में विकास का एक मॉडल तैयार हुआ, जिसे 'गुजरात मॉडल' के नाम से पहचान मिली। कई राज्यों ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा, कच्छ में आए भीषण भूकंप से पूरा इलाका तबाह हो गया था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने अपनी मेहनत और दूरदृष्टि से उसे फिर से विकसित करने का काम किया।

बस्तर में विकास को गति मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलवाद प्रदेश के विकास में बड़ी बाधा बन गया था। एक समय ऐसा लगता था कि इसका अंत हो भी पाएगा या नहीं। बस्तर के भोले-भाले लोग कहीं लंबे समय तक विकास से दूर न रह जाएं, ऐसी चिंता बनी रहती थी। मोदी सरकार आने के बाद इस दिशा में बदलाव आया है। नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाई हुई और अब छग नक्सलवाद से मुक्ति की ओर बढ़ा है। नक्सल उन्मूलन के लिए केंद्र से 2,080 करोड़ की विशेष सहायता मिली है। इससे बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा।

2047 तक विकसित देश बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना और अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर पहुंचाना है। इसी लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। 2014 से पहले पाकिस्तान की ओर से बार-बार उकसाने वाली घटनाएं होती थीं। उस समय की सरकार बातचीत के जरिए मामले सुलझाने की कोशिश करती थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी सैन्य कार्रवाइयां कीं।

जामुल थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच

अस्थि विसर्जन में ले जाने से मना करने पर पांचवीं के छात्र ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अपने बड़े पिता के अस्थि विसर्जन में साथ ले जाने परिजनों ने पांचवीं के छात्र को मना करने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है। जामुल पुलिस ने बताया कि नवीन चौक जामुल निवासी छात्र मनीष देवांगन के बड़े पिता का निधन हो गया था। जिसका अस्थित विसर्जन करने के लिए परिजन राजिम जाने के लिए निकल रहे थे। तभी मनीष भी उनके साथ जाने के लिए जिद्द कर रहा था। परिजनों ने उसे साथ ले जाने से इंकार कर दिया। आक्रोशित होकर मनीष ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को को फंदा से उतारकर पंचनामा किया और पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। पुलिस परिजनों से पूछताछ भी कर रही है। घटना से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी हुई है।



होलीक्रॉस अस्पताल, गिरजाघर और लोयोला कॉलेज परिसर में मचाई तबाही

हाथी का उत्पात, कई जगह तोड़ीं दीवारें और लौटा जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नगर में रविवार तड़के एक नर दंतैल हाथी के अचानक प्रवेश करने से लोगों में दहशत फैल गई। लोटापानी जंगल से नवाटोली होते हुए नगर में पहुंचे हाथी ने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में उत्पात मचाया। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर लोयोला कॉलेज परिसर में जा घुसा। इस दौरान हाथी ने कुनकुरी गिरजाघर, पुराने डाकघर, लोयोला कॉलेज और आसपास के कई मकानों की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। उत्पात मचाने के बाद हाथी बरोबहार जंगल की ओर निकल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 6 बजे नगर में दंतैल हाथी के पहुंचने की जानकारी सामने आई।



हाथी लोटापानी जंगल से नवाटोली के रास्ते आबादी वाले क्षेत्र में दाखिल हुआ था। सबसे पहले उसने होलीक्रॉस अस्पताल परिसर में दस्तक दी। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते हुए लोयोला कॉलेज के अहाते में पहुंच गया। हाथी ने रास्ते में कई स्थानों पर दीवारों को नुकसान पहुंचाया। अचानक हाथी के नगर में पहुंचने से लोगों में भय का माहौल बन गया।

हाथी को न छेड़ें, दूरी बनाए रखें

वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र होता ने बताया कि वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। उन्होंने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि हाथी के पास जाने, उसे भगाने के लिए पत्थर मारने, शोर मचाने या किसी अन्य तरीके से परेशान करने का प्रयास न करें। ऐसा करने पर हाथी आक्रामक हो सकता है।

केन मेमोरियल के हॉस्टल में छात्र की करंट की चपेट में आकर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाले कक्षा आठवी के छात्र की देर रात संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई। छात्र हॉस्टल के कमरे में लगे दरवाजे को खोल रहा था, तभी दरवाजे में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया।

करंट लगने के बाद देर रात उसे हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने हॉस्टल में रखरखाव एवं व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन का कहना कि हॉस्टल में व्याप्त अव्यवस्था एवं लापरवाही से एक नाबालिग छात्र की जान चली गई। इस घटना के



बाद से माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। वही परिजन में चिंता का माहौल बन गया है। उक्त घटना ग्राम सुर स्थित केन मेमोरियल स्कूल के हॉस्टल की है जहां जशपुर जिले के ग्राम तमता निवास शिक्षक विकास के 15 वर्षीय पुत्र आशुतोष रहकर कक्षा आठवी की पढ़ाई करता था। शनिवार की रात वो जब हॉस्टल के रूम का दरवाजा खोला तो उसे झटका लगा और छात्र बेहोश हो गया। छात्र को उपचार हेतु देर रात हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। छात्र के मौत के पीछे करंट लगने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि छात्र ने जिस दरवाजे को खोला था उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।जिसकी चपेट में छात्र आ गया और उसकी मौत हो गई।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930